

सीएम रेवंत रेड्डी

शहीद पुलिसकर्मियों के परिवार को मिलेंगे 2 करोड़

आज

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष



सोनाक्षी सिन्हा

16 साल में 31 फिल्में, मात्र 6 हिट

पटना, गुरुवार, २२ अक्तूबर, २०२६ सौर ४ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण ९२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

शिक्षकों के तबादले को नवंबर के दूसरे हफ्ते में खुलेगा पोर्टल

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए नवंबर के दूसरे सप्ताह में पोर्टल खुलेगा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बुधवार को बताया कि राज्य में बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 अधिसूचित की गयी है, जिसमें प्रथम चरण में 61,123 सरप्लस टीचर, 9,244 म्यूचुअल ट्रांसफर एवं 11,423 इंटर डिस्ट्रिक्ट कुल 81,790 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें 21,940 शिक्षकों का स्थानांतरण किया जा चुका है। वर्तमान में लागू आदर्श आचार संहिता के कारण शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रोक दी गयी थी, किन्तु आदर्श आचार संहिता की समाप्ति के पश्चात शिक्षकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सामान्य स्थानांतरण पोर्टल को नवंबर के द्वितीय सप्ताह में खोला जायेगा। जिन शिक्षकों ने ऐच्छिक स्थानांतरण के लिए आवेदन किया है, उनके अनुरोध पर निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। सामान्य स्थानांतरण पोर्टल को दोबारा खोलने से इच्छुक शिक्षकों को अपनी आवश्यकता के अनुरूप स्थानांतरण का अवसर मिलेगा।श्री तिवारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि शिक्षकों की समस्याओं का

सूबे में अब तक 21,940 शिक्षकों का हुआ स्थानांतरण

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सड़क हादसे में छह की मौत

बेगूसराय (आससे)। बिहार के बेगूसराय में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। हाईवे पर तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक पिता, उनका पुत्र और एक महिला शामिल हैं। बताया जा रहा है कि तीनों लोग मेला देखकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सड़क पर दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार तीनों लोग मेला देखने के बाद



वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर सामने से आ रही कार से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार तीनों लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस के पहुंचने तक घटनास्थल पर मौजूद रहकर स्थिति संभालने की

(शेष पृष्ठ ९ पर)

महुआ में अज्ञात वाहन की ठोकर से तीन छात्रों की मौत

महुआ (आससे)। महुआ थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन किशोर छात्रों की मौत हो गई। हादसा महुआ सिंह राय गांव के पास महुआ मेडिकल कॉलेज के समीप हुआ। तीनों महानवमी का मेला देखकर पैदल घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया और चालक मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान महुआ सिंह राय गांव के पश्चिम टोला, वार्ड संख्या 16

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सीवान में नाटक के दौरान आग भड़की, 12 झुलसे

बड़हरिया (सीवान)। बड़हरिया थाना क्षेत्र के रसूलपुर में दशहरा अवसर पर रात्रि 9 बजे से गांव के बाल कलाकारों के द्वारा ड्रामा कार्यक्रम प्रस्तुति की जा रही थी, हर तरफ खुशी का माहौल था सब कुछ शांतिपूर्ण चल रहा था तभी ड्रामा के बीच एक भूतिया सीन पेश करने के लिए मंच के के तिनकों तरफ का पर्दा गिरा दिया गया, बाहर बैठे दर्शक इस सीन को देखने के लिए बेताबी से मंच की तरफ नजर गड़ाए हुए थे कि अब भूतिया सीन की प्रस्तुति की जाएगी, मंच के नजदीक तक बच्चों, युवाओं और महिलाओं की भीड़ लगी हुई थी भीतर बाल कलाकारों के द्वारा इस सीन को लेकर तैयारियां की जा रही थी, इसके लिए एक छोटी मटकी तथा इसमें आग जलाकर रखी गई थी जिसमें किसी एक के द्वारा धुआ के उद्देश्य से या अन्य किसी करण पेट्रोल डाल दिया गया और अचानक उससे उठी आग की लपटे पंडाल तक पहुंच गई, आग लग गई और इस घटना में आसपास के एक दर्जन लोग घेरे में आ गए, स्थिति इतनी भयावह बन गई की एक मासूम सहित 16 और 17 वर्ष के करीब 11 बच्चे जिसमें कलाकार भी शामिल है वह बुरी तरह झुलस गए, कार्यक्रम अचानक सीख और पुकार में तब्दील हो गया, जिन्हें अपने अपने चपेट में ले लिया उसमें कुछ कार्यक्रम के लिए बने मंच के पीछे जलते हुए स्थिति में जलाशय में छलांग लगा दी, तो कुछ बुरे हाल में चिल्लाते और सिखाते हुए धन की खेतों में जाकर लौटने लगे, खैर किसी तरह कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कुछ लोगों

मची अफरा-तफरी चार की स्थिति नाजुक

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

पटना (आशिप्र)। राज्य में पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 31 अक्तूबर तक बढ़ा दी गयी है।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com

निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

एम्स पटना में आयुष्मान योजना से पहला किडनी ट्रांसप्लांट सफल



फुलवारी शरीफ (आससे)। एम्स पटना में आयुष्मान भारत योजना के तहत पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक

पत्नी ने दी पति को किडनी तीन लाख की लागत में हुआ प्रत्यारोपण

(शेष पृष्ठ ९ पर)

भागलपुर के डीईओ एवं डीपीओ संस्पेंड

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। शिक्षा विभाग ने भागलपुर में फर्जी शिक्षकों के नाम पर 98.12 लाख रुपये के वेतन भुगतान के मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी चंदन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शशि चंदन चौधरी को गिरफ्तारी के बाद निलंबित किया गया है। जिलाधिकारी की नौ अक्टूबर को सौंपी गई जांच रिपोर्ट में एचआरएमएस पोर्टल के जरिये 98,12,773 रुपये के भुगतान का उल्लेख है। मामले में आठ अक्टूबर को जोगसर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। डीपीओ को नौ अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। विभाग ने दोनों अधिकारियों के निलंबन का आदेश 21 अक्टूबर को जारी किया। निलंबन

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार कैबिनेट की बैठक कल कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

पटना (आससे)। बिहार की राजनीति और प्रशासनिक गतिविधियों के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम 5 बजे मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने की संभावना है। इस बैठक को राज्य के विकास, युवाओं के रोजगार, ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार, शहरी विकास और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अहम माना जा रहा है। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। हालांकि, किन प्रस्तावों को अंतिम

(शेष पृष्ठ ९ पर)

नवंबर में पीएम मोदी का संभावित बिहार दौरा

भागलपुर (आससे)। बिहार में नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संभावित दौरा चर्चा में है। इस दौरान उनके भागलपुर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। प्रस्तावित कार्यक्रम में पीरपैंती थर्मल पावर स्टेशन, विक्रमशिला के पास नए केंद्रीय विश्वविद्यालय और सुल्तानगंज में अजगैवीनाथ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास शामिल हो सकता है। हालांकि, प्रधानमंत्री के दौरे की तारीख और कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। संभावित दौरे को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज शाम समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें तैयारियों और कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

तीन बड़ी परियोजनाओं के शिलान्यास की तैयारी

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार में जेन-जी पोस्ट ऑफिस

पटना (आससे)। बिहार में डाक विभाग अब अपनी पारंपरिक पहचान से आगे बढ़कर युवा पीढ़ी यानी जेन-जी की जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार कर रहा है. पोस्ट ऑफिस को सिर्फ चिट्ठी, पार्सल और बचत खाते से जुड़ी सेवाओं तक सीमित रखने के बजाय युवाओं के लिए आकर्षक, आधुनिक और डिजिटल सुविधाओं से लैस केंद्र बनाने की पहल की जा रही है. इसी कड़ी में बिहार पोस्टल सर्कल ने जेन-जी यानी नई पीढ़ी को डाक सेवाओं से जोड़ने के लिए

(शेष पृष्ठ ९ पर)

An Investor Awareness Initiative by

SEBI

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

टिप्स पे नहीं फैक्ट्स पे
भरोसा करेंगे हम.
पहले समझेंगे
फिर इन्वेस्ट करेंगे हम.

समझ से investing simple



CBC 15204/13/0123/2627

म्यूचुअल फंड्स | स्टॉक्स | रीट्स | इन्विट्स | बॉण्ड्स | कमोडिटीज़

विज़िट करें: investor.sebi.gov.in/ssis

सेबी Saaरthi ऐप डाउनलोड करें

सहयोगी: AMFI | NSE IPFT | BSE Investors Protection Fund | MCX METAL & ENERGY Trade with Trust MCX INVESTOR PROTECTION FUND | CDSL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NSDL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NISM National Institute of Securities Markets A Capacity Building Initiative of SEBI

मुख्यमंत्री ने श्रीराम की आरती उतारी

(निज प्रतिनिधि)

पटना। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा विधायक संजय सरावगी विजयादशमी के पावन अवसर पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में श्री दशहरा कमेटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित भव्य रावण दहन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त), नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ सहभागिता की तथा प्रभु श्रीराम की आरती कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की.भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विजयादशमी के महापर्व पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और नैतिक मूल्यों के प्रति हमारी आस्था को और मजबूत करता



है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा, करुणा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि विजयादशमी केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि अपने जीवन में प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाने और समाज में सद्भाव, एकता एवं नैतिकता को मजबूत करने का संकल्प लेने का पर्व भी है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।संजय सरावगी ने कहा कि भारतीय पर्व-त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने के साथ ही समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। विजयादशमी का संदेश हमें जीवन की प्रत्येक चुनौती का सामना सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलते हुए करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री रामकृपाल यादव, दशहरा कमेटी के अध्यक्ष अरुण कुमार सहित कमेटी के सदस्यगण और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गांधी मैदान में आयोजित इस भव्य समारोह में लोगों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया तथा विजयादशमी के पर्व को हर्षोल्लास से मनाया।

मैथिली ठाकुर युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हुईं शामिल

पटना (निप्र)। अलीनगर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक और प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर को पार्टी संगठन



में एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। राजनीति में कदम रखने के बाद मैथिली ठाकुर को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा जाना उनके बढ़ते कद को दर्शाता है। इस नई जिम्मेदारी के जरिए पार्टी ने युवा वर्ग और खासकर महिला कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ का लाभ उठाने की योजना बनाई है।इस नई जिम्मेदारी की खबर सामने आते ही उनके निर्वाचन क्षेत्र अलीनगर और पूरे बिहार में समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर और खुशी जताकर केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

वज्रगृह का आयुक्त ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

पटना (आससे)। पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने बुधवार को बांकीपुर गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर स्कूल स्थित वज्रगृह सह मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी और मतदान कर्मियों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने केंद्र पर 22 अक्टूबर से मजिस्ट्रेट, पर्याप्त पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती करने को कहा। परिसर एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और साफ सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। इसके लिए पटना नगर निगम को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। इसी केंद्र से 22 अक्टूबर को पटना जिले के मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। इसे देखते हुए आयुक्त ने बिजली, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधा और हेल्प डेस्क की व्यवस्था समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैध पहचान पत्र के बिना किसी भी व्यक्ति को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। निर्वाचन संबंधी सूचना और शिकायतों के लिए प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय सहित पटना, नालंदा और नवादा में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।

22 अक्टूबर को मतदान दलों की होगी रवानगी, 23 अक्टूबर को मतदान

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचकों को विशेष आकस्मिक अवकाश देने से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर मतदान दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश देय है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014020 (Election) 2026-27

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संजय झा पर सवाल खड़ा करने वाले पार्टी के दुश्मन : शम्भूनाथ

पटना (आससे)। प्रदेश जनता दल (यू) प्रवक्ता शम्भूनाथ सिन्हा ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा पर टिप्पणी करने वाले निष्काषित नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये सब ठेकेदारी, रंगदारी और अपने निजी स्वार्थ के लिए ही पार्टी में शामिल थे। प्रदेश अध्यक्ष ने समय रहते इनकी पहचान कर ली और इन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। उनहोंने कहा कि पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार ने जब से संजय झा को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया हे, उन्होंने संपूर्ण निष्ठा एवं सामर्थ्य से न सिर्फ बिहार बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पार्टी को सशक्त बनाने का काम किया है। जो लोग निशांत कुमार पर भी व्यंग्य कर रहे हैं वे पार्टी के शुभचिंतक कैसे हो सकते हैं। अत: ऐसे लोगों पर उन्होंने कहा कि २३ सितम्बर को होनेवाले चुनाव में विधान परिषद की आठों सीटों पर एनडीए प्रत्याशी भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे।

राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने डा. श्रीकृष्ण सिंह को किया नमन

पटना (आससे)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केसरी स्व. डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन मुख्य सचिवालय के प्रांगण में स्थित डॉ. श्रीकृष्ण सिंह जी की प्रतिमा स्थल के निकट की गई। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने स्व. डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री श्री श्रवण कुमार, सहकारिता मंत्री श्री रामकृपाल यादव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अशोक चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री संजय सरावगी, विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्री रत्नेश कुमार, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बिहार केसरी स्व0 डॉ0 श्रीकृष्ण सिंह जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन किया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, शिवहर
E-mail id- ee.sheohar.bcd1@gmail.com
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05/2026–27

प्रथम शुद्धि–पत्र 2026–27

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1000(अनु०) दिनांक– 10.10.2026 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2026–27 जिसका पी० आर० सं० 013559(BCD)2026–27 है, जो दैनिक समाचार पत्र –हिन्दुस्तान में दिनांक–16.10.2026 को प्रकाशित हुआ है। जिसमें सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक प्र०–06/द०वि० नियम–03–08/06 (अंश)–7461(S) /पटना, दिनांक–13.10.2026 एवं अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–भवन/12–अभि०प्र० (यो०)–02–विविध–11/2026 9803(भ) पटना, दिनांक–15.10.2026 के आलोक में **परिमाण विपत्र से 10 % (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाली निविदाएँ अमान्य मानी जाएगी।** पूर्व में उल्लेखित निविदा के कंडिका–24 में संशोधित किया जाता है, जिसे निम्नरूपेण पढ़ा/समझा जाय है:–

1. परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
2. परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, शिवहर

PR. No. 014074 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

यशोदा देवी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए मुख्यमंत्री

(आज समाचार सेवा)

पटना। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी आज भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रभारी श्री हरीश द्विवेदी की पूज्य माताजी स्व. यशोदा देवी जी के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद



बस्ती के तेलियाजोत ग्राम स्थित श्री हरीश द्विवेदी के आवास पहुँचकर मुख्यमंत्री ने उनकी पूज्य माताजी स्व. यशोदा देवी जी के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर बिहार भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री भीखू भाई दलसानिया एवं बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी मौजूद थे।

बिहार सरकार

उप महाप्रबंधक (तकनीकी) का कार्यालय
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)
बिहार स्टेट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
"सभागार" भवन BSRDCL, केन्द्रीय यांत्रिक कर्मशाला परिसर,
हवाई अड्डा के निकट, शेखपुरा, पटना–800014
E-mail ID:-dgmpiusamastipur2@gmail.com

पत्रांक:–BSRDCL/PIU-Samastipur/2026-539

सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जन–निजी–भागीदारी अन्तर्गत रा० उ० प० सं०–31 में बख्तियारपुर से रा० उ० प० सं०–28 में ताजपुर को जोड़नेवाली गंगा नदी पर निर्माणाधीन 4–लेन पुल एवं पहुंच पथ परियोजना हेतु बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के तहत समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल–पटोरी के (i) राजस्व थाना नं०–380, राजस्व ग्राम–जोड़पुरा में रकवा–6.0205 एकड़ (ii) राजस्व थाना नं०–354, राजस्व ग्राम–चकभेली नारायण में रकवा 0.19 एकड़ एवं अंचल–मोरवा के (i) राजस्व थाना नं०–117, राजस्व ग्राम–निकसपुर चादर नं०–1 में रकवा 0.09 एकड़, (ii) राजस्व थाना नं०–117, राजस्व ग्राम–निकसपुर चादर नं०–2 में रकवा 0.02 एकड़ (iii) राजस्व थाना नं०–340, राजस्व ग्राम–पचभिण्डा में रकवा 0.05 एकड़ (iv) राजस्व थाना नं०–369, राजस्व ग्राम–इन्द्रवारा में रकवा 0.035 एकड़ (v) राजस्व थाना नं०–351, राजस्व ग्राम–लोदीपुर नारायण में रकवा 0.075 एकड़ की रैयती भूमि चिन्हित की गई है जिसकी विवरणी निम्नवत है:–

क्र० सं०	मौजा का नाम/थाना नं०	अंचल	खाता सं०	खेसरा सं०	खतियानी रकवा (एकड़ में)	निर्माण हेतु कुल रकवा (एकड़ में)	किस्म	रैयत का नाम
1	जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०–380	पटोरी	236	1514	0.90	0.741	परती कदीम	अलकेश चौधरी पे0 स्व0 सहदेव चौधरी, नि० निज ग्राम।
2			232	1513	1.84	1.0975	परती कदीम	अरविन्द चौधरी पे0 स्व0 हरिलाल चौधरी, नि० निज ग्राम।
3			198	1874		0.372	धनहर	कुशेश्वर राय पे0 स्व0 फेकु राय, नि० निज ग्राम।
4			206	1869		0.20	मकान	कुशेश्वर राय पे0 स्व0 फेकु राय, नि० निज ग्राम।
5			362	1856	4.50	1.80	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
6	जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०–380	पटोरी	173	1856 / 2219	3.780	1.415	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
7			173	1858	1.78	0.395	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
8	चकभेली नारायण, राजस्व थाना नं०–354		36	622	0.40	0.19	धनहर	सिताबलाल राय पे0 स्व0 देवन राय, नि० निज ग्राम।
9	निकसपुर चादर नं0–1, राजस्व थाना नं0–117	मोरवा		1132	0.02	0.02	भीठ	राम सुरेश शर्मा वो राम शोभित शर्मा पिता आनन्दी ठाकुर, नि० निज ग्राम।
10			142	2266		0.07	भीठ	नन्द कुमार ठाकुर पे० महेन्द्र ठाकुर, नि० निज ग्राम।
11	निकसपुर चादर नं0–2, राजस्व थाना नं0–117		347	2670		0.02	भीठ	माल्हो देवी पति स्व0 देवेन्द्र राय, नि० निज ग्राम।
12	पचभिण्डा, राजस्व थाना नं0–340			1206		0.05		उर्मिला देवी पति स्व0 बासुदेव सिंह, नि० निज ग्राम।
13	इन्द्रवारा, राजस्व थाना नं0–369			1951		0.035		मखन राय पिता स्व0 रघुनी राय, नि० निज ग्राम।
14	लेदीपुर नारायण, राजस्व थाना नं0–351			356		0.075		असर्फी राय वो जेबरी देवी, नि० निज ग्राम।

उपरोक्त विवरणी के कॉलम में अंकित रैयतों से अनुरोध है कि इस सूचना के प्रकाशन होने के तिथि से सात दिनों के अन्दर बिहार रैयती भूमि लीज नीति–2014 के प्रावधानान्तर्गत सतत लीज पर भूमि प्रदान करने एवं मुआवजा प्राप्त करने की सहमति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित किया जाय। यह सूचना हितबद्ध व्यक्ति के लिए जारी की जाती है जिनका इससे संबंध हो। अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से साक्ष्यों के साथ उप महाप्रबंधक (तक०), बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर(एट बख्तियारपुर) के कार्यालय में समर्पित करें।

उप महाप्रबंधक (तक०)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)

PR. No. 014056 (B&C) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।**

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **संजय पुत्रः स्व. सोनेलाल साहनी पताः वार्ड 5 हरलोचनपुर थानाः सरायरंजन, समस्तीपुर, बिहार इसके अलावाः पी ब्लॉक 258, तीसरा रघुवीर नगर दिल्ली FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित गुलिया
एएसजे–01 (पश्चिम) पीओसीएसओ
(एफटीएससी) कमरा नंबर 21
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14960/WD/2026
(Court Matter)

Format C-1
(For Candidate to Publish in Newspaper, TV)

Declaration About Criminal Cases

(As per the Judgment dated 25th September ,2018, of hon' ble Supreme court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors, Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of Candidate : Md. Imamul Haque, S/o Md. Asrarul Haque, R/o Bhaluka, P.O.-Lalbagh, P.S.-Mabbi, Darbhanga.
Name of Political party : Independent
Name of Election : Graduate Constituency Darbhanga-5
* Name of Constituency : Darbhanga-5

I **"Md. Imamul Haque"** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. & Date	Status of Case(s)	Section (s) of Acts concerned and brief description offence(S)
1.	MS. Archita Sinha JM 1st Class Darbhanga	LNMU PS Case No. 258/16 Dated : 03.10.2016	Pending	323, 504 IPC

आठ सीटों पर एनडीए का क्लीन स्वीप तय : जदयू

पटना (आससे)। जद (यू) के प्रदेश प्रवक्ता डा. अनुप्रिया यादव पूजा पैट्रिक और चंदन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की सभी आठ सीटों पर एनडीए पूरी मजबूती और आत्मविश्वास के साथ चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए इन सभी आठ सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर चुनाव मैदान में उतरा है।



लेकिन, दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग चुनावी मुद्दों पर साथक चर्चा करने के बजाय अमर्यादित बयानबाजी के जरिये अपनी राजनीतिक कुंठा निकालने में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जद (यू) उम्मीदवार नीरज कुमार के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता और मानवीय मर्यादा का परिचय देने के बजाय व्यक्तिगत टिप्पणियां करना किस तरह की राजनीति है।उन्होंने कहा कि राजनीति में विचारों का विरोध होना चाहिए ना कि व्यक्तिगत। पार्टी श्री नीरज कुमार के जल्द पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना करती है।

बिहार विधान परिषद की स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की सभी आठ सीटों पर एनडीए जीत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। जो लोग बयानबाजी को ही राजनीति समझते हैं, उन्हें चुनाव परिणाम बतायेगा कि लोकतंत्र में शोर से ज्यादा महत्व जनसमर्थन का होता है।

Format C-1
(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : दिलीप कुमार
मोहल्ला - मोगलकुआँ, वॉलीपर, थाना + पोस्ट - सोहसराय,
जिला - नालन्दा, 803118
Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of the Election : बिहार विधान परिषद्
***Name of Constituency :** पटना स्नातक

I **Dileep Kumar** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा	GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	आरोप विचरित	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन,

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)



* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से रामदेव राय को विजयी बनायें


पटना (आससे)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) विधान परिषद् के वर्तमान चुनाव में शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से अपील करती है कि देश के जनतंत्र एवं संविधान विरोधी तथा तानाशाही थोपने वाली एन.डी.ए. गठबंधन के उम्मीदवारों को हराएँ तथा जनतंत्र, संविधान एवं संसदीय लोकतंत्र की हिफाजत करने वाली वाम एवं धर्मनिरपेक्ष उम्मीदवारों को विधान परिषद भेजें। पार्टी, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तमाम शिक्षक मतदाताओं से अपील करती है कि अपना प्रथम वरीयता का मत श्री रामदेव राय को देकर बिहार के शिक्षकों के सम्मान, अधिकार की रक्षा तथा जनतांत्रिक आंदोलनों को मजबूत करें। मतदाता भाइयों, आपको ज्ञात होगा कि एन.डी.ए. के कार्यकाल में देश का संविधान, जनतंत्र, संस्कृति, परम्परा एवं भाईचारा सभी कुछ दांव पर लगा है। देश की सभी संवैधानिक संस्थाएं यहाँ तक की चुनाव आयोग की विश्वसनीयता भी कलंकित हो चुकी है। इनके पास एक ही काम है। जनता का दमन, मतदाताओं को धमकी, भ्रष्टाचार एवं प्रशासन का दुरूपयोग कर हर हाल में चुनाव जीतना।

फाईब्रोस्कैन
50% की छूट
सीमित अवधि के लिए
लिवर की जाँच का आधुनिक और बेहतर तरीका
बिना दर्द | तेज | सुरक्षित | सटीक परिणाम
यह एडवांस अल्ट्रासाउंड तकनीक लिवर में फाइब्रोसिस (Fibrosis) और फैट की मात्रा का सटीक आकलन करती है।



डॉ सौरभ जायसवाल
DM Hepatology
CMC Vellore
फाइब्रोस्कैन के फायदे
☑ बिना चीर-फाड़ और बिना दर्द
☑ तेज और आसान (5-10 मिनट में जाँच पूरी)
☑ सुरक्षित (कोई जोखिम या साईड इफैक्ट नही)
☑ सटीक और विश्वसनीय दुनिया भर में स्वीकृत तकनीक
☑ तुरंत परिणाम (तुरंत रिपोर्ट जल्दी उपचार निर्णय में मदद)
लिवर को जानें, समय पर रोकें
सामान्य लिवर

सिरोसिस

DYNAMIC Super Speciality Liver And Gastro Centre
पटेल पथ, मजार गली, इन फ्रंट ऑफ पिलर नं. 76, राजा बाजार, पटना
अभी कॉल करें। 6206071186

Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल

मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन
• शंका या भ्रम
• मिर्गी आना
• बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा
• बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना
• अकारण घबराहट, बेचैनी
• डिप्रेशन / एंजायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना
• मंद बुद्धि
• याद नही करना/ याददाश्त में कमी

नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक
सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबंधित समस्या
सेक्स संबंधित समस्या

डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पता: HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एनक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।

PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre

डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता – NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar
Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड,
P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

समर्पित सेवा के 31 वर्ष
तिरंगा
अगरबत्ती
देश की खुशबू
आकर्षक हैंडल बैग मे..
की
गेरुआ
प्रीमियम धूप


वितरक रहित क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए
सम्पर्क करें 6389 004433
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO.

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देर रात हुई खोइछा की अदला-बदली

पटना सिटी (आससे)। पुरानी सिटी कोर्ट के समीप में श्री श्री बड़ी देवी जी मिलन समारोह समिति के सचिव दिव्य राज विनायक अध्यक्षता में ऋषुराज सिन्हा, विशाल,अंकित राज, बीरू कुमार, सर्वेस दीपक बाबा समेत की ओर से आयोजित कार्यक्रम में श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज व छोटी बहन महाराजगंज का मिलन व खोइछा की अदला बदली का अनुष्ठान देर रात हुई. जय माता दी की जयघोष व वैदिक मंत्रोच्चर की गूंज से बने भक्तिमय माहौल में मिलन स्थल पर छोटी बहन महाराजगंज बड़ी देवी जी बड़ी बहन श्री श्री मारूफगंज की प्रतीक्षा कर रही थी.मारूफगंज की प्रतिमा आने के बाद बड़ी देवी जी पूजा समिति मारूफगंज के पुजारी और महाराजगंज के पुजारी रमाकांत मिश्र व सिद्धि मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चर के बीच भगवती की फूल माला व खोइंछा की अदला बदली की. आयोजन में बड़ी देवी जी मारूफगंज के उपाध्यक्ष संत लाल गोलवारा, सचिव डॉ राजेश कुमार, बड़ी देवी जी महाराजगंज के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रमोद गुप्ता, पूर्व पार्षद विनोद गुप्ता समेत अन्य शामिल थे. इसी श्री श्री बड़ी देवी जी मिलन समारोह समिति की ओर से पुरोहित ने भगवती की आरती उतारी.

विसर्जन के लिए निकली शोभायात्र के आगे श्रद्धालु सड़क को पानी से साफ करते व पुष्पा की बरसा करते हुए चल रहे थे।



खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल


सुविचार
जब आप हर दिन कुछ नया सीखते हैं, तो हर दिन एक सफलता बन जाता है।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

चैतन्य झांकियों ने मन मोहा

(आज समाचार सेवा)

पटना सिटी। बड़ी पटन देवी, पंचवटी कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से मंगल तालाब,मनोज कमलिया स्टेडियम के पास तीन दिवसीय सप्तमी से नवमी तक चैतन्य झांकियों का आयोजन किया गया।

झाँकी का उद्घाटन पटना के महापौर सीता साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी रानी दीदी ने की। झाँकी में दुर्गा, काली, सरस्वती, लक्ष्मी, ज्ञान गंगा, भारत माता व महिषासुर की मनमोहक झाँकियाँ प्रस्तुत की गईं। झाँकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

इस मौके पर मनीष भाई, कमल भाई, डॉ. एन. सी. माथुर, चंचल जी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं पार्श्व गायकों ने एक से बढ़कर एक देवी गीत की प्रस्तुति कर लोगों का मन जीत लिया।

देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

पटना सिटी (आससे)। प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच देवी प्रतिमाओं का विसर्जन लगातार बुधवार को भी देर रात के चलता रहा, वहीं मंगलवार से ही देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला भद्र घाट व गायघाट पर आरंभ



हो गया इस मौके पर. भद्र घाट पर नवयुवक विकास सेवा समिति की ओर से पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा व मिथिलेश शर्मा के नेतृत्व में पूजा आयोजकों का स्वागत किया गया। प्रशासनिक सुरक्षा के बीच भद्र घाट, गायघाट व लॉ कॉलेज घाट पर देर रात तक प्रतिमा का विसर्जन चलता रहा। प्रतिमा विसर्जन के लिए अनुमंडल प्रशासन ने विसर्जन स्थल भद्र घाट व गायघाट पर अस्थायी थाना खोला था. जहां पर तैनात दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ नगर पुलिस अधीक्षक शैलजा,एसडीओ कशिश बक्शी,एएसपी राजकिशोर सिंह ,डीएसपी शिव शंकर कुमार, डीसीएलआर अभिलाषा कुमारी,कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार, वरीय उप समाहर्ता के साथ प्रशासन व पुलिस के आलाधिकारी, सैनिक बल के जवान देर रात तक डटे थे.

सम्राट चौधरी ने कन्याओं के पांव पखारकर लिया आशीर्वाद

पटना (निप्र). महानवमी के पावन अवसर पर सोमवार को राजधानी समेत प्रदेशभर में मां दुर्गा की आराधना को लेकर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। मंदिरों से लेकर पूजा पंडालों तक सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मां भगवती के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। महिलाएं मां के दरबार में खोइंछा भरकर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्यता की कामना कर रही हैं। शंख ध्वनि, मंत्रोच्चार और जय माता दी के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा हैमहानवमी के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने लोकसेवक आवास में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने शक्ति स्वरूपा कन्याओं के पांव पखारे, उन्हें चुनरी ओढ़ाई और विधिवत कन्या पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने मां भगवती से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, आरोग्यता और शांति की कामना की।



Expert Care for a Healthier Tomorrow
Healwell Hospital
Nurturing Kidneys, Enhancing Lives!
A Unit of Shree Ram Chandra Urology Centre

Kidney Care
Advanced Technology
Urological Treatments
Compassionate Care
Healthy Kidneys
Brighter Tomorrows
Expert Urological Care for a Better, Healthier Life.
Dr. Vijay Shankar Prasad Singh (Urologist & Kidney Expert)
MBBS, MS (Gold Medalist), DNB (General Surgery)
FMAS, DrNB (Urology)
Kidney Stone Treatment | Prostate Care
Urinary Tract Infections (UTI) | Andrology & Male Health
Laparoscopic Urology
Address : P. K. Complex, Beside Central Bank, Rukanpura, Patna-14
Contact : 7481912333, 9204089636

धुनुची नृत्य और सिन्दूर खेला का आकर्षण



पटना (आससे)। बंगीय समाज के दुर्गोत्सव में सुरोद्यान पूजा अनुष्ठान समिति, बंगाली अखाड़ा, रामकृष्ण मिशन आश्रम नालारोड, पटना कालिबाड़ी सार्वजनीन दुर्गापूजा समिति मीठापुर, आर.ब्लाक, छज्जूबाग सहित सभी बंगीय पद्धति अनुसार आयोजित दुर्गापूजा में १९ अक्तूबर को महाष्टमी पूजा सहित पुष्पांजलि में शामिल हुए सम्पूर्ण बंगीय समाज के लोग। कुमारी पूजन और पूजनोपरान्त भोग प्रसाद वितरण का आकर्षण दिया बंगीय दुर्गापूजा के महाष्टमी को। मंगलवार २० अक्तूबर को महानवमी पूजा में धुनुची नृत्य का आकर्षण दिखा जिसमें विशेषत: महिला श्रद्धालुओं ने हाथों में धूपदान लेकर मां दुर्गा को धुनुची नृत्य से धूप अर्पण किया। आज २१ अक्तूबर को मां दुर्गा की विदाई दशमी पूजा के उपरांत किया गया। बंगीय समाज की महिलाओं ने इस अवसर पर मां दुर्गा की विदाई बेटी की तरह किया। मां दुर्गा को सिन्दूर अर्पण कर परस्पर सिन्दूर लगाकर एक-दूसरे को सौभाग्य सुख की शुभकामना साझा की। सायंकाल शांति जल का विधान किया गया, जिसमें कलश के जल का छिड़काव पुरोहितों द्वारा किया गया।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई–निविदा सूचना सं. SPJW-26-TRAVERSER-35T-B.
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पू.म. रेल, समस्तीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी और वित्तीय रूप से सक्षम निविदाकारों से भारतीय रेलवे के IREPS वेब पोर्टल पर ई–निविदा माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित किए जाते है:–
1. कार्य का नाम : यांत्रिक कारखाना समस्तीपुर में सरफेस ट्रैवर्सर (क्षमता – 35 टन) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग तथा मौजूदा पिट टाइप ट्रैवर्सर साइट को सरफेस टाइप ट्रैवर्सर में परिवर्तित करने के लिए सिविल कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत : ₹1,57,24,141.35, 3. बयाना की राशि : ₹3,14,500.00, 4. निविदा बंद होने की तारीख और समय: 17.11.2026 15:00 Hrs. 5. ई–निविदा के लिए वेबसाईट का विवरण, जहाँ पूर्ण विवरण देखा जा सकता है, इत्यादि: www.ireps.gov.in
मुख्य कारखाना प्रबन्धक/
पूमरे/समस्तीपुर
पीआर/1165/एसपीजे/यां./टी/26–27/32

पूर्व मध्य रेल

ई–ऑक्शन सूचना

ई–ऑक्शन सूचना सं. :– कॉम/विज्ञापन/डीएनआर/26 भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:–
1. कार्य का नाम: गाड़ी सं. 13237/38 एवं 13239/40 (पटना–कोटा एक्सप्रेस) एवं दानापुर मंडल के मेमू ट्रेनों के 13 रेक (अर्थात् 156 कोच) के सभी डिब्बों के बाहरी हिस्से पर पूर्ण विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन। **2. अनुबंध की अवधि :** 05 वर्ष, **3. कैटलॉग संख्या :** कॉम–एडीविटी–मोबाइल, **4. लॉट संख्या :** (i) एडीविटी–इएफएफ–330374–2–26–2 (ii) एडीविटी–इएफएफ–154437–1–26–3, **5. ई–नीलामी की तिथि व समय:** (i) दिनांक : 02.11.2026 को 12:00 बजे से 12:30 बजे तक लॉट संख्या (एडीविटी–इएफएफ– 330374–2–26–2) के लिए ई–नीलामी होगी (ii) दिनांक : 02.11.2026 को 12:10 बजे से 12:40 बजे तक लॉट संख्या (एडीविटी–इएफएफ–154437–1–26–3) के लिए ई–नीलामी होगी (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट होगा।), **6. वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**
मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/दानापुर
पीआर/1158/डीएनआर/वा०/ईएएन/26–27/36

घाटों पर रहे सिविल डिफेंस के वार्डेन

पटना सिटी (आससे)। दुर्गापूजा के विजयादशमी के दिन विभिन्न गंगा घाटों पर सिविल डिफेंस के वार्डेन तैनात रहे साथ ही भीड प्रबंधन व विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन का सहयोग किया। अनुमंडल प्रशासन के साथ भ्रदघाट,गायघाट, लॉ कालेज घाट, कंगनघाट और किला घाटों पर वार्डेन तैनात रहे।

JOINTVEDA®
AYURVEDIC PAIN RELIEF OIL
POWER OF 18 HERBS
FOR JOINT & MUSCULAR PAINS


POWER OF 18 HERBS
AYURVEDIC PAIN RELIEF OIL
FOR JOINT & MUSCULAR PAINS
100 ml
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

कंधे पर विदा हुईं फलवारी की बड़ी देवी जी, 51 कन्याओं ने आरती उतारी

फुलवारी शरीफ। फुलवारी शरीफ के पेठिया बाजार स्थित बड़ी देवी जी दुर्गा स्थान की प्रतिमा का बुधवार को भक्तिमय माहौल में विसर्जन किया गया. विसर्जन से पहले 51 कन्याओं ने मां दुर्गा की आरती उतारी. इसके बाद सदर बाजार की महिलाओं ने मां की प्रतिमा को कंधा देकर नगर भ्रमण कराया. ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल हुए. इस अनूठी परंपरा को देखने के लिए शहरी और ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. बड़ी देवी जी की प्रतिमा को कंधे पर विदा करने की परंपरा करीब एक सदी पुरानी है. विसर्जन के दिन सदर बाजार की महिलाएं दुर्गा स्थान के समीप एकत्रित होती हैं और पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा को कंधा देकर नगर भ्रमण कराती हैं. महिलाओं की यह भागीदारी इस आयोजन को खास बनाती है. श्रद्धालुओं के लिए यह सिर्फ पूजा के समापन की रस्म नहीं, बल्कि आस्था और पीढ़ियों से चली आ रही लोक परंपरा से जुड़ने का अवसर है. सदर बाजार निवासी पम्मी कुमारी और अंजली कुमारी ने बताया कि बड़ी देवी जी के विसर्जन में महिलाओं की भागीदारी वर्षों पुरानी परंपरा है. महिलाएं मिलकर मां की आरती उतारती हैं और फिर प्रतिमा को कंधा देकर नगर भ्रमण कराती हैं. समय के साथ पूजा का स्वरूप बदला, लेकिन मां की कंधे पर विदाई की परंपरा आज भी कायम है.



मां दुर्गा की विदाई के समय महिलाओं ने खेली सिंदूर की होली

खगौल। विजयादशमी के मौके पर नगर स्थित आनंदपुरी में समाजसेवी डॉ.संगीता सिन्हा के नेतृत्व में मां दुर्गा की विदाई के समय महिलाओं द्वारा पारंपरिक रस्म निभाते हुए सिंदूर से होली खेली। इस मौके पर सुहागिन महिलाएं पहले मां को सिंदूर और मिठाई अर्पित की फिर एक-दूसरे के मांग और चेहरे पर सिंदूर लगाकर सुखद भविष्य और अखंड सौभाग्य की कामना की। इस मौके पर डॉ.संगीता सिन्हा ने कहा कि यह परंपरा मां दुर्गा को उनके मायके (धरती) से कैलाश पर्वत पर पति शिव के पास लौटने की विदाई देने का प्रतीक है। इस समय सुहागिन महिलाएं मां को सिंदूर चढ़ाने के बाद इसे प्रसाद के रूप में अपने माथे पर लगाती हैं और पतियों व परिवार की लंबी उम्र की प्रार्थना करती हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **प्रभात कुमार पुत्रः अवध कुमार सिंह पताः** ग्राम मुल्लाहेड़ा, सेक्टर 22, गुरुग्राम, हरियाणा एवं वार्ड नंबर 14, राजखंड, पीएस ओरल, मुजफ्फरपुर, बिहार **FIR No: 258/2025, U/S: 125(a)/281/106(1) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः कापसहेड़ा, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रभात कुमार,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रभात कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **प्रभात कुमार, FIR No: 258/2025, U/S: 125(a)/281/106(1) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः कापसहेड़ा, नई दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रोहित कुमार
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–10
दक्षिण–पश्चिम जिला, कोर्ट नं. 316
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14161/SW/2026
(Court Matter)

न्यायालय, समाहर्त्ता एवं जिला दंडाधिकारी, सुपौल

फोन नं0–06473–223112 (कार्या0) 06473–224210 (फैक्स)
E-mail : legalsectionsupaul@gmail.com,
E-mail : dm-supaul.bih@nic.in

नामान्तरण पुनरीक्षण/जमाबंदी रद्दीकरण वाद संबंधी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) पुनरीक्षणकर्त्ता निर्मली देवी, पति–योगेन्द्र पासवान, साकिन–चकला निर्मली, वार्ड नं0–06, पो0+थाना+जिला–सुपौल के द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सुपौल के नामान्तरण अपील वाद सं0–167/2025–26 में दिनांक 03.07.2026 को पारित आदेश के विरूद्ध नामान्तरण पुनरीक्षण वाद सं0–29/2026–27 दायर किया गया है।

(2) अपीलार्थी सुधीर प्रसाद, पे0–स्व0 नागेश्वर प्रसाद, साकिन+पो0–कोरियापट्टी, (प0) थाना–जदिया, जिला–सुपौल के द्वारा अपर समाहर्त्ता, सुपौल के जमाबंदी रद्द वाद सं0–58/2024–25, में दिनांक 23.06.2026 को पारित आदेश के विरूद्ध जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद सं0–08/2026–27 दायर किया गया है।

अतएव कॉलम 05 में अंकित विपक्षी वाद से संबंधित दावा/साक्ष्य के संबंध में यदि कोई सूचना देना चाहते है हो या दावा करना चाहते हो तो उक्त निर्धारित तिथि को समाहर्त्ता न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है।

नामान्तरण पुनरीक्षण/जमाबंदी रद्दीकरण वाद से संबंधित भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–

Sl.	Case No.	Case Type	Petitioner VS Respondent	Address of Respondent	Land Detail	Next Date of Hearing
1	2	3	4	5	6	7
1	**29/2026-27**	नामान्तरण पुनरीक्षण वाद	निर्मली देवी, बनाम राजेन्द्र सुतिहार एवं राज्य	राजेन्द्र सुतिहार, पिता–स्व0 देव नारायण सुतिहार, साकिन–किशनपुर दक्षिण टोला–फुलकाहा, वार्ड नं0–11, थाना–किशनपुर, जिला–सुपौल	अंचल–सुपौल, मौजा–सुपौल चकला निर्मली, सुपौल नगरपालिका, वार्ड नं0–12(पु0), नगर परिषद्, वार्ड नं0–27 (नया), थाना नं0–217, खाता 99 (नया), खेसरा 1723, रकवा 0–6.550 डी0	**26-10-2026**
2	**08/2026-27**	जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद	सुधीर प्रसाद बनाम मल्लो मंडल	मल्लो मंडल, पिता–मिश्री मंडल, सा0+पो0–कोरियापट्टी, (प0), वार्ड नं0–13, थाना–जदिया, जिला–सुपौल	मौजा–कोरियापट्टी, थाना–जदिया, जिला–सुपौल, खाता–777, खेसरा 4407 रकवा 0–18डी0, 0–09डी0, जमाबंदी नं0–4914/1419, 1127	**26-10-2026**

यदि निर्धारित तिथि को वर्णित वाद में कोई दावेदार या कोई सूचक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष नहीं रखते है/कोई दावा नहीं करते है एवं उक्त वाद के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो सक्षम प्राधिकार द्वारा उपर्युक्त वाद के संबंध में एकपक्षीय आदेश पारित किया जा सकता है।

यदि उपर्यक्त वर्णित भूमि से संबंधित किसी न्यायालय में **अपील/नामान्तरण** दायर किया गया हो या विचाराधीन हो तो इस संबंध में संबंधित पक्ष किसी भी कार्य दिवस को समाहर्त्ता न्यायालय में उपस्थित होकर सूचना दे सकते हैं।

आज दिनांक– 09/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

PR- 014044 (District) 2026-27

समाहर्त्ता–सह–जिला दंडाधिकारी, सुपौल

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

जयघोष के बीच दानापुर में सैकड़ों प्रतिमाओं का गंगा में विसर्जन

दानापुर (आससे)। यहां नगर समेत आस-पास के इलाकों में श्रद्धापूवक हर्षोल्लास के वातावरण में श्री दुर्गा पूजनोत्सव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। विजयदशमी के पावन अवसर पर दानापुर नगर में माता के जयकारे - जयघोष , गाजे - बाजे , ढोल- नगाड़े के साथ शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां भगवती की नाना रूपों की प्रतिमाओं की विसर्जन के लिए मनोहारी शोभायात्रा निकाल कर श्रद्धालु भक्तजनों ने नम आंखों से विदाई दी। इस दौरान नगर के पेठिया बाजार स्थित प्राचीन दक्षिणेश्वरी काली मंदिर के समक्ष श्री 108 बड़ी देवी जी एवं मछुआ टोली काली स्थान की श्री108 मां महाकाली की प्रतिमाओं का खोईछा मिलन कार्यक्रम परंपरानुसार पुरोहितों के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। जिसे देखकर भावुक श्रद्धालु भक्तजनों की आंखें नम हो गई थी। इस मौके पर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं लोक प्रचलित मंगलगीत गायन कर रही थी, वही भक्तजनों की जयकारों से भक्तिमय वातावरण सुभाषित होता रहा 7 साथ ही नगर के पेठिया बाजार की श्री 108 बड़ी देवी जी, काली स्थान (मछुआ टोली) की श्री108 महाकाली जी, गोला रोड राम-जानकी मंदिर की श्री108 बड़ी देवी जी एवं गोलारोड उत्तरी मंदिर की श्री 108 छोटी देवी जी की प्रतिमाओं के साथ ही सुल्तानपुर देवी स्थान की बड़ी देवीजी की विसर्जन शोभायात्रा डोली - कहारों के साथ निकाली गई थी। जबकि पिछले साल की भांति इस वर्ष भी व्यापार मंडल गोला रोड राम-जानकी मंदिर की बड़ी देवी जी एवं गोला रोड बिचली गली की छोटी देवी जी की प्रतिमा का मिलन कार्यक्रम नगर के बस स्टैंड महावीर मंदिर के समक्ष हुआ।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, अरवल
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11 वर्ष 2026–27

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, अरवल।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : 27.10.2026 को अपराह्न 1.00 बजे अप0 तक।
3. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 28.10.2026 को अपराह्न 3.00 बजे अप0 तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 28.10.2026 को अपराह्न 3.30 बजे अप0 तक।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, अरवल। (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, गया। (ग) सहायक अभियंता–01/02, भवन प्रमंडल, अरवल का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक–5 के अनुसार।
7. कार्य का विवरण :–

क्रं0 सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0)	अग्रधन की राशि राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (O-Grass के माध्यम से)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Concertina Coil/wire over the Boundary wall of OBC (+2) Girls Residencial High School arwal (Mali) at Arwal in year 2026-27	8,73,101.00	18,000.00	1250.00	15 दिन

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014011 (BCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, अरवल

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

ईसापुर में विसर्जन जुलूस के दौरान चाकूबाजी

फुलवारी शरीफ. फुलवारी शरीफ के ईसापुर में विसर्जन जुलूस के दौरान तीन साल पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर चाकूबाजी हुई. इसमें रामकुमार, अमन और पंकज समेत कई लोग घायल हो गये. रामकुमार की हालत गंभीर बतायी जा रही है. सभी घायलों का इलाज एम्स पटना में चल रहा है. घटना के बाद जुलूस में अफरातफरी मच गयी. वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गये.संजय राय सहित उसके पक्ष व परिवार के कई लोग भी घायल है जो फरार हैं और अपना इलाज कहीं करवा रहे हैं. पुलिस के अनुसार, करीब तीन साल पहले करीमन राय उर्फ बिनोद राय के परिवार के एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गयी थी. इस घटना को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद और रंजिश चली आ रही थी. करीमन राय के परिवार को संदेह था कि युवक की हत्या कर शव तालाब में फेंका गया था, जबकि उसकी मौत डूबने से हुई थी. इसी पुरानी रंजिश को लेकर विसर्जन जुलूस के दौरान हमला किये जाने का आरोप है. आरोप है कि जुलूस के दौरान गुलिस्तान मोहल्ले के पास दूसरे पक्ष के लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया. हमले में रामकुमार, अमन और पंकज समेत कई लोग घायल हो गये. रामकुमार को गंभीर हालत में इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है.संजय राय सहित उसके पक्ष व परिवार के कई लोग भी घायल है जो फरार है और अपना इलाज कहीं करवा रहे हैं. बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य लोग भी चाकू लगने से जख्मी हो गये.

पुलिस के मुताबिक, हमले में करीमन राय उर्फ बिनोद राय के पुत्र पंकज कुमार और उसके परिवार के सदस्यों की संलिप्तता की जांच की जा रही है. इस मामले में संजय राय, उसकी पत्नी नीलम देवी, बेटी पूजा कुमारी, सुरेंद्र राय और संजू देवी समेत अन्य लोगों के नाम सामने आये हैं. वहीं, रामकुमार चौधरी और अशोक चौधरी के छोटे बेटे पर भी चाकू से हमला कर हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है. पुलिस सभी आरोपों की जांच कर रही है. संजय राय का पक्ष भी थाना में दूसरे पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज करने की तैयारी में जुटा हुआ था। घटना के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया. पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है और आरोपितों की भूमिका का पता लगाया जा रहा है.

दानापुर और खगौल के पूजा पंडालों में पहुंचे अनंत सिंह

खगौल। स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर मोकामा विधायक अनंत सिंह खगौल पहुंचे, जहां उन्होंने दुर्गा पूजा पंडाल में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने 'जय माता दी' के नारे भी लगाए। इस मौके पर उनके समर्थकों की भीड़ देखने को मिली। वही नवरात्र की महानवमी पर मोकामा विधायक अनंत सिंह उर्फ छोटे सरकार दानापुर के गोला पर स्थित बड़ी देवी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पुजारी ने उन्हें माता की चुनरी भेंट की और तिलक लगाया। पूजा समिति की ओर से विधायक को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

दशहरा सेवा शिविर में माता के प्रसाद का वितरण

पटना सिटी (आससे). बोली मोड़ स्थित श्री गांधी स्मारक पूजा समिति की ओर से आयोजित दशहरा सेवा शिविर में माता के प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच माता का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ माता का प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर खाजेकला व चौक के सर्किल इंस्पेक्टर श्री दिनेश कुमार, निगम पार्षद शोभा देवी, थाना प्रभारी विद्यानंद वर्मा, पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, मो. जावेद, देवरत्न प्रसाद, रामनारायण सिंह, शंभू शरण प्रसाद, पप्पू गुप्ता, शिव गुप्ता, दुर्गा चौधरी, आको अवस्थी, शाहिद अंसारी, अमर कुमार सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



बिहार सरकार

गन्ना उद्योग विभाग
प्रेस विज्ञप्ति

श्री मनीष कुमार, कार्यालय परिचारी, कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, दरभंगा सम्प्रति प्रतिनियुक्त, सचिव कोषांग, गन्ना उद्योग विभाग द्वारा अपनी पत्नी का ईलाज राज्य से बाहर दिल्ली में कराने हेतु दिनांक–13.06.2026 से 05.08.2026 तक कुल–54 दिनों का उपार्जित अवकाश की स्वीकृति संबंधी आवेदन समर्पित किया गया था, परन्तु अवकाश अवधि समाप्ति की तिथि–05.08.2026 के उपरांत भी अपने प्रतिनियुक्त कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए और न ही इस संबंध में किसी प्रकार की सूचना दी गई है। कार्यालय द्वारा उनके मोबाइल पर भी सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, परन्तु सम्पर्क नहीं हो पा रहा है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री कुमार को निदेश दिया जाता है कि 15 दिनों के अंदर गन्ना उद्योग विभाग में उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(धीरेन्द्र कुमार)
उप सचिव

PR. No. 014085 (SUGARCANE) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

कार्यालय नगर पंचायत, सिकन्दरा (जमुई)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 01/2026–27

(ई–टेंडरिंग, द्वारा) (www.eproc.bihar.gov.in)

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत सिकन्दरा, जमुई।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– 16.10.2026
3. टेंडर कागजात डाउनलोड करने की अवधि :– दिनांक 31.10.2026 के 10:00 बजे से दिनांक 2011.2026 के 03:00 बजे तक।
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय :– दिनांक 21.11.2026 के 15:00 बजे तक (on website : www.eproc.bihar.gov.in)
5. प्रीविड मिटिंग की तिथि/समय :– दिनांक 02.11.2026 के 11:00 बजे को स्थान कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सिकन्दरा, जमुई।
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय :– दिनांक 23.11.2026 के 15:30 बजे। (on website : www.eproc.bihar.gov.in)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय :– दिनांक 28.11.2026 के 15:30 बजे। (on website : www.eproc.bihar.gov.in)
8. अग्रधन, सभी शपथ पत्र Existing Comittment (मूल में) एवं परिमाण विपत्र को मूल्य का बैंक ड्राफट जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान :– दिनांक 24.11.2026 के 15:00 बजे तक
   स्थान :– (1) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत सिकन्दरा का कार्यालय। (2) कार्यपालक अभियंता, जिला शहरी विकास अभिकरण, जमुई। (3) अधीक्षण अभियंता, बिहार शहरी विकास अभिकरण नगर विकास एवं आवास विभाग, विकास भवन नया सचिवालय, बिहार, पटना का कार्यालय।
9. कार्य का विवरण :–

राज्य योजना के अन्तर्गत ली गयी योजना

कमांक	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रु0 में)	अग्रधन की राशि (लाख रु0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रर्त्यपणीय) (रु0 में)	Bid Processing Fee (through online payment) (अप्रर्त्यपणीय) (रु0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लूडिंग मॉनसून अवधि माह में)
1	2	3	4	5	6	7
1	राज्य योजना मद से नगर पंचायत सिकन्दरा क्षेत्रान्तर्गत सम्राट अशोक भवन निर्माण कार्य	165.72243	3.32	10000/–	as per eproc	12 माह

NOTE – Bidders should submit Bid Processing Fee through on line payment as per amount generated on website www.eproc.bihar.gov.in

10. निविदा की वैधता अवधि :– 120 दिन

12. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेबसाईट **www.eproc.bihar.gov.in** अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** मे देखा जा सकता है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत सिकन्दरा, जमुई

PR- 014040 (B & C) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

विधायक सिद्धार्थ शर्मा के पूर्व वाहन चालक की गोली मारकर हत्या

फुलवारी शरीफ. फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के बभनपुरा गांव में मंगलवार की सुबह करीब सात बजे 30 वर्षीय दीपक कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गयी. आरोप है कि उसके चाचा ललन शर्मा ने घर से पिस्टल निकालकर दीपक पर ताबड़तोड़ पांच गोलियां चला दीं. गोली लगने से दीपक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वारदात के बाद आरोपित ललन शर्मा पिस्टल लेकर फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी. मृतक विक्रम के विधायक सिद्धार्थ शर्मा का पूर्व में वाहन चालक भी रह चुका है. मृतक की पहचान बभनपुरा निवासी विंध्याचल शर्मा के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है. घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गयी. परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया. मृतक की पत्नी कविता देवी घटनास्थल पर ही विलाप करती रही. आसपास के लोग भी मौके पर जुट गये.



घटना की जानकारी मिलते ही फुलवारी शरीफ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नारायण उपाध्याय और थानाध्यक्ष गुलाम मोहम्मद शाहबाज आलम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच शुरू की. एफएसएल की टीम को बुलाकर मौके से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाये गये. जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सुबह करीब 9:50 बजे एम्स पटना भेज दिया. हत्या की वजह को लेकर पुलिस के सामने दो अलग-अलग पहलू सामने आये हैं. शुरुआती जानकारी में जमीन विवाद को लेकर चाचा-भतीजे के बीच विवाद की बात कही गयी थी. वहीं, अब आरोपित ललन शर्मा की पत्नी ने पुलिस को दिये बयान में अपने पति और मृतक की पत्नी कविता देवी के बीच कथित अवैध संबंध होने की बात कही है. आरोपित की पत्नी के अनुसार, उसके पति ललन शर्मा और दीपक की पत्नी कविता देवी के बीच संबंध था.

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सारण

(अल्पकालीन निविदा आमंत्रण)

सोनपुर मेला वर्ष–2026 के अवसर पर अस्थाई नवसृजित, पुलिस लाईन कैम्प, पुलिस थाना, पुलिस अधीक्षक कैम्प एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस कर्मियों के आवासन व्यवस्था हेतु **सोनपुर मेला दिनांक– 22.11.2026 से प्रारम्भ होकर, दिनांक 23.12.2026 अर्थात 32 दिनों (सम्पूर्ण मेला अवधि)** के लिए भाड़े पर टेन्ट, पंडाल, लाईट, साउण्ड एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों को समय पर उपलब्ध कराने एवं निर्धारित स्थानों पर लगाने हेतु एक मुश्त दर से प्रति सामान का भाड़ा हेतु पंजीकृत सेवा प्रदायी संस्थानों/फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जो निम्न प्रकार हैं :–

01. कुछ अस्थाई थानों में तीन दिनों के लिए उपरोक्त सामानों की आवश्यकता होगी। उसके लिए सामानुपातिक दर से अथवा तीन दिनों की दर से निविदा में अंकित करेंगें।
02. पंजीकृत निविदादाता का ही निविदाए मान्य होगी। अतः निर्धारित तिथि एवं समय पर दर प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित रहेंगें।
03. निविदा स्वीकृत करने के पूर्ण अधिकार सोनपुर मेला समिति को हैं तथा अंतिम अधिकार वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण के पास सुरक्षित हैं।
04. निविदादाताओं को निविदा के साथ प्रतिभुति मूल रूप से राशि 1,00,000/–(एक लाख रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण के पदनाम से देना होगा।
05. निविदादाता को निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र/काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ पत्र/पैन कार्ड/विगत 03 वर्शो (वितिय वर्श–2023–24, 2024–25 एवं 2025–2026 का आयकर रिर्टन)/03 वर्श का Audited accounts statement की प्रति निविदादाता को संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी।
06. अद्यतन GST रिर्टन GST R3B की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आनिवार्य होगा तथा वितिय वर्श 2025–26 में कम से कम 15 लाख रूपये GST जमा करने का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा।
07. निविदा में संक्षम संस्थानों/फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।
07. आमंत्रित निविदा में पाये गये न्यूनतम दर पर किसी भी एजेन्सी से कार्य कराने का निर्णय वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा लिया जा सकता है।
08. विद्युत कार्य हेतु प्रयोग में लाये जाने वाले isi Mark तार की गुणवता होनी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में नंगे तार एवं असुरक्षित विद्युत उपकरण/सामग्री का उपयोग नहीं किया जाएगा, अन्यथा किसी भी दुर्घटना के लिए संबंधित प्रतिष्ठान पूर्णरूपेण जिम्मेवार होंगें।
09. विद्युत कार्य हेतु संवेदक को कार्य स्थल पर आवश्यकता के अनुरूप 24 घंटे अनुज्ञप्तिधारी बिजली मिस्त्री/टेक्निशियन एवं अतिरिक्त विद्युत सामग्रियों की व्यवस्था रखनी होगी।
10. इस कार्य के लिए किसी प्रकार का अग्रिम राशि देय नहीं होगा।
11. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने एवं बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को पूर्णरूपेण सुरक्षित रहेगा। मेला या इस प्रकार के बड़े आयोजन का कार्य अनुभव रखने वाले निविदादाता को वरियता दी जाएगी।
12. कार्यदेश के अनुरूप कार्य नहीं करने के स्थिति में अंतिम भुगतान से अनुपातिक राशि की कटौती कर ली जाएगी। गुणवता के स्तर में कमी होने पर दण्ड स्वरूप यथोचित कार्रवाई की जाएगी और वरीय पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम निर्णय होगा।
13. अनुमोदित निविदादाता को समय पर आवश्यकतानुसार सभी कार्य करना होगा अन्यथा उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।
14. दरवारी टेन्ट, ए0सी0 टेन्ट, कनात/पंडाल आदि पूर्णतः सुसज्जित सुन्दर तथा अच्छे एवं नई किस्म के होने चाहिए। गुणवता खराब होने पर अधिष्ठापन की अनुमति नहीं दी जाएगी।
15. आपूर्ति की जाने वाली सभी सामग्रियों साफ–सुथरा अच्छी किस्म एवं नई होनी चाहिए।
16. सोनपुर मेला के कार्यो से संबंधित विपत्र एवं लगाये गये सामग्रियों/कार्यो के गुणवता के संदर्भ में सोनपुर मेला समिति द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के आधार पर किया जाएगा।
17. स्वीकृत संवेदक को निर्धारित तिथि–**18.11.2026** तक सभी कार्य पूर्ण कर देना होगा संवेदक को मेला समाप्ति के पश्चात शिविर में लगाये गये सभी उपकरण एवं सामग्रियों को अपने लागत दर पर वापस लेना होगा तथा पुरे परिसर को पूर्ववतः बहाल करना होगा।
18. निविदा मोहर बंद लिफाफे में पुलिस केन्द्र, सारण के कार्यालय में जमा करने हेतु **दिनांक–02.11.2026 को समय–16:00** बजे तक अंतिम तिथि निर्धारित की जाती है। **दिनांक–03.11.2026 को समय–15:00** बजे निविदा उपलब्ध निविदादाता एवं समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।
19. निविदा–(परिशिष्ट–'क') मूल सूची सारण पुलिस के सोशल मिडिया पेज एवं जिला के वेबसाईट पर अंकित की जायेगी।

PR- 014083 (Police) 2026-27

वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टीवी में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता- **विवेक शर्मा**

राजनैतिक दल का नाम- **निर्दलीय**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)

निर्वाचन का नाम- **पटना शिक्षक**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम- **001 पटना शिक्षक**

मैं **विवेक शर्मा** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

क्र. सं.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा(एं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1.	मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पटना	जी.आर. नं. 8656 सन् 2019 कोतवाली थाना कांड सं. 931 सन् 2019	147, 148, 149, 341 342, 323, 353, 504 506, 188 भा.दि. विधान एवं धारा 9 लाउडस्पीकर एक्ट	शून्य	शून्य
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

हे मां, अपनी कृपा बनाये रखना

अपराजिता पूजा, कलश विसर्जन के साथ सम्पन्न हुआ नवरात्र

पटना (आससे)। इस बार दो दिन हुआ मां दुर्गा का विसर्जन। जहां पंडालों में आयोजित अधिकांश दुर्गापूजा की दशमी पूजा एवं नवरात्र का कलश विसर्जन २० अक्टूबर को हुआ वही महावीर मंदिर सहित कई शक्ति उपासना केन्द्र एवं देवी तीथों में आज २१ अक्टूबर को की गयी दशमी की अपराजिता पूजा, पश्चात, कलश विसर्जन, जयंती धारण का कृत्य संपन्न हुआ। महानवमी भी दो दिन मनाया गया। अधिकांश पूजा पंडालों में १६ अक्टूबर को ही नवमी की पूजा, पाठ एवं हवन सम्पन्न हुआ। सार्वजनिक पूजा पण्डालों में मुहल्लेवासियों ने किया नवरात्र का हवन। नवमी पर कई स्थानों में भोग प्रसाद का वितरण किया गया। शरण कम्पाउण्ड के जमालरोड स्थित आध्यात्मिक आश्रम फाउण्डेशन में तान्त्रिक विधि से सम्पन्न हुआ नवरात्र। शक्ति उपासक तंत्र मंत्र ज्योतिष साधक ठाकुर प्रशस्त पुरुषोत्तम ने कहा तंत्र की उपयोगिता धर्म से जुड़ने के लिए शक्ति की प्राप्ति के लिए है।

यहां चौसठ योगिनियों सहित दशमहाविद्या, राजराजेश्वरी, महामाया की नवरात्र आराधना का दुर्लभ दर्शन हुआ। विसर्जन करते हुए श्रद्धालुओं ने क्षमा प्रार्थना की और मां दुर्गा से मनोकामना पूर्ण करने और कृपा बनाये रखने का आशीर्वाद लिया। भक्ति भाव में निमग्न श्रद्धालु मूर्ति विसर्जन में भाग लेकर पुण्य के भागी बने।



दुर्गासप्तशती के 700 मंत्रों से हवन

पटना (आससे)। ज्योतिर्वेद विज्ञान संस्थान के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. राजनाथ झा द्वारा श्रीयंत्र में की गयी मां दुर्गा, नवदुर्गा आदि की नवरात्र पूजा आराधना। शस्त्र सम्मत विधि के अनुसार पाठ एवं जप सम्पन्न किया गया। यहां नवरात्र अनुष्ठान का हवन महानवमी का मुख्य आकर्षण रहा। ग्यारह ब्राह्मण पुरोहितों एवं बटुक ब्रह्मचारियों ने दुर्गासप्ताती के साथ सौ मंत्रों सहित श्रीसूक्त, नवग्रह आदि का हवन किया गया। दशमी को अपराजिता पूजा पूर्वक जयंती धारण किया गया। नवरात्र अनुष्ठान के पूजा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर संस्थान से संबद्ध श्रद्धालु शामिल हुए।

पायस भोग अर्पण

पटना(आससे)। आध्यात्मिक आश्रम फाउंडेशन शरण कम्पाउण्ड जमाल रोड में मौलिक तांत्रिक विधि से आयोजित नवरात्र में बलि प्रदान सहित महाष्टमी को महानिशापूजा की गयी महानवमी को पायस प्रसाद का वितरण जमाल रोड दुर्गापूजा स्थल में किया गया। यहां तंत्र ज्योतिष साधक गुरु ठाकुर प्रशस्त पुरुषोत्तम ने मां महामाया, राजराजेश्वरी, दशमहाविद्या, नवदुर्गा, ६४ योगिनी भैरव, दक्षिण काली आदि देवियों की पूजा, पाठ, जप, आदि पूर्वक उदयातिथि नवमी में नवरात्र का हवन किया गया। २१ अक्तूबर को दशमी पूजा पूर्वक कलश विसर्जन किया गया।

संधि पूजा में 108 दीये जलाये

पटना (आससे)। श्री सियाबिहारी कुंज ठाकुरबाड़ी में आयोजित शारदीय नवरात्र में १९ अक्तूबर (सोमवार) को प्रात: ८.३० बजे से आरंभ हुई संधि पूजा। यहां के नवरात्र में प्रचलित संधि पूजा के बारे में बताये हुए ठाकुरबाड़ी के महंथ ज्योतिषाचार्य नागेन्द्र दास ने बताया कि यहां जब से ठाकुरबाड़ी है यह पूजा-परंपरा प्रचलित है। इस संधि पूजा में मां चण्डिका देवी की पूजा होती है। मान्यता है इसी महाष्टमी और नवमी के संधिकाल में मां चण्डिका देवी द्वारा असुर चण्ड और मुण्ड का बध हुआ था। संधि पूजा के अवसर पर मां दुर्गा की पूजा में १०८ दीप जलाये गये। ठाकुरबाड़ी से जुड़े श्रद्धालुओं ने समूह में उपस्थित होकर दीप जलाये। संधि पूजन के पश्चात ठाकुरबाड़ी की ओर से प्रसाद का वितरण किया गया। पुजारी पं. मणिकांत दूबे ने पूजा सम्पन्न कराने में सहायक पुरोहित की भूमिका निभायी।

वित्तरहित सेकेंडरी-प्लसटू शिक्षक-कर्मियों के खाते में सीधे भेजी जा रही अनुदान राशि

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में वित्तरहित अनुदानित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-कर्मियों के खाते में दो दिनों के अंदर अनुदान राशि जायेगी। बुधवार से शिक्षक-कर्मियों के खाते में राशि जानी शुरू हो गयी है। ऐसा पहली बार हो रहा है, जब सीधे शिक्षक-कर्मियों के खाते में अनुदान राशि जा रही है।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एस. एम. ने बुधवार को बताया कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के तहत बुधवार से वित्तरहित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के खाते में अनुदान की राशि आरटीजीएस के माध्यम से भेजना प्रारम्भ कर दिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को समिति द्वारा आगामी दो दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। बुधवार को पहले दिन अच्छी संख्या में शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों को अनुदान राशि सीधे उनके खाते में भेज दिया गया है। समिति द्वारा वित्तरहित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंध समिति से प्राप्त सूची एवं सम्बंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित पपत्र के आधार पर अनुदान वितरण किया जा रहा है।

प्रबंध समिति को अनुदान राशि देने की व्यवस्था समाप्त

जिन वित्तरहित संस्थानों के प्रबंध समिति से अनुमोदित सूची एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित पपत्र अभी तक नहीं भेजा गया है, वहां से सूची मंगायी जा रही है और उन्हें भी आगामी दो दिनों में अनुदान भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। इससे अनुदान वितरण की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी, सरल तथा शिक्षक हितैषी हो गयी है।

बिहार सरकार

समाहरणालय, बक्सर
(जिला भू-अर्जन कार्यालय)
आम सूचना

राष्ट्रीय उच्च पथ सं0-120 (बिक्रमगंज-डुमरॉव) परियोजना से संबंधित सभी मौजों के हितबद्ध रैयतों से मुआवजा भुगतान संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु पूर्व में निम्नांकित तिथियों में कैम्प का आयोजन किया गया है :-

क्र॰	परियोजना का नाम	कैम्प की तिथि	कैम्प की अवधि (दिन में)	कैम्प स्थल	अभ्युक्ति
1.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	25.11.2024 से 27.11.2024 तक	3	प्रखंड कार्यालय, डुमरॉव	
2.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	06.03.2024	1	प्रखंड कार्यालय, डुमरॉव	
3.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	02.01.2026 से 03.01.2026 तक	2	प्रखंड कार्यालय, डुमरॉव	
			6 दिन		

इस परियोजना के हितबद्ध रैयतों को मुआवजा भुगतान प्राप्त करने हेतु तीसरी एवं अंतिम बार नोटिस भी निर्गत किया गया है, परन्तु अधिकांश हितबद्ध रैयतों द्वारा भुगतान हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा नहीं किया गया है।

इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वैसे हितबद्ध रैयत जो अभी तक भुगतान प्राप्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा नहीं किये है दिनांक 26.10.2026 तक जिला भू-अर्जन कार्यालय, बक्सर में देना सुनिश्चित किया जाय। इस तिथि के बाद भुगतान संबंधित अभिलेख/राशि माननीय व्यवहार न्यायालय, बक्सर को संदर्भित कर दी जायेगी। इसमें अतिरिक्त सूद की राशि देय नहीं होगी।

समाहर्ता, बक्सर

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.013924 (Revenue) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

परियोजना निदेशक (असैनिक) का कार्यालय
बुडको, भागलपुर
Email Id-piubhagalpur.buidco@gmail.com
CSC Building, WTP Barari, 812003
अति अल्पकालीन ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
निविदा संख्या :-24/2025-26

1 विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : **परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।**
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक-22.10.2026
3 परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक-30.10.2026 से दिनांक-02.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
4 प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान : दिनांक-31.10.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। स्थान- कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक-03.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि : दिनांक-04.11.2026 के पूर्वाह्न् 11:00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि : तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 कार्य का विवरण:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing Fee (Through online payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
	नगर निगम, भागलपुर					
1	भागलपुर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0-36 में डिक्सन मोड़ से अद्भुत हनुमान मंदिर तक सड़क एवं नाला का निर्माण कार्य।	1,68,45,500.00	3,37,000.00	17,700.00	Eproc2 पर निर्धारित राशि के अनुसार	08 माह

नोटः- **Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website** www.eproc2.bihar.gov.in
निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
परियोजना निदेशक
PR- 014047 (B & C) 2026-27 बुडको, भागलपुर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना - 800015

अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के भी निर्वाचक होते हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक होने के कारण निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे मतदाता फोटो पहचान पत्र के आधार पर निर्वाचक अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार है:-

(I) आधार कार्ड,
(ii) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(iii) पैन कार्ड,
(iv) भारतीय पासपोर्ट,
(v) राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान-पत्र,
(vi) सांसदों/विधायकों/पार्षदों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र,
(vii) शैक्षिक संस्थाओं, जिसमें संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र,
(viii) विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र,
(ix) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र, और
(x) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

मतदाता फोटो पहचान पत्र में निर्वाचक, पिता, माता एवं पति का नाम तथा लिंग, आयु या पता से संबंधित प्रविष्टियों में मामूली विसंगतियों को नजरंदाज कर देना चाहिये। मतदाता को मतदान करने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते मतदाता की पहचान मतदाता फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
बिहार

PR. No. 014018 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना - 800015

अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के भी निर्वाचक होते हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक होने के कारण निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे मतदाता फोटो पहचान पत्र के आधार पर निर्वाचक अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार है:-

(i) आधार कार्ड,
(ii) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(iii) पैन कार्ड,
(iv) भारतीय पासपोर्ट,
(v) राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान-पत्र,
(vi) सांसदों/विधायकों/पार्षदों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र,
(vii) शैक्षिक संस्थाओं, जिसमें संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र,
(viii) विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र,
(ix) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र, और
(x) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

मतदाता फोटो पहचान पत्र में निर्वाचक, पिता, माता एवं पति का नाम तथा लिंग, आयु या पता से संबंधित प्रविष्टियों में मामूली विसंगतियों को नजरंदाज कर देना चाहिये। मतदाता को मतदान करने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते मतदाता की पहचान मतदाता फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
बिहार

PR. No. 014016 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में प्रो. रणबीर नंदन ने किया कन्या पूजन

पटना (आससे)। शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर राजधानी के प्राचीन धार्मिक स्थल गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो. डॉ. रणबीर नंदन ने नौ कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें भोजन कराया। इससे पूर्व प्रोफेसर नंदन ने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी स्थित हवन कुंड में नवरात्र का भव्य तरीके से वैदिक मंत्र कर के बीच हवन किया। प्रो. नंदन ने स्वयं अपने हाथो से कन्याओं के पैर पखारे, उन्हें तिलक लगाकर चुनरी ओढ़ाई और विधिवत आरती की। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कन्या को साक्षात माँ दुर्गा का स्वरूप माना गया है। कन्या पूजन से माँ भगवती प्रसन्न होती हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। पूजन के पश्चात सभी कन्याओं को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया और उपहार स्वरूप वस्त्र, श्रृंगार सामग्री एवं दक्षिणा भेंट की गई। इस मौके पर मंदिर के पुजारीगण, न्यास पर्षद के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे मंदिर परिसर में जय माता दी के जयघोष गूंजते रहे।



राज्यपाल से भरतीय विदेश सेवा के पदाधिकारियों ने मुलाकात की

पटना (आससे)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) से भरतीय विदेश सेवा के २०११ बैच के सात अधिकारियों यथा आकाश गुप्ता, कुमार गौरव, मनुस्मृति, नवीन कुमार, नीतेश कुमार, डॉ. राजीव रंजन तथा तविषी बहल पाण्डेय ने बिहार लोक भवन में मुलाकात की। अधिकारी मध्य सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बिहार आये हुए हैं।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने बिहार की बौद्ध एवं सांस्कृतिक विरासत, नालंदा की ज्ञान परंपरा, नये स्वरूप में नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार और राज्य की सामरिक महत्ता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बिहार की भौगोलिक स्थिति और सीमावर्ती राज्य के रूप में इसकी अहमियत को देखते हुए इसे एक अलग नजरिये से समझने की जरूरत है। उनहोंने कहा कि ज्ञान शक्ति का एक बड़ा साधन है और हमारे राजनयिकों को देशहित में इसका बेहतर इस्तेमाल करना चाहिए। राज्यपाल ने विदेश में रह रहे बिहार के लोगों की क्षमता का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें बिहार के विकास से जोड़ने की जरूरत है। इस दिशा में बिहार फाउंडेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने फाउंडेशन को और मजबूत बनाने तथा प्रभावी नेतृत्व विकसित करने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा के विकास के लिए किये जा रहे पहलों का उल्लेख किया। इस दौरान अधिकारियों ने विभिन्न मुद्दों पर सवाल पूछे, जिनका राज्यपाल ने जवाब दिया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह एवं राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।



भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गोपालगंज
निविदा आमंत्रण सूचना
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-
19/OT/BCD/GOPALGANJ/2026-27

1 विज्ञापनदाता का पदनाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गोपालगंज।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :- 30.10.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 31.10.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 31.10.2026 को अपराह्न 03:30 बजे तक।
5 परिमाण विपत्र की बिक्री एवं निविदा प्राप्ति का स्थान :- 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, छपरा। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, गोपालगंज 3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल गोपालगंज/मीरगंज।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान :- क्रमांक 05 के अनुसार।
7. निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने अथवा किसी कार्य को एक से अधिक निविदादाताओं में बॉटने का अधिकार या किसी ग्रुप की निविदा रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।
कार्य की विवरणी :-

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Renovation of DDC Steno Chambar at collectriate Building Gopalganj. FY 2026-27	115800	2400	500	15 दिन
2	APP (Atactic Polypropylene Polymer) work on Terrace of DCLR Office Building, Gopalganj. FY 2026-27	293400	5900	750	07 दिन
3	Installation of Tiles in Kitchen Ward in Campus of Dist. Jail Chanawe Gopalganj FY 2026-27	135000	2700	500	15 दिन
4	Roof Treatment of Kitchen Ward in Campus of Dist. Jail Chanawe Gopalganj FY 2026-27	225000	4500	500	15 दिन
5	Installation of Submersible Pump (02 Units) in Campus of Dist. Jail Chanawe & other Administrative Building, Gopalganj FY 2026-27	304000	6100	750	07 दिन
6	Internal Repair/Painting of A-Type Quarter (A-10) at Block Colony Gopalganj FY 2026-27	86200	1800	500	15 दिन
7	Internal Repair/Painting of B-Type Quarter (B-15) at Block Colony Gopalganj FY 2026-27	85200	1800	500	15 दिन
8	Repair and Painting of Boundary Wall of Old Campus Civil Court Gopalganj. FY 2026-27	176300	3600	500	15 दिन
9	Renovation of Septic Tank Soak Pit in Old Campus Civil Court Gopalganj. FY 2026-27	84900	1700	500	15 दिन
10	Concertina Work at Boundary Wall of 520 Bedded +2 High School Bankatiya, Block Panchdeori, Gopalganj FY 2026-27	476900	9600	750	30 दिन

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है। **कार्यपालक अभियंता,**
PR- 014045 (BCD) 2026-27 **भवन प्रमंडल, गोपालगंज**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

सरकारी स्कूलों में एक हजार नये क्लास रूम बनेंगे

अतिरिक्त वर्गकक्ष की योजना पर 150 करोड़ की राशि खर्च होगी

पटना (आशिप्र)। राज्य के सरकारी स्कूलों में एक हजार अतिरिक्त क्लास रूम बनेंगे। इस पर तकरीबन 150 करोड़ रुपये खर्च होंगे। एक हजार अतिरिक्त क्लास रूम के निर्माण से सरकारी स्कूलों में वर्ग कक्ष की कमी दूर होगी। नए वर्ग कक्षों के निर्माण से लगभग एक लाख विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। इसके लिए ऐसे विद्यालयों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में कक्षाओं की कमी है और पढ़ाई के संचालन में जगह की समस्या सामने आ रही है। शिक्षा विभाग की इस कार्ययोजना का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में उपलब्ध आधारभूत संरचना को विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुरूप विकसित करना है। कई विद्यालयों में नामांकन के अनुपात में पर्याप्त वर्ग कक्ष उपलब्ध नहीं होने से एक ही कमरे में अधिक विद्यार्थियों को बैठाना पड़ रहा है। यही नहीं उपलब्ध कमरों के बीच ही सारी कक्षाओं का संचालन करना पड़ता है। अतिरिक्त वर्ग कक्ष बनने से इन समस्याओं को कम करने में मदद मिलेगी। नए वर्ग कक्षों के तैयार होने से सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा बढ़ेगी। स्कूलों में उपलब्ध स्थान का बेहतर इस्तेमाल करने और कक्षावार पढ़ाई की व्यवस्था सुधारने में मदद मिलेगी। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अधिक व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में भी सहायता मिलेगी। योजना के तहत वर्ग कक्षों की वास्तविक जरूरत का आकलन कर निर्माण कार्य कराया जाना महत्वपूर्ण होगा। विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या, पहले से उपलब्ध कमरों और अतिरिक्त कक्षाओं की आवश्यकता के आधार पर प्राथमिकता तय की जा सकती है। इससे उन स्कूलों को लाभ मिलेगा, जहां जगह की कमी के कारण नियमित पढ़ाई का संचालन प्रभावित होता है। एक हजार अतिरिक्त वर्ग कक्षों के निर्माण के लिए प्रति वर्ग कक्ष औसतन 13 से 15 लाख रुपये खर्च होंगे। हालांकि, वास्तविक लागत निर्माण के आकार, डिजाइन और अन्य निर्धारित मानकों के अनुसार अलग-अलग हो सकती है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्माण की गुणवत्ता और समय सीमा पर निगरानी भी जरूरी होगी।

सीयूएसबी में बीएड कार्यशाला का उद्घाटन

पटना (आससे)। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र, पटना के सहयोग से बीएड कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि सीखना व्यक्तिगत सशक्तीकरण और सामाजिक प्रगति की कुंजी है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का आह्वान किया।

बिहार सरकार
परियोजना निदेशक (असैनिक) का कार्यालय
बुडको, भागलपुर
Email Id-piubhagalpur.buidco@gmail.com, CSC Building, WTP Barari, 812003
अति अल्पकालीन ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
निविदा संख्याः-25/2025-26

1 विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : **परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।**
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक-22.10.2026
3 प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान : दिनांक-31.10.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। स्थान- कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
4 परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक-30.10.2026 से दिनांक-02.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक-03.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि : दिनांक-04.11.2026 के पूर्वाह्न् 11:00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि : तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 कार्य का विवरणः-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing Fee (Through online payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
	नगर निगम, भागलपुर					
1	भागलपुर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत कटहलवाड़ी वार्ड नं0-24 में संजय यादव के घर से सी0आई0डी0 ऑफिस होते हुए अनिल तिवारी के घर तक नाला का निर्माण कार्य।	54,22,600.00	1,08,500.00	11,800.00	Eproc2 पर निर्धारित राशि के अनुसार	03 माह

नोटः- Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in
विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है। **परियोजना निदेशक,**
PR. No. 014050 (B&C) 2026-27 बुडको, भागलपुर

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

रिश्तोंका नया सन्तुलन

वर्तमान वैश्विक सन्दर्भमें अमेरिकाके विदेशमंत्री मार्को रुबियोकी भारत यात्रा और पराराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकरके साथ मंगलवारको मुम्बईमें हुई वार्ता काफी महत्वपूर्ण मानी जायगी। इसे केवल एक नियमित कूटनीतिक भेंटके रूपमें देखना उचित नहीं होगा। रुबियोकी यात्रा ऐसे समयमें हुई है जब भारत-अमेरिकी सम्बन्धोंमें एक ओर जहां रणनीतिक निकटता बढ़ रही है तो दूसरी ओर टैरिफ, रूसी तेल, व्यापार समझौते और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दोंपर मतभेद भी बने हुए हैं। एक अच्छी बात यह है कि दोनों देशोंने व्यापार समझौतेको यथाशीघ्र पूरा करनेकी प्रतिबद्धता जतायी है। रुबियोने स्वीकार किया है कि हम बहुप्रतीक्षित समझौतेके काफी करीब पहुंच गये हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रीकी यात्रा ऐसे अन्तरराष्ट्रीय माहौलमें हुई है, जिसमें यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशियाका संकट, ऊर्जा बाजारमें अस्थिरता और अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा विश्व राजनीतिको काफी प्रभावित कर रहे हैं। इन परिस्थितियोंमें भारतकी सामरिक स्थिति अमेरिकाके लिए काफी महत्वपूर्ण हो गयी है। ऊर्जा संकटने दोनों देशोंके हितोंको एक-दूसरेके निकट ला दिया है। रुबियोने भारतकी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलामें अमेरिकी ऊर्जाकी भूमिका बढ़ानेको महत्वपूर्ण बताया है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष हिन्द-प्रशान्त और चीन है। अमेरिका भारतको, क्षेत्रीय शक्ति-सन्तुलनमें एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। क्वाडके सन्दर्भमें भी भारतकी भूमिका अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलियाके लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए अमेरिका भारतके साथ मतभेदोंको इतना बढ़ाना नहीं चाहेगा जिससे कि व्यापारिक रणनीतिक साझेदारी प्रभावित हो। रुबियोकी यात्राको टैरिफ-आधारित टकरावसे बातचीत और समझौतेकी ओर लौटनेकी कोशिशके रूपमें भी देखा जा सकता है। भारत-अमेरिका सम्बन्धोंमें सबसे संवेदनशील मुद्दोंमें एक रूसी ऊर्जा खरीद है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूसी ऊर्जापर निर्भरता कम करे। इसका समाधान किसी एक पक्षकी पूर्ण जीतके रूपमें नहीं, अपितु ऊर्जा स्रोतोंके विविधीकरणके रूपमें खोजनेका प्रयास दिखायी देता है। भारतके लिए चुनौती यह है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखते हुए अमेरिकाके साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाये। यह सन्तुलन आने वाले समयमें भी भारतीय विदेश नीतिकी प्रमुख कसौटी रहेगा। वार्तामें रक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती तकनीक तथा नागरिक परमाणु सहयोग भी विशेष मुद्दे रहे। इसलिए दोनों देशोंका सम्बन्ध अब रक्षा सहयोगसे आगे बढ़कर तकनीकी तथा औद्योगिक साझेदारीकी दिशामें जा रहा है। दोनों देशोंके बीच सम्बन्धोंका भविष्य साझा हितों और असहमतियोंके प्रबन्धनपर निर्भर करेगा। रुबियोकी यात्राको व्यावहारिक कूटनीतिक मोड़के रूपमें देखा जाना चाहिए और यह आपसी सम्बन्धोंका नया सन्तुलन है।

मणिपुरके हालात चिन्तनीय

देशके पूर्वोत्तर राज्य मणिपुरमें लम्बे समयमें जारी हिंसक घटनाएं थमनेका नाम नहीं ले रही है। बार-बार हिंसाका भड़कना लोगोंकी जान-मालकी सुरक्षा और शान्ति व्यवस्थाके लिए केन्द्र और राज्य सरकारके लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। लोगोंमें भारी आक्रोश है और अब वे मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंहकी सरकारके खिलाफ सड़कोंपर उतर आये हैं जिससे स्थिति बदसे बदतर हो चुकी है। सोमवारको उग्रवादियोंकी गोलीबारीमें मैतेई समुदायके तीन लोगोंकी हत्याके विरोधमें मंगलवारको २४ घण्टेके बन्दके चलते घाटीके पांच जिलोंमें जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। इंफाल पूर्व और पश्चिम, विष्णुपुर, थौबल और काकचिंगमें बाजार, शिक्षण संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहांतक कि सार्वजनिक परिवहन भी ठप रहा, जिससे लोगोंको आने-जानेमें भारी दिक्कतोंका सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सोमवारको सुबह इंफाल पूर्वी और कागपोकपी जिलोंकी सीमापर सुनरोक क्षेत्रमें जलावनकी लकड़ी बीन रहे मैतेई समुदायके १६ लोगोंपर संदिग्ध उग्रवादियोंने घात लगाकर हमला कर दिया। इस गोलीबारीमें तीन लोगोंकी मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये, जबकि तीन लोग लापता हैं। इस कायरतापूर्ण और बर्बर हत्याके विरोधमें नेटिव पीपुल्स कमेटी मणिपुरने मंगलवार और बुधवारको बन्दका आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियोंने मंगलवारको मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंह, उपमुख्य मंत्री नेमचा किपजेन, गृहमंत्री गोविन्द कोंथौजमका इस्तीफा मांगा और उनके पुतले फूंके। इस दौरान पुलिस और सुरक्षाबलोंके संयुक्त तलाशी अभियानमें तीन संदिग्धोंको गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दोने हमला करनेकी बात स्वीकार की है। इनकी निशानदेहीपर पहाड़ी इलाकोंसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि तीन मई २०२३ से जारी मैतेई और कुकी समुदायके बीच भड़की हिंसा अबतक जारी है। केन्द्र और राज्य सरकारको जातीय समूहोंके बीच पनप रहे विद्वेषको समझना होगा और एक सर्वमान्य हल निकालना होगा, तभी शान्तिका माहौल बनाया जा सकता है।

लोक संवाद

चाय और कॉफीसे हानि

महोदय,-कई लोगोंके लिए दिनकी शुरुआत बिना चाय या काफीके होती ही नहीं है। परन्तु वह इस बातसे अनजान होते हैं कि इसकी ज्यादा लत किडनीको नुकसान पहुंचा सकती है। स्वस्थ लोगोंके लिए इनका सीमित मात्रामें सेवन आम तौरपर सुरक्षित होता है, लेकिन इनकी मात्रा इन्हें बनानेके तरीके और पहलेसे मौजूद स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां यह तय कर सकती हैं कि ये पेय पदार्थ किडनीकी सेहतपर कैसा असर डालते हैं। कैफीन, हाइड्रेशन और किडनीके काम करनेकी प्रक्रियाको समझते हैं विस्तारसे। गुर्दा रोग विशेषज्ञने बताया कि कैफीनका हल्का डाययुरेटिक असर होता है। इसका मतलब है कि यह कुछ समयके लिए पेशाब बननेकी मात्राको बढ़ा सकता हैए खासकर उन लोगोंमें जो इसके सेवनके आदी नहीं हैं। हालांकि चाय और काफीका सीमित मात्रामें सेवन करनेसे शरीरमें तरल पदार्थकी मात्रा बढ़ती है और इससे अपने आप डिहाइड्रेशन नहीं होता। ज्यादातर स्वस्थ वयस्कोंके लिए सीमित मात्रामें इन पेय पदार्थोंका सेवन करनेसे किडनीको नुकसान पहुंचनेकी संभावना नहीं होती है। चिन्ताका विषय अक्सर कैफीनका अत्यधिक सेवन और व्यक्तिकी अपनी शारीरिक संवेदनशीलता होती है। कैफीनकी अधिक मात्रा अस्थायी रूपसे ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती है, जबकि लम्बे समयतक अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर क्रोनिक किडनी डिसीज (गुर्दे की दीर्घकालिक बीमारी) के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। डाक्टरने सलाह दी, 'जिन लोगोंको पहलेसे ही हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) या किडनीसे जुड़ी समस्याएं हैं, उन्हें अपने कैफीन सेवनके बारेमें अपने डाक्टरसे बात करनी चाहिए।' एक और चिन्ताका विषय किडनी स्टोन (पथरी) का बनना है। दरसअल चायमें ऑक्सालेट होते हैं। ये प्राकृतिक रूपसे पाये जाने वाले यौगिक हैं। यदि कोई व्यक्ति इनका अधिक मात्रामें सेवन करता है तो उनमें कैल्शियम ऑक्सालेट स्टोन बननेका खतरा हो सकता है। यह जोखिम व्यक्तिके खान-पान, तरल पदार्थोंके सेवन और पहले कभी पथरी होनेके इतिहासपर निर्भर करता है। चाय और कॉफीमें बहुत अधिक चीनी, फ्लेवर्ड सिरप या मीठी क्रीम मिलानेसे वजन बढ़ सकता है और टाइप २ डायबिटीजका खतरा भी बढ़ सकता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर, दोनों ही क्रॉनिक किडनी डिसीज (लम्बे समयतक चलने वाली किडनीकी बीमारी) के प्रमुख कारण हैं। किडनीकी बीमारीसे जूझ रहे लोगोंको, उनकी पोषण संबंधी जरूरतों और लैब टेस्टके नतीजोंके आधारपर, दूध और अन्य चीजोंके सेवनको लेकर अलग-अलग डाइट सलाह की जरूरत पड़ सकती है। एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशनके अनुसार ज्यादातर वयस्कोंके लिए रोजाना ४०० मिलीग्राम कैफीनका सेवन करनेसे आम तौरपर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, हालांकि हर व्यक्तिकी सहनशक्ति अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही शरीरमें पानीकी पर्याप्त मात्रा बनाये रखना, चीनीका सेवन कम रखना और ब्लड प्रेशर तथा ब्लड ग्लूकोजको नियंत्रित रखना भी उतना ही जरूरी है। **-वसुधा त्रिवेदी, वाया ईमेल।**

वैश्विक अर्थव्यवस्थाके समक्ष चुनौतियां

विश्व अर्थव्यवस्था ऐसे दौरसे गुजर रही है, जहां विकासकी संभावनाओंके साथ अनिश्चितताओंका दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। एक ओर तकनीकी प्रगति और व्यापारिक गतिविधियां आर्थिक वृद्धिको गति दे रही हैं तो वहीं, युद्ध, ऊर्जा संकट और वित्तीय बाजारोंमें अस्थिरता वैश्विक आर्थिक व्यवस्थाकी परीक्षा ले रहे हैं।

❑ महेन्द्र तिवारी

बैंकांकमें १३ से १७ अक्तूबर २०२६ के दौरान आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंकके वार्षिक बैठकोंमें वैश्विक चुनौतियोंपर गम्भीर विचार-विमर्श हुआ। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर २०२६ की विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्टके अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वृद्धि दर २०२६ में ३.१ प्रतिशत रहनेका अनुमान है, जबकि २०२७ में इसके बढ़कर ३.४ प्रतिशत होनेकी सम्भावना व्यक्त की गयी है। इसके बावजूद संस्थाने चेतावनी दी है कि मौजूदा आर्थिक मजबूतीको स्थायी मान लेना उचित नहीं होगा। युद्ध, महंगी, ऋण और तकनीकी निवेशसे जुड़े जोखिम इस वृद्धिको प्रभावित कर सकते हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी पहली बड़ी चुनौती युद्ध और उससे उत्पन्न ऊर्जा संकट है। पश्चिम एशियामें जारी संघर्षने कच्चे तेलकी आपूर्ति, समुद्री परिवहन और अंतरराष्ट्रीय व्यापारके सामने नयी कठिनाइयां पैदा की हैं। विशेष रूपसे होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गमें किसी भी प्रकारका व्यवधान दुनियाके अनेक देशोंकी अर्थव्यवस्थाको प्रभावित कर सकता है। इस मार्गसे होने वाला ऊर्जा व्यापार बाधित होनेपर तेल और गैसकी कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका प्रभाव केवल पेट्रोल और डीजलतक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, बिजली उत्पादन, कृषि, उर्वरक निर्माण और औद्योगिक उत्पादनकी लागतपर भी पड़ता है। ऊर्जाकी कीमतोंमें वृद्धिका सबसे अधिक बोझ उन देशोंपर पड़ता है, जो अपनी आवश्यकताओंके लिए दूसरे देशोंसे तेल और गैस आयात करते हैं। भारत भी इस श्रेणीमें आता है। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजारमें कच्चा तेल महंगा होता है तो देशका आयात व्यय बढ़ सकता है। इससे व्यापार संतुलन, रुपयेकी विनिमय दर और घरेलू महंगीपर दबाव पड़नेकी आशंका रहती है। वस्तुओंके परिवहनकी लागत बढ़नेसे खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोगकी वस्तुओंके दाम भी प्रभावित हो सकते हैं। इस प्रकार युद्धका प्रभाव युद्धक्षेत्रसे हजारों किलोमीटर दूर रहने वाले सामान्य नागरिकोंकी रसोईतक पहुंच जाता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने अक्तूबरकी अपनी रिपोर्टमें २०२६ के लिए वैश्विक महगी दर ४.७ प्रतिशत रहनेका अनुमान लगाया है। इसके बाद २०२७ में इसके घटकर ४.१ प्रतिशत होनेकी संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि ये अनुमान उपलब्ध आंकड़ों और मौजूदा परिस्थितियोंपर आधारित हैं। यदि संघर्ष बढ़ता है, ऊर्जा आपूर्तिमें लम्बे समयतक बाधा आती है या व्यापारिक तनाव गहराता है तो महंगीपर दबाव अनुमानसे अधिक हो सकता है। इसलिए सरकारोंके सामने चुनौती केवल आर्थिक वृद्धि बनाये रखनेकी नहीं, बल्कि आम लोगोंकी क्रयशक्तिकी रक्षा करनेकी भी है। दूसरी बड़ी चुनौती बढ़ता सार्वजनिक ऋण है। अनेक देशोंने महामारी, आर्थिक मंदी, युद्ध और सामाजिक कल्याण योजनाओंके प्रभावोंसे निबटनेके लिए भारी उधारी ली है। अब बढ़ती ब्याज दरों और महंगी होती उधारीके कारण उनके लिए ऋण चुकाना कठिन होता जा रहा है। जब सरकारी आयका बड़ा हिस्सा ब्याज और पुराने कर्जकी अदायगीमें खर्च होता है, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत संरचना और गरीबी उन्मूलन जैसी योजनाओंके लिए संसाधन सीमित हो जाते हैं। विकासशील देशोंकी स्थिति विशेष रूपसे चिन्ताजनक है। इन देशोंको एक ओर अपने नागरिकोंकी बुनियादी जरूरतें पूरी करनी हैं, वहीं दूसरी ओर आर्थिक विकासके लिए निवेश भी करना है। यदि विदेशी मुद्रामें लिया गया ऋण महंगा हो जाय या उनकी मुद्राका मूल्य गिर जाय तो ऋण चुकानेका बोझ और बढ़ जाता है। ऐसेमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंककी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। जरूरतमंद देशोंको वित्तीय सहायता उपलब्ध करानेके साथ उन्हें ऐसी नीतियां अपनानेमें सहयोग देना आवश्यक है, जिनसे आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़े और भविष्यमें अत्यधिक उधारीकी आवश्यकता कम हो। १७ अक्तूबरको बैंकांकमें हुई अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समितिकी बैठकके बाद जारी वक्तव्यमें युद्धसे उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों और ऊंची ऊर्जा कीमतोंका सामना कर रहे देशोंको अधिक सहायता देनेकी आवश्यकतापर जोर दिया गया। समितिने यह भी स्वीकार किया कि बढ़ते व्यापारिक तनाव और भू-राजनीतिक विभाजनसे वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित हो सकती हैं। इससे स्पष्ट है कि आर्थिक संकटका समाधान केवल अलग-अलग देशोंकी नीतियोंसे सम्भव नहीं है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी आवश्यक है। तीसरी बड़ी चुनौती कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें तेजीसे बढ़ता निवेश है। इस तकनीकने उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, बैंकिंग और संचारके क्षेत्रमें नयी संभावनाएं पैदा की हैं। बड़ी कम्पनियां आंकड़ा केन्द्रों, उन्नत संगणक उपकरणों और नयी तकनीकोंपर भारी धन खर्च कर रही हैं। इससे निवेश, उत्पादन और व्यापारको प्रोत्साहन मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने भी माना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशने वैश्विक आर्थिक वृद्धिको सहारा दिया है। लेकिन इस विकासके साथ वित्तीय जोखिम भी जुड़े हैं। यदि निवेशकोंकी उम्मीदें वास्तविक उपलब्धियोंसे बहुत आगे निकल जाती हैं तो कम्पनियोंके मूल्यांकनमें असंतुलन पैदा हो सकता है। मान लीजिए कि किसी कम्पनीमें इस उम्मीदसे भारी निवेश किया जाता है कि उसकी नयी तकनीक भविष्यमें बहुत अधिक लाभ देगी। यदि अपेक्षित लाभ नहीं मिलता तो निवेशकोंका विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप कम्पनियोंके शेयरोंकी कीमतें गिर सकती हैं, निवेश घट सकता है और वित्तीय बाजारोंमें व्यापक अस्थिरता पैदा हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर रिपोर्टमें कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशकी संभावित गिरावटको वैश्विक अर्थव्यवस्थाके लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम बताया गया है। संस्थाने यह भी संकेत दिया है कि यदि इस तकनीकसे अपेक्षित उत्पादकता लाभ मिलता है तो आर्थिक वृद्धिको अतिरिक्त गति मिल सकती है। अर्थात् इसके परिणाम दोनों दिशाओंमें जा सकते हैं। समस्या तकनीकी विकासमें नहीं, बल्कि वास्तविक क्षमतासे अधिक उम्मीदें लगाने और जोखिमोंकी उपेक्षा करनेमें है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताका एक दूसरा पक्ष रोजगार और आर्थिक असमानतासे संबंधित है। नयी तकनीक अनेक कामोंको सरल और तेज बना सकती है, लेकिन कुछ पारम्परिक कार्योंकी आवश्यकता भी घट सकती है। यदि श्रमिकोंको समयपर प्रशिक्षण और नये कौशल प्राप्त करनेके अवसर नहीं मिलते तो रोजगार संबंधी कठिनाइयां बढ़ सकती हैं। तकनीकी निवेशका लाभ उन देशों और कम्पनियोंको अधिक मिल सकता है, जिनके पास पर्याप्त पूंजी, बिजली, डिजिटल आधारभूत संरचना और प्रशिक्षित कर्मचारी हैं। दूसरी ओर कमजोर अर्थव्यवस्थाएं इस परिवर्तनके साथ कदम मिलानेमें पीछे रह सकती हैं। इसलिए तकनीकी प्रगतिके साथ शिक्षा, प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षापर भी निवेश करना आवश्यक है। भारतके लिए इन चुनौतियोंमें जोखिमके साथ अवसर भी छिपे हुए हैं। देशको ऊर्जाके विभिन्न स्रोतोंका विकास करना चाहिए, ताकि किसी एक क्षेत्र या आपूर्तिकर्तापर अत्यधिक निर्भरता न रहे। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा विकल्पोंको बढ़ावा देनेसे दीर्घकालमें आयात संबंधी जोखिम कम किये जा सकते हैं। साथ ही सार्वजनिक व्ययमें अनुशासन बनाये रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अनुसंधान और रोजगार सृजनके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें भारत अपनी युवा आबादी, तकनीकी प्रतिभा और व्यापक घरेलू बाजारका लाभ उठा सकता है। इसके लिए केवल नयी तकनीक खरीदना पर्याप्त नहीं होगा। देशमें अनुसंधान, कौशल विकास, सुरक्षित आंकड़ा व्यवस्था और स्थानीय आवश्यकताओंके अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करनेपर भी ध्यान देना होगा। छोटे उद्योगों और सामान्य नागरिकोंतक तकनीकी लाभ पहुंचाना जरूरी है, ताकि इसका लाभ कुछ बड़ी कम्पनियोंतक सीमित न रहे। अंतत: वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति यह संदेश देती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है। सहयोग, दूरदर्शिता और संतुलित नीतियोंके माध्यमसे ही आर्थिक विकासकी सम्भावनाओंको सुरक्षित रखा जा सकता है।



वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति कहती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है।

अंधाधुंध विकाससे भीषण संकट

हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है कि स्वयंको बदलो या बर्बाद हो जाओ। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।

❑ सुनीता नारायण

नेपालमें बाढ़से १४१० से अधिक व्यक्तियोंकी मौतकी पुष्टि हो चुकी है और अभी भी हजारों लोग लापता हैं। यह एक बेहद बड़ी एव दर्दनाक मानवीय त्रासदी है लेकिन एक तरहसे मनुष्यके जान-बूझकर किये गये कार्यों और हाथ-पर-हाथ धरे रहनेके कारण भी है। असलियतमें यह त्रासदी हमारी सोचका परिणाम है। मनुष्य का यह विश्वास है कि वह कुछ भी फिरसे बना या बदल सकता है। हम ब्रह्मांड और इसमें मौजूद सभी वस्तुओंको नियंत्रित कर सकते हैं। हम ही सबसे ताकतवर जीव हैं जो जलवायु परिवर्तनका सामना कर सकते हैंए, आखिर यह तो मौसमसे जुड़ी एक छोटी और मामूली-सी बात है। दरअसल यह सब हमारी वजहसे हो रहा है। मुझे इसे सिलसिलेवार ढंगसे समझाने दें। पहला सवाल यह है कि नेपालमें २६ अगस्तको क्या हुआ। हम सभीने जो तस्वीरें देखी होंगी, वे पहाड़के गिरनेकी हैं-बस ढहनेकी-जब अचानक बाढ़ और ढेरों मलबेने अपने रास्तेमें आने वाली सभी वस्तुओंको दफन कर दिया। इसमें चीनके आव्रजन कार्यालयकी विशाल इमारत भी शामिल थी। यह डरावना दृश्य-सा है, जैसे किसी वैज्ञानिक कल्पनापर आधारित फिल्मसे निकला हो। अब हम जानते हैं कि यह अचानक आयी बाढ़ अत्यधिक बादल फटनेसे नहीं हुई थी। यह लांगटांग लिरुंग चोटीके पास ऊंचे हिमखंडके ढहनेसे शुरू हुई थी। इसमें अनुमानित १४.२ करोड़ घन मीटर बर्फ और चट्टानें खिसकीं और इससे ५.२ तीव्रताकी भूकम्पीय घटना हुई। इससे प्राकृतिक बांधोंका निर्माण हुआ, जिनमें पानी एवं हिमनदसे बहाकर लायी गाद जमा हो गयी। फिर जब यह बांध टूटा तो इससे निचले इलाकेमें और भी विनाशकारी बाढ़ आयी। इसका कोई मुख्य कारण नहीं है लेकिन दो घटनाओंने इस क्षेत्रमें इस और इसी तरहकी अन्य त्रासदियोंमें बहुत योगदान दिया है। एक है जलवायु परिवर्तनके कारण होने वाली गर्मी। तापमान बढ़नेसे हिमनद पिघलते हैं। यह पिघलकर जब पहाड़से नीचेकी ओर आते हैं तो इससे हिमोढ़ ढलानें कटने लगती हैं। यह बम है जो फटनेके लिए तैयार है। ऐसा नेपालमें भी हुआ है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तनके कारण बेहद मुश्किल मौसम वाली घटनाओंकी आवृत्ति और तीव्रता बढ़ रही है और इससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी भीषण आपदाएं आती हैं। ऐसी घटनाएं २०२५ में हिमाचल प्रदेश, २०२४ में सिक्किम और २०२१ में चमोलीमें देखी गयीं। लिहाजा हम जिम्मेदार हैं, हम सभी। इसमें विशेष रूपसे वे देश भी हैं, जिन्होंने वायुमंडलमें ग्रीनहाउस उत्सर्जनके बढ़नेमें सबसे अधिक योगदान दिया है। ग्रीनहाउसके कारण तापमान बढ़ा रहा है और इससे बेकाबू विनाश हो रहा है। लोगोंकी मौतकी ऐतिहासिक जिम्मेदारीसे सर्वाधिक अमीर और सबसे विकसित देश भी पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं। नेपालमें मरने वालोंकी संख्या बढ़ रही थी लेकिन विश्व १८७० के औद्योगिक कालकी तुलनामें १.५ डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धिकी सीमासे नीचे रहनेके परिकल्पित रास्तेपर आगे बढ़नेको तैयार नहीं था। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रमका अनुमान है कि दुनिया कुछ ही वर्षोंमें इस दायरेको लांघ जायगी। वैज्ञानिकोंको पता है कि १.५ डिग्री सेल्सियससे परे तापमान बढ़नेके प्रभाव बढ़ते जायंगे। इसके प्रभाव कहीं अधिक विनाशकारी होंगे- बर्फकी चादरोंके ढहनेसे लेकर अटलांटिक मेरिडियल ओवरटेकिंग सर्कुलेशन जैसी समुद्री धाराओंमें व्यवधान और बहुत कुछ। इस गर्मीमें हमने जो बेहद गर्मी, आग और अन्य मौसमकी असामान्यताएं देखीं, वे केवल उसकी झांकियां थी। काफी घटनाएं होनेका इंतजार कर रही हैं। फिर भी हम अपने पृथ्वीके तंत्रमें टूटनको लेकर शांत दिखते हैं। आज हम इंसानके अनुचित कृत्यों, जैसे बेवजह युद्धोंके कारण आर्थिक और आजीविकाकी चिन्ताओंसे बेहद विचलित हैं और यह मौजूदा संकट महत्वहीन लगता है। हम उत्सर्जनपर महज पैबंद लगा रहे हैं और प्रकृत्तिके दायरेमें रहनेके लिए बदलाव नहीं कर रहे हैं। हिमालयके मुद्देपर वापस आते हैं। हम जानते हैं कि पारिस्थितिकीतंत्रके इन ज्वलंत स्थानोंपर कभी भी फटने वाले बमोंको विकासकी प्रकृतिने और बदहाल कर दिया है। हम प्रकृतिका ध्यान रखनेके बारेमें बढ़ चढ़कर बातें करते हैं लेकिन उसपर ध्यान ही नहीं दिया जाता है। हमें बदलती जलवायुपर अनिवार्य रूपसे जितना ध्यान रखना चाहिए, उतना रखते नहीं हैं। हम असलियतमें यह विश्वास करते हैं कि हम जो कर सकते हैं, उसे करते रहेंगे और उसका कोई प्रभाव भी उजागर नहीं होगा। जैसे संकीर्ण नदियोंपर बांध बनाकर तैयार होने वाली जलविद्युत परियोजनाओंको लें। मैंने पहले भी कहा है और इसे दोहराऊंगी, यह बांध विकासके नहीं है, बल्कि लापरवाहीके साथ किया विकास है। भारतके हिमालय क्षेत्रमें एकके बाद एक परियोजनाएं आ रही हैं, ताकि गंगाका स्वरूप ही बदल दिया जाय। गंगा स्वाभाविक रूपसे प्रवाहित होना बंद कर देंगी। इसका कारण यह है कि ये परियोजनाएं गंगाके पानीको नियंत्रित करेंगी, इसे बिजली उत्पन्न करनेके लिए ले जायंगी और फिर इसे वापस छोड़ देंगी। इसके साथ ही, हम पहाड़ोंमें सुरंगें बना रहे हैं और सड़कें बना रहे हैं, अक्सर ढलान प्रबंधनके प्रावधानके बिना। मैं और भी बहुत कुछ बता सकती हूं। सचाई यह है कि हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका यह संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है-अपनी मानसिकता बदलोय यह सोच कि तुम मुझे वशमें कर सकते हो और मुझे घुटनोंपर ला सकते हो, काम नहीं करेगी। संदेश है 'बदलो या बर्बाद हो जाओ'। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।



भरत मिलाप

❑ सदानन्द शास्त्री

भरतको जब पता चला कि माता कैकेयीने उन्हें राजसिंहासनपर बैठानेके लिए रामको १४ वर्ष का वनवास दिलाया है तो वह मातासे भला-बुरा कहने लगे और रामको वापस लानेके लिए वनकी ओर चल दिये। उधर वनमें प्राकृतिक शोभासे युक्त दर्शनीय स्थल चित्रकूट पर्वतपर निवास करते हुए राम-सीता प्राकृतिक छटाका आनन्द ले रहे थे, सहसा उन्हें चतुरंगिणी सेनाका कोलाहल सुनाई दिया और वन्य पशु इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिये। यह देखकर राम लक्ष्मणसे बोले, ऐसा प्रतीत होता है कि इस वन-प्रदेशमें वन्य पशुओंके आखेट हेतु किसी राजा या राजकुमारका आगमन हुआ है। तुम जाकर इसका पता लगाओ। लक्ष्मण तुरन्त एक ऊंचे वृक्षपर चढ़ गये। उन्होंने देखा, उत्तर दिशासे एक विशाल सेना हाथी, घोड़ों और अस्त्र-शस्त्रोंसे सुसज्जित सैनिकोंके साथ चली आ रही है जिसके आगे अयोध्याकी पताका लहरा रही थी। लक्ष्मण समझ गये कि वह अयोध्याकी सेना है। रामके पास आकर क्रोधसे लक्ष्मणने कहा, भैया! कैकेयीका पुत्र भरत सेना लेकर इधर चला आ रहा है। वह वनमें अकेला पाकर हमारा वध कर देना चाहता है जिससे निष्कंटक होकर अयोध्यापर राज्य कर सके। मैं इस भरतको उसके पापोंका फल चखाऊंगा। रामने कहा, लक्ष्मण! तुम ये कैसी बातें कर रहे हो। भरत तो मुझे प्राणोंसे भी प्रिय है। अवश्य ही वह मुझे अयोध्या वापस ले जानेके लिए आया होगा। बादमें लक्ष्मण अपने कठोर शब्दोंके लिए क्षमा मांगते हैं और भरत राम जीकी चरण पादुकाएं अयोध्या ले जाते हैं एवं राजकाज संभालते हैं। लखन राम सियं सुनि सुर बानी। अति सुखु लहेउ न जाइ बखानी॥ इहां भरतु सब सहित सहाय। मंदाकिनीं पुनीत नहाय॥ सरित समीप राखि सब लोगा। मागि मातु गुर सचिव नियोगा॥ चले भरतु जहं सिय रघुराई। साथ निषादनाथु लघु भाई॥ लक्ष्मणजी, श्री रामचंद्रजी और सीताजीने देवताओंकी वाणी सुनकर अत्यंत सुख पाया, जो वर्णन नहीं किया जा सकता। यहां भरतजीने सारे समाजके साथ पवित्र मंदाकिनीमें स्नान किया। फिर सबको नदीके समीप ठहराकर तथा माता, गुरु और मंत्रीकी आज्ञा मांग कर निषादराज और शत्रुघ्नको साथ लेकर भरतजी वहां चले जहां श्री सीताजी और श्री रघुनाथजी थे।

हड्डियोंके बदलावको गम्भीरतासे लें

❑ ऋतुपर्ण दवे

हड्डी गतिशील ऊतक है जो अस्थि निर्माण, मॉडलिंग और रीमॉडलिंग जैसी कई प्रक्रियाओंके माध्यमसे लगातार बदलती और अनुकूलित होती रहती है। इसमें आम तौरपर अस्थि क्लास्ट और अस्थि ब्लास्टकी समन्वित गतिविधियां शामिल होती हैं। अस्थि ब्लास्ट वह प्रक्रिया है, जिसमें विशेष कोशिकाएं नयी हड्डीके निर्माण और हड्डीके विकासमें मदद करती हैं। यह हड्डीमें कैल्शियम और अन्य खनिजोंको जमा करके नया अस्थि ऊतक तैयार करती हैं। ब्लास्ट कोशिकाएं अपरिपक्व या शुरुआती स्तरकी कच्ची कोशिकाएं होती हैं जो अस्थि मज्जामें बनती हैं और बादमें परिपक्व होकर लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं या प्लेटलेट्समें बदल जाती हैं। सामान्य अस्थि मज्जामें इनकी संख्या बहुत कम (पांच प्रतिशतसे कम) होती है। यदि अस्थि मज्जा या रक्तमें ब्लास्ट कोशिकाओंकी संख्या बीस प्रतिशत या उससे अधिक हो जाय तो यह ल्यूकेमिया यानी रक्त कैंसर या अन्य अस्थि मज्जा विकारोंका संकेत हो सकता है। जबकि अस्थि क्लास्ट विशेष प्रकारकी अस्थि कोशिकाएं होती हैं, जिनका मुख्य काम पुरानी, क्षतिग्रस्त या अनावश्यक हड्डीके ऊतकोंको तोड़ना और अवशोषित करना होता है। इस चक्रमें गड़बड़ीसे हड्डियोंके स्वास्थ्यमें जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनमेंसे एक जटिलता ऑस्टियोपोरोसिस है, जिससे विश्व स्तरपर लाखों लोग प्रभावित हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे अमूमन प्रतिवर्ष लगभग नौ लाख लोगोंकी हड्डियां टूटती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस एक जटिल विकार है जो जीवनशैली, शारीरिक गतिविधियां, आनुवंशिकी, हार्मोनल और अंत:स्रावी तंत्र, सह-रुग्णता यानी पूर्वसे मौजूदा रोग और कुछ दवाओंके उपयोग सहित कई कारकोंसे प्रभावित होता है। इसीसे बचाव, निदान और उपचारके लिए जागरूक करनेके हेतु हर वर्ष २० अक्तूबरको विश्व ऑस्टियोपोरोसिस-डे अलग-अलग थीमके साथ मनाया जाता है। इस वर्षकी थीम है 'बिल्ड, प्रोटेक्ट, स्ट्रेनदन योर बोन्स फॉर लाइफ' यानी जीवनभरके लिए अपनी हड्डियोंका निर्माण करें, रक्षा करें और उन्हें मजबूत बनायें। ऑस्टियोपोरोसिसको साइलेंट यानी 'खामोश बीमारी' कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती दौरमें इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं। प्राय: इसका पता तब चलता है जब मामूली झटके, छींकने या गिरनेसे हड्डी टूट जाती है। इसके कारण कूल्हे, रीढ़ और कलाईकी हड्डियां टूटनेका खतरा सबसे ज्यादा रहता है। विश्व आस्टियोपोरोसिस दिवसका मुख्य उद्देश्य लोगोंमें हड्डियोंकी कमजोरी और नाजुक होनेकी बीमारीके कारणों, इसकी रोकथाम और शुरुआती निदान एवं इलाजके प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियानका नेतृत्व वैश्विक स्तरपर इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन यानी आईओएफ द्वारा किया जाता है। सच तो यह है कि उम्र बढ़नेके साथ नयी हड्डियोंके बननेकी तुलनामें पुरानी हड्डियोंके नष्ट होनेकी गति तेज हो जाती है। हार्मोनल बदलावके चलते महिलाओंमें मेनोपॉज यानी महावारी बंद होनेके बाद एस्ट्रोजन हार्मोनकी कमीसे यह समस्या तेजीसे बढ़ती है। वहीं पुरुषोंमें ५०-६० वर्षकी आयुके बाद जोखिम बढ़ जाता है। पोषणकी कमी होनेसे भी शरीरमें कैल्शियम और विटामिन-डी की भारी कमी हो जाती है जिससे भी हड्डी कमजोर हो जाती है और इसके टूटनेका खतरा बढ़ जाता है। अन्य कारणोंसे भी हमारी हड्डियां कमजोर और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। शारीरिक गतिविधियोंमें सक्रिय न रहना, धूम्रपान, अत्यधिक शराब पीना और कुछ खास दवाओं (जैसे स्टेरॉयड) का लम्बे समयतक इस्तेमालका भी प्रभाव पड़ता है। इसका पता लगानेके लिए आम तौरपर प्रचलित साधारण एक्स-रे की जगह डेक्सा स्कैन कराया जाता है जिसे चिकित्सकीय भाषामें बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट कहते हैं। ऑस्टियोपोरोसिस इसलिए भी बहुत खतरनाक हो जाता है, क्योंकि इसके कोई शुरुआती लक्षण नहीं दिखते हैं। इस बीमारीमें कोई संकेत भी नहीं मिलता है जिससे महसूस हो सके कि आस्टियोपोरोसिससे व्यक्ति घिरता जा रहा है। इस बीमारीमें सिरदर्द, बुखार या पेट दर्द भी नहीं होता जिससे पता चल सके कि शरीरमें कुछ गड़बड़ी है। हां बहुत ही मामूली तौरपर शरीरमें कुछ बदलाव नजर आ सकते हैं जो यह संकेत दे सकते हैं कि हड्डियां कमजोर या घनी हो रही हैं। ऑस्टियोपोरोसिसके संकेतोंके लिए कुछ चेतावनियां भी हैं जैसे कि लम्बाईमें इंच-सवाइंच या उससे अधिकको कमी होना। स्वाभाविक शारीरिक मुद्रामें परिवर्तन, जैसे झुकना या आगेकी ओर अधिक मुड़ना, सांस लेनेमें तकलीफ होती है जिसकी वजह रीढ़की हड्डीमें डिस्कके संकुचित होनेसे फेफड़ोंकी क्षमता कम हो जाती है। किसी व्यक्ति द्वारा अपने शारीरिक रूपमें होने वाले बदलावोंको पहचानना मुश्किल हो सकता है। इसको स्वजन या अन्य लोग जिनसे आप कुछ अन्तरालसे मिल रहे हैं वही बता सकते हैं कि शरीरमें क्या बदलाव दिख रहे हैं। इसके लिए एक सुझाव यह भी दिया जाता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदातासे मिलकर अस्थि घनत्व परीक्षण करवाना चाहिए। ५० वर्षसे अधिक आयुके लगभग एक-तिहाई वयस्कोंमें, जिन्हें ऑस्टियोपोरोसिस नहीं है, ऑस्टियोपेनिया पाया जाता है। इसका अर्थ यह है कि उनकी हड्डियोंका घनत्व उनकी उम्रके हिसाबसे कम है। यह भी ऑस्टियोपोरोसिसके प्रारंभिक लक्षण हैं। यदि ऑस्टियोपेनियाका इलाज समयपर न किया गया तो यह ऑस्टियोपोरोसिसमें परिवर्तित हो सकता है। इसलिए बढ़ती उम्रमें ऐसी बीमारियोंसे बचनेके लिए सचेत रहते हुए समय-समयपर जरूरी चिकित्सकीय परामर्श लेते रहना आवश्यक होता है।

मसौढ़ी में युवक की पीट-पीटकर हत्या

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट के समीप देवी मंदिर के पास एक युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और उसके शव को घसीटकर रेलवे प्लेटफार्म पर फेंक दिया गया। घटना के बाद पूरे प्लेटफार्म पर खून के धब्बे बिखरे मिले हैं, जिससे प्रतीत हो रहा है कि युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया है। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद हुई है। इसके अलावा प्लेटफार्म पर दो आधार कार्ड भी इधर-उधर गिरे हुए मिले हैं। मृतक की पहचान राजू कुमार उम्र 23 साल पिता दिन यादव बलमा चक मसौढ़ी का निवासी है सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल, थानध्यक्ष मसौढी विवेक भारती, जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार, और नदौल ओपी प्रभारी रौशन कुमार पूरे दलबल के साथ मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंचकर तकनीकी साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस हर बिंदु पर मामले की जांच कर रही है। डीएसपी राघव दयाल ने बताया कि मृतक राजू कुमार पहले बाहर में मजदूरी का काम करता था बाद में मसौढी आकर शराब की तस्करी का कार्य में जुट गया था, सुबह 4:00 बजे चाय की दुकान पर इसे देखा गया था, परिजनों ने बताया कि शाम को 7:00 बजे घर से बाइक लेकर निकला था, वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले युवक को उसके दोस्तों ने बाइक से बुलाया होगा, उसके बाद दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हुई और फिर उसे दौड़ा-दौड़ाकर मार दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद शव को रेलवे ट्रैक पर फेंककर इसे रेल हादसा दिखाने की कोशिश की गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और बड़ी संख्या में लोग रेलवे ट्रैक पर जमा हो गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

नयी पीढ़ी को नहीं मिल रहा टैलेंट का सही मंच

बिहटा (आससे)। टैलेंट को सही मंच नही मिलने पर उनकी विशेषता का लाभ नही मिल पाता है अगली पीढ़ी को। नए जेन जी का सबसे बड़ी समस्या नौकरी उचित वेतन उचित जगह नही मिलना है। इसी क्रम में जुवेरिया जाहरा ने कहा कि खास कर महिलाओं में शिक्षा के बाद आगे की मंजिल कठिन दौर से गुजरता है। तेज तर्रार मिलनसार इंग्लिस में दक्ष स्नातक, एक निजी विद्यालय में टीचर की भूमिका निभाते हुए अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखे है। किसी भी मुद्दा को बड़ा सलीके से परोसती है। उचित मंच और हुनर की पहचान के साथ कद्र की जरूरत है बिहार में। सी बी एस सी स्कूलों में इंग्लिश की महत्ता अधिक है। अधिकतर छात्र साइंस की ओर केंद्रित रहते है। आज की दौर में छात्रों को इंग्लिस और कम्प्यूटर की महत्ता को समझना होगा।



मनेर में दो सड़क हादसे में बच्ची समेत दो की मौत, आधा दर्जन घायल

मनेर। मनेर थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में 6 साल की बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी दशहरा मेला और भूत बंगला पंडाल देखने मनेर आ रहे थे। पहला हादसा मनेर - बिहटा मार्ग पर टाटा कॉलोनी के पास हुआ। दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में बिहटा थाना क्षेत्र के चौड़ा गोपालपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार के पुत्र मनीष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों बाइकों पर 7 युवक सवार थे। घायलों को मनेर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। दूसरा हादसा महिनावा गांव के पास हुआ, जहां ऑटो और ई-रिक्शा की आमने-सामने टक्कर में 6 वर्षीय बच्ची अमृता कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। मृत बच्ची मनेर के दोस्त नगर निवासी उमेश राय की पुत्री थी। हादसे में महिला समेत 6 लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन की हालत गंभीर है। घायलों में दोस्त नगर की अंजली कुमारी, जाफरपुर की देवंती देवी और कटेसर निवासी मुन्ना कुमार शामिल हैं। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसों के बाद मेला घूमने की खुशियां मातम में बदल गईं।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

बख्तियारपुर (आससे)। बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के खाईंच गांव के सामने फोर लेन पर साइकिल सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। मृतक अंकित कुमार फतुहा थाना क्षेत्र का निवासी था। पुलिस ने शव को अन्त्यपरीक्षण हेतु बाढ़ भेज दिया है।

देर रात तक होता रहा प्रतिमाओं का विसर्जन

मनेर। मंगलवार की रात से लेकर एवं बुधवार की देर रात तक प्रतिमाओं का विसर्जन होता रहा। बड़ी देवी जी, मंझली माता एवं छोटी माता समेत मनेर के करीब पचास प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान अखाड़ा जुलूस भी निकाला गया।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान युवक की डूबने से मौत

मनेर। बुधवार को मनेर में प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद विसर्जन घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन के खिलाफ पूजा समिति के लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। मृतक की पहचान नगर परिषद वार्ड संख्या 01नेवाती मोहल्ला निवासी सुरेश पासवान के 22 वर्षीय पुत्र शशि पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रामघाट पुल के पास सोन सोता में मनेर शहरी क्षेत्र की दर्जनों प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा था। इसी दौरान शशि गहरे पानी में चला गया और डूब गया। स्थानीय लोगों ने शव को पानी से निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनेर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के डूबने के बाद विसर्जन में लगे पूजा समिति के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। समिति के लोगों ने बताया कि प्रशासन की ओर से विसर्जन घाट पर सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया गया था। प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन मौके पर व्यवस्था शून्य थी। समिति के लोगों का कहना है कि घटनास्थल पर न तो स्थानीय पुलिस की टीम मौजूद थी और न ही नगर प्रशासन की ओर से घाट पर किसी कर्मी को तैनात किया गया था, जिससे पूजा समिति के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन प्रमंडल समस्तीपुर, भवन निर्माण विभाग

केवल ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर

ई0 – निविदा आमंत्रण सूचना (TWO BID SYSTEM)

अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 20/भ0प्र0समस्तीपुर/2026–2027

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (Internet payment Gateway Chalan के माध्यम से) (रू0 में)	बीड़ प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1.	Repair work of Administrative Building, Girl's Hostel & Boy's Hostel (2 block) including water supply & sanitary installation at Kameshwar Narayan Singh Govt. Polytechnic Kishanpur Tabkha Under Bibhutipur Block in Distt. Samastipur (with electrical work).	1,21,92,500.00	244000.00	10000.00	As per Website	06 माह।

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, समस्तीपुर।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि – 15.10.2026
3. निविदा को सिस्टम पर अपलोड करने की तिथि – 05.11.2026
4. निविदा कागजात डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय – 26.11.2026 के 03.00 बजे अप0 तक।
5. टेकनीकल बीड खोलने की तिथि एवं समय – 27.11.2026 के 03.30 बजे अप0 तक।
6. वित्तीय वीड खोलने की तिथि एवं समय पदाधिकारी – तकनीकी बीड मूल्याकनोपरांत सक्षम के आदेशानुसार।
7. निविदा बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
8. निविदा स्वीकृत करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – अधीक्षण अभियंता, भ0नि0 वि0,भवन अंचल दरभंगा

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, समस्तीपुर
भवन निर्माण विभाग

PR- 013914 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

नम आंखों से मां को दी गयी विदाई

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी मे विजयादशमी के साथ ही मां दुर्गा की विदाई शुरू हो गई है। मसौढ़ी शहर में इस बार प्रशासन की ओर से 24 घाटों पर विसर्जन घाट चिन्हित किया गया है।वहीं मसौढी शहर के विभिन्न पूजा पांडल में स्थापित मां दुर्गा की सभी प्रतिमाओं का विसर्जन दूधीचक घाट में किया गया। शहर में इस साल कुल 17 स्थानों पर पूजा पंडाल सजाए गए थे। विसर्जन से पहले सभी समितियों ने अपने-अपने पंडालों से गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला और नगर भ्रमण कराया। इस दौरान पूरा शहर बोलो दुर्गा मैया की जय के जयकारों से गूंज उठा। हर चौक-चौराहे पर पुलिस का कड़ा पहरा देखा गया।

दूधीचक घाट पर विसर्जन के लिए प्रशासन ने विशेष तैयारी की थी। पुलिस बल के साथ गोताखोर और नगर परिषद की टीम तैनात रही। विसर्जन से पहले समितियों ने विधिवत पूजा, आरती और हवन किया, उसके बाद प्रतिमा को तालाब में विसर्जित किया गया। विसर्जन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। भारत माता पूजा समिति के अध्यक्ष शंभू सिंह ने बताया कि नौ दिन तक मां की सेवा करने का सौभाग्य मिला और आज भारी मन से उन्हें विदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मां से यही प्रार्थना है कि अगले बरस फिर इसी तरह हमारे बीच आएं। समिति के सदस्यों की आंखें इस दौरान नम दिखीं। मसौढी अनुमंडल में कुल 55 जगह पर पूजा पंडाल बनाए गए थे और सभी जगह पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी वहीं विसर्जन के लिए अनुमंडल प्रशासन के द्वारा 24 घाट चिन्हित किए गए हैं सभी जगह पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है इसके अलावा सभी पूजा समितियां को सह निर्देश दिया गया कि शाम के बाद नाव का परिचालन नहीं होगा दूधिचा घाट पर मजिस्ट्रेट के तौर पर बीडीओ प्रभाकर कुमार, अंचलाधिकारी ऋषिकेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन, अमीन रामाधार कुमार यादव, सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद के अलावा छाता ओपी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार मंडल समेत भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही। बहरहाल मसौढ़ी शहर में बड़ी ठाकुरवाडी मंदिर, थाना के पास भारत माता पूजा समिति, मेंन रोड में मां काली पूजा समिति, अस्पताल रोड में फाइव स्टार क्लब, मालिकाना में मां काली पूजा समिति और संगत पर मोड़ के पास का पूजा पंडाल मुख्य रूप से आकर्षक रूप में पंडाल और प्रतिमा रही।



फतुहा (आससे) के अनुसार बुधवार को फतुहा के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में माँ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ महान पवित्र एवं आस्था का प्रतीक त्योहार दुर्गापूजा हर्षोल्लास के साथ शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो गया। इस त्योहार को लेकर रविवार से बुधवार तक फतुहा की सड़कों पर माँ दुर्गा के दर्शन-पूजन करने वाले श्रध्दालुओं का तांता लगा हुआ था। विभिन्न धार्मिक संस्थानों एवं पंडालों में आयोजित दुर्गा पूजा में कल्याणनाथ मन्दिर, काली स्थान मन्दिर, बड़ी देवी जी बाकीपुर, देवी स्थान गोविन्दपुर, सम्मसपुर आदि स्थानों पर स्थापित माँ दुर्गा का प्रतिमा विशेष आर्कषण का केन्द्र बना हुआ था। बुधवार को पूजा समितियों द्वारा संध्या समय से ही माँ दुर्गा के विसर्जन कि तैयारी कर गाजे-बाजे के साथ शहर के बिभिन्न मुहल्लो में भ्रमण कराया गया और गुरुवार को अहले सुवह तक पवित्र गंगा घाट केवला तल विसर्जन किया गया। इस मौके पर स्थानीय प्रशासन द्वारा भी प्रत्येक चौक-चौराहा पंडालों के समीप चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।

बख्तियारपुर (आससे) के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में दुर्गापूजा का त्योहार हर्षोल्लास, प्रेमपूर्वक शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। पूजा के दौरान क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव कायम रहा। दसवीं तिथि को दशहरा के शुभारंभ हो गया। दशहरा के दिन ही दुर्गापूजा समिति करनौती के साथ ही लौका कालॉनी श्रीदुर्गा प्रतिमा के साथ ही थाना तिरोह के निकट स्थापित माता काली एवं माता दुर्गा की प्रतिमा का देर रात को भाव विह्वल होकर श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। दशहरा के अवसर पर बख्तियारपुर के वार्ड संख्या ७ स्थित सीढ़ी घााट के निकट गंगा के स्मरणीय घाट पर रावण वध का आकर्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जयश्रीराम का उद्घोष करते हुए मेला का आनंद लेने के लिये बाजार क्षेत्र में प्रवेश करना शुरू कर दिया। मेला सहित रावध वध कार्यक्रम में आरक्षी उपाधीक्षक आयुस कुमार श्रीवास्तव, थाना प्रभारी विनोद कुमार अंचलाधिकारी पवन कुमार सशस्त्र पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था बनाने रखने के लिए प्रयासरत थे।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01 SBD / 2026-27

(राष्ट्रीय स्पर्द्धा)

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्य का विवरण –

ग्रुप सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	पैमार सिंचाई योजनान्तर्गत बायाँ मुख्य नहर के विभिन्न बिन्दुओं पर तटबंध सुदृढ़ीकरण तथा आवश्यक नहर संरचनाओं के जीर्णोद्धार/मरम्मति का कार्य।	279.45813	5.59000	10000.00	5900.00	03 माह

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक –15.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक – 28.10.2026 से दिनांक – 04.11.2026 के **3.00** बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक– 31.10.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालन्दा, बिहारशरीफ के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक – 06.11.2026, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ। मो0न0: 7463889411
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.013923 (WRD) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

150 साल पुरानी परंपरा के तहत महाबलीपुर में हुआ कुश्ती दंगल

राजू यादव बने अखाड़े के सर्वश्रेष्ठ पहलवान

पालीगंज (आससे)। महाबलीपुर गांव में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर करीब 150 वर्षों से चली आ रही कुश्ती प्रतियोगिता की परंपरा गुरुवार को भी कायम रही. महाबलीपुर स्थित अखाड़े में आयोजित दंगल में विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला और दमखम का प्रदर्शन किया.



प्रतियोगिता में महाबलीपुर के राजू यादव को अखाड़े का सर्वश्रेष्ठ पहलवान घोषित किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी रहे एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष (पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ) सुनील यादव ने फीता काटकर किया.दंगल में 12 जोड़ी अन्य पहलवानों ने भी जीत हासिल की। विजेता पहलवानों में मोहम्मदपुर के दीपक चंद्रवंशी और मनोज चंद्रवंशी, नगला के राहुल कुमार, बैदराबाद के प्रेम कुमार, रकसिया के गुड्डू यादव, अकुरी के दीपक गोस्वामी और सुभाष कुमार, महाबलीपुर के सचिन और सनी यादव, तेलपा के मुकेश यादव, धोखहरा के मंटू यादव तथा मोहम्मदपुर के रजनीश कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता के समापन पर सुनील यादव, मुखिया निकेश कुमार, समाजसेवी शिवप्यारे सिंह और बिपिन पाठक ने विजेता पहलवानों को चांदी के मेडल और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। करीब डेढ़ शताब्दी पुरानी इस परंपरा के निर्वहन से ग्रामीण खेल संस्कृति और कुश्ती के प्रति लोगों का उत्साह देखने को मिला।

मोरहर नदी में नहाने गया युवक डूबा

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बैरागीबाग गांव में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। मोरहर नदी में नहाने गया एक युवक गहरे पानी में चले जाने से डूब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान निरंजन कुमार उम्र 32 वर्ष पिता धर्मेंद्र मांझी ग्राम बैरागीबाग के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि निरंजन रोज की तरह सुबह नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। जब तक लोग कुछ समझ पाते, वह पानी में समा गया। कुछ देर बाद नदी में शव को तैरते देख लोगों ने हो-हल्ला किया और उसे बाहर निकाला। बाहर निकालने पर उसकी पहचान बैरागीबाग निवासी निरंजन के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर खेत मजदूर सभा के नेता संजय पासवान और नागेश्वर पासवान परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने प्रशासन से मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा और सहायता राशि देने की मांग की है।

मसौढ़ी में दिखा बंगाल जैसा नजारा, अस्पताल रोड में सिंदूर से सराबोर हुई महिलाएं

मसौढ़ी (आससे)। दशहरा बीतते ही बुधवार को मसौढ़ी के अस्पताल रोड में कुछ अलग ही रंग देखने को मिला। यहां बीते नौ दिनों से विराजी मां दुर्गा की विदाई का दिन था। सुबह से ही पंडाल में भीड़ थी, लेकिन दोपहर होते-होते पूरा माहौल लाल-सिंदूरी हो गया।

मौका था सिंदूर खेला का। पंडाल में मौजूद सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने थाल में सिंदूर सजाया और पहले मां के चरणों में अर्पित किया, फिर एक-दूसरे की मांग में सिंदूर भरने लगीं। कोई गाल पर लगा रही थी तो कोई हाथों में। देखते ही देखते हर चेहरा सिंदूर से दमक उठा। बीच-बीच में महिलाएं ढोलक की थाप पर नाचतीं और बोलतीं - आसचे बोछोर आबार होबे...।

पूर्व वार्ड पार्षद जुली कुमारी ने बताया कि हम लोग मां को बेटी मानते हैं। बेटी जब ससुराल जाती है तो सिंदूर से ही विदा करते हैं। यही परंपरा हम सालों से निभा रहे हैं। एक अन्य युवती ने कहा, विदाई का दुख तो है, पर मां से यही प्रार्थना है कि अगले साल फिर जल्दी आएं। अस्पताल रोड पूजा समिति के आयोजकों ने बताया कि इस बार पूजा में विशेष भीड़ रही। नौ दिनों तक मेला जैसा माहौल रहा। आज विसर्जन से पहले सिंदूर खेला के बाद प्रसाद के तौर पर चाट, जलेबी और मिठाइयां बांटी गईं। गौरतलब है कि सिंदूर उत्सव बंगाल की परंपरा है, जिसे अब मसौढ़ी जैसे छोटे शहरों में भी महिलाएं पूरे उत्साह से अपना रही हैं। विजयादशमी पर इसे सुहाग की सुख-समृद्धि और मां के सम्मान का प्रतीक माना जाता है। राधा कुमारी, अनिता कुमारीस नमिता कुमारी समेत सैकड़ों महिलाओं ने सिंदूर खेला कर मां को नम आंखों से विदाई की।

आवास योजना से नाम कटने पर उपमुखिया को कट्टा लेकर धमकाया, गिरफ्तार

नौबतपुर (आससे)। पिपलावां थाना क्षेत्र के पनहारा गांव में आवास योजना से नाम कटने से नाराज एक व्यक्ति ने बारा पंचायत के उपमुखिया जागेश्वर कुमार को कथित तौर पर कट्टा दिखाकर धमकी दी। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी से कट्टा छीन लिया, जिसके बाद वह वहां से भाग निकला। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से छीना गया कट्टा भी बरामद कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, बारा गांव निवासी अंकित कुमार उर्फ टल्लू का नाम आवास योजना की सूची से कट गया था। इससे नाराज होकर वह कट्टा लेकर उपमुखिया जागेश्वर कुमार के घर पहुंच गया और उन्हें धमकाने लगा। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने उसके हाथ से कट्टा छीन लिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद उपमुखिया ने पिपलावां थाना में अंकित कुमार उर्फ टल्लू के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और छीना गया कट्टा भी बरामद कर लिया।

भूतबंगला देखने उमड़ी हजारों की भीड़, भगदड़ जैसी स्थिति

मनेर। थाना क्षेत्र के बस्ती रोड स्थित काजी मोहल्ला में बाल मंडली छात्र संघ की ओर से दुर्गा पूजा के अवसर पर बनाए गए भूत बंगला को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। भूत बंगला की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मनेर के अलावा आरा और छपरा जिले से भी बड़ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंचे। अप्रत्याशित भीड़ के कारण पंडाल के पास भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। इस दौरान सैकड़ों चप्पलें इधर-उधर बिखरी नजर आईं। भूतबंगला को आकर्षक और डरावना रूप देने के लिए आयोजकों ने विशेष तैयारी की थी। गुफानुमा संरचना, नरकंकाल और दर्जनों भूतों की आकृतियों से पंडाल को इस तरह सजाया गया था कि अंदर जाने वाले लोगों को डरावना और रोमांचक अनुभव हो। यही वजह रही कि दशहरा मेले के दौरान इसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी।

काजी मोहल्ला की संकरी गली में बने भूत बंगला में एक साथ बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से भीड़ का दबाव बढ़ गया। स्थिति ऐसी हो गई कि पंडाल के आसपास भगदड़ जैसी परिस्थितियां बन गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार, उन्होंने दशहरा मेले में इससे पहले इतनी बड़ी भीड़ नहीं देखी थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को दोनों दिन कुछ घंटों तक भूत बंगला का शो बंद करवाना पड़ा। हालांकि, प्रशासन की सतर्कता और पूजा समिति के कार्यकर्ताओं की तत्परता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। भीड़ को संभालने के लिए शो को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा, ताकि पंडाल के आसपास लोगों का दबाव कम हो सके।

ब्यापुर कब्रिस्तान के पास से युवक का शव बरामद

मनेर। बुधवार को थाना क्षेत्र के ब्यापुर गांव स्थित कब्रिस्तान के पास से एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ब्यापुर गांव निवासी जाहिद हुसैन के 30 वर्षीय पुत्र सद्दाम हुसैन उर्फ राजा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

बुलेट दुर्घटनाग्रस्त, लगी भीषण आग दो युवक गंभीर रूप से घायल

खुसरूपुर (आससे)। बख्तियारपुर-पटना फोरलेन सड़क पर मंगलवार की देर रात जगमालबीघा के समीप एक तेज रफ्तार व अनियंत्रित बुलेट मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे के बाद बुलेट में भीषण आग लग गई और वह धू-धू कर जल उठी। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान खुसरूपुर थाना क्षेत्र के शेख मुहम्मदपुर निवासी गोपाल महतो के 25 वर्षीय पुत्र बृजनंदन कुमार एवं दशरथ महतो के 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बुलेट बख्तियारपुर की ओर से काफी तेज गति में आ रही थी। इसी दौरान जगमालबीघा के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया।

बंदरों के आतंक से त्राहिमाम

बिहटा (आससे)। पटना जिला के बिहटा प्रखण्ड अन्तर्गत डिहरी गांव में लगभग 200 बंदरों की टोली ने पूरे गांव में आतंक मचा दिया गया। डिहरी गांव के निवासी सुमित कुमार ने जानकारी दी है कि बंदर अकेले देख किसी भी व्यक्ति पर आक्रामक प्रहार कर रहा है और काट रहा है। किसी के छत पर न तो कपड़ा रहने दे रहा है और न ही किसी प्रकार के सामान सुरक्षित है। गांव के कई लोगों को बंदर ने काट कर घायल कर दिया है कई लोग के भागते समय हाथ पैर टूट गया है। गांव के महिलाएं बच्चे दहसत में हैं डर यह है कि कही बड़ी घटना न हो, सभी अपने घर के दरवाजे बंद करके रहने को मजबूर हो गए हैं। कृषि कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो गया है किसी के खेत खलिहान में लगे सब्जी की खेती को नष्ट कर दिया है। अभी पर्व का समय है कोई डर से छत पर नहीं जा रहा है लोगो की चिंता है कि कैसे लोग कार्य करेगा कैसे पर्व को मनाएगा ग्रामीणों ने वन विभाग और जिला अधिकारी से अनुरोध है कि गांव के लोगों को सुरक्षा हेतु बंदरों को यहां से हटाया जाए ताकि चैन से गांव के लोग अपना जीवन यापन कर सकें।

मसौढ़ी के गांधी मैदान में रावण दहन के बाद मचा कोहराम, निकास द्वार पर गिरीं कई महिलाएं, चार जख्मी

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी के गांधी मैदान मसौढी में आयोजित रावण वध समारोह संपन्न होने के बाद घर लौटने की होड़ में मुख्य निकास द्वार पर भीड़ का भारी दबाव बढ़ गया और भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस दौरान अनियंत्रित होकर गिरी कई महिलाओं के ऊपर भीड़ का दबाव बन गया, जिससे चार महिलाएं जख्मी हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पुतला दहन समाप्त होते ही हजारों की संख्या में लोग एक साथ मैदान से बाहर निकलने की कोशिश करने लगे। मुख्य गेट के पास सड़क की तुलना में मैदान का जमीनी स्तर नीचा होने की वजह से धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी आपाधापी में आगे चल रही बुजुर्ग महिलाएं लड़खड़ाकर गिर पड़ीं और पीछे से आ रही भीड़ उन पर गिर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। सड़क पर दो दर्जन से अधिक लोगों के जूते-चप्पल बिखरे पड़े रहे और लोग अपनों की तलाश में बदहवास नजर आए। जख्मी हुई तीन महिलाओं की पहचान हो गई है। घायलों में खुशबू कुमारी पति अंकित कुमार निवासी चाननपुर मसौढ़ी, गीता देवी पति भागीरथ शर्मा निवासी नगरनौसा नालंदा जो अपनी बहन के यहां संगत पर आई हुई थीं, और मुन्नी देवी पति तेतराम वार्ड नंबर 9 डेवां मसौढ़ी शामिल हैं। एक घायल महिला की पहचान अभी नहीं हो सकी है। घटना के बाद हालात बेकाबू होते देख स्थानीय युवाओं ने सूझबूझ का परिचय देते हुए मोर्चा संभाला। युवाओं ने भीड़ में फंसी महिलाओं और रोते-बिलखते बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। भारी भीड़ और जाम के चलते एंबुलेंस को मौके तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ऐसे में स्थानीय युवकों ने घायल महिलाओं को अपनी स्कूटी पर बैठाकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया। दो महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में भर्ती कराया गया, जबकि एक महिला को गंभीर स्थिति को देखते हुए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. रामानुज ने बताया कि हमारे यहां लाई गई दोनों मरीजों की स्थिति अब सामान्य है। उन्हें मामूली चोटें आई थीं। अनुमंडल प्रशासन ने भी चार महिलाओं के घायल होने की पुष्टि की है। सूचना मिलते ही एसडीओ धनराज कुमार और एसडीपीओ राघव दयाल मौके पर पहुंचे और युवाओं के सहयोग से भीड़ को नियंत्रित किया, जिससे एक बड़ा हादसा समय रहते टल गया। बताया जा रहा है कि घटना के समय बाजार से राम-जानकी का रथ भी गुजर रहा था, जिसके कारण गंभीर घायल महिला को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस को भी रास्ते में काफी देर तक जाम में जूझना पड़ा।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07R/PHED@ARWAL@2026-27

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक 13.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि :– दिनांक 26.10.2026 से 31.10.2026 को 5.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 31.10.2026 को 5:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. अग्रधन एवं परिमाण विपत्र के मूल्य एवं प्रोसेसिंग शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अन्तिम तिथि,समय एवं स्थान (Uplodead सभी कागजात हार्ड कॉपी में) :– दिनांक 02.11.2026 को 3:00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल/अधीक्षण अभियंता, आरा अंचल, आरा/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना के कार्यालय में।
6. निविदा (तकनीकी बीड) खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल। दिनांक–02.11.2026 को 04:00 बजे पूर्वाह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. कार्य का विवरण :–

ग्रुप0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाखमें)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र मूल्य रूपये में	बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस + अन्य कर (अप्रत्यर्पणीय रूप में)	कार्य समाप्ति की अवधि (माह में)
1	2	3	4	5	6	7
	लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में एस0सी0/एस0टी0/सरकारी स्कुल/सरकारी आंगनवाड़ी केन्द्र तथा पेयजल समस्याग्रस्त टोलों/वसावटों में पुराने जीर्ण–शीर्ण बंद चापाकलों के अकार्यरत होने की स्थिति में पेयजल समस्या से निजात हेतु एवं प्राकृतिक आपदा (सुखाड़/बाढ़) के कारण पेयजलापूर्ती हेतु नये IM –II चापाकलों का निमार्ण, प्लेटफार्म एवम् नाली सहित निर्माण तथा सोख्ता का निर्माण कार्य :–					
1.	125mmx40mmx61m गहराई का IM-II चापाकल 50 अदद तथा 1Mtr. व्यास x 2Mtr.गहराई का सोख्ता निर्माण कुल–50 अदद।	47.05	0.941	5000.00	590.00	2 माह

8. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर अथवाwww.eproc2.bihar.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल

PR- 013911 (PHED) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

क्लासिफाइड

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब

NAME CHANGE

I, MAJAHAR ALI S/O: JAKIR, R/O-house no 11, street no 1/2, near simran gas godun, model colony, Ludhiana, Ludhiana, Bharat nagar chowk, Punjab-141001, have changed the name of my minor son CHHANGUR ANSARI aged 17 years and he shall hereafter be known as SHOAIB ANSARI.

I hitherto known as PAWAN SINGH S/O: BALVEER SINGH, R/O- Nikat C F A School, Sarswati Vihar, Moradabad, PO: Moradabad, DIST: Moradabad, Uttar Pradesh-244001, have changed my name and shall hereafter be known as JASRATH SINGH.

I hitherto known as ABHIMANYU PAURUSH S/O: MAHENDRA SINGH PAURUSH, R/O- Siyal kheda ashoka Talkies, Hathras, Hathras, Uttar Pradesh-204101, have changed my name and shall hereafter be known as ABHIMANUYU PAURUSH.

I hitherto known as PRIYANKA SHARMA W/O: RAVITESH KUMAR Singh, R/O- 491/12, Tadbagiya, Durgavihar, Shiwans Tenray, PO: Shiwans Tanney, DIST: Kanpur Nagar, Uttar Pradesh - 208010, have changed my name and shall hereafter be known as PRIYANKA SINGH.

I, MOHAMMAD SATTAR ALI S/O: MOHAMMAD NAJEEB MIYA, R/O- khottha, Khotaha, Turkdiha, Kushinagar, Uttar Pradesh, 274149, have changed the name of my minor son KHALID aged 15 years and he shall hereafter be known as KHALID ALI.

I, MOHAMMAD SATTAR ALI S/O: MOHAMMAD NAJEEB MIYA, R/O- khottha, Khotaha, Turkdiha, Kushinagar, Uttar Pradesh, 274149, have changed the name of my minor son YOUSUF aged 13 years and he shall hereafter be known as YOUSUF ALI.

I, UDAY BHAN SINGH S/O: RUDRA PRATAP SINGH, R/O- Shankhapur, Kothi, Siddhaur, Kothi, Kothi, Bara Banki, Uttar Pradesh, 225119, have changed the name of my minor son ADARSH SINGH aged 16 years and he shall hereafter be known as PUSHPENDRA SINGH.

I hitherto known as HISAMUDDEEN IMARAN KHAN S/O: IMARAN KHAN, R/O- 181, Gugauli Khurd, Balrampur, Uttar Pradesh-271205, have changed my name and shall hereafter be known as SHAHABUDDIN.

NAME CHANGE

I, MANOJ KUMAR MAURYA S/O: RÁMFER MAURYA, R/O- gram baribara, post maugarvi, maharajganj, Mau, Rae Bareli, Uttar Pradesh-229306 have changed the name of my minor daughter SAUMYA aged 10 years and she shall hereafter be known as RIYA.

I hitherto known as DIVAN SINGH S/O: BEJNATH, R/O- Salempur Bariar Mau, Ghaghau, Firozabad, Uttar Pradesh, 205141, have changed my name and shall hereafter be known as DIMAN SINGH.

I hitherto known as REETA D/O: RAMESH, R/O-raidaspuri, Daurala (Rural), PO: Daurala, DIST: Meerut, Uttar Pradesh-250221, have changed my name and shall hereafter be known as RITU.

I hitherto known as AJAY KUMAR S/O: SUDHIR RANA, R/O-O 807, Rajnagar Extension, VVIP Addresses, Distt, Ghaziabad Uttar Pradesh-201001, have changed my name and shall hereafter be known as SHIKHER RANA.

I hitherto known as SOYEL RANA S/O JOYBER MIAH, R/O- mahiuddinpur kanawani, Shipra Sun City, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014, have changed my name and shall hereafter be known as ROYEL MIA.

I hitherto known as JITENDRA KUMAR GAUTAM ALIAS JITENDRA S/O RAMESH CHANDRA, R/O179, Hriday Pur, Thana Kalyanpur, Kanpur, Kanpur, Kanpur Nagar, Uttar Pradesh, 209217, have changed my name and shall hereafter be known as JITENDRA.

I, BALVIR SINGH S/O: THAN SINGH, R/O-Imratpur, PO: Imratpur, DIST: Amroha, Uttar Pradesh-244255, have changed the name of my minor son ALESH aged 15 years and he shall hereafter be known as AKHILESH.

I hitherto known as SHADAB S/O: DILSHAD, R/O- 61, salempur road, azad nagar, Sikandrabad, PO: Sikandrabad, DIST: Bulandshahr, Uttar Pradesh - 203205 have changed my name and shall hereafter be known as MOHD SHADAB

I, DHANIRAM S/O: JAYRAM, R/O- udaypur, Uday Pur, Lucknow, Uttar Pradesh -227309, have changed the name of my minor son ABISIKA aged 14 years and he shall hereafter be known as ABHISHEK.

I hitherto known as ARTI GARG W/O: AJAY AGNIHOTRI, R/O-435, Na Pa Bijuri, Rani Durgavati Ward No, 2 Mouharimains, Bijuri, PO: Baherabandh, DIST: Anuppur, Madhya Pradesh - 484440, have changed my name and shall hereafter be known as ARTI AGNIHOTRI.

NAME CHANGE

I, VIJAY KUMAR S/O: DHANESHWAR SINGH, R/O-Village- Nawada (Purwari Tola), PostMubarakpur, Nawada, Patna, Bihar 801505, have changed the name of my minor son AYUSH RAJ aged 16 years and he shall hereafter be known as RAJ DANGI.

I hitherto known as ANSHUL RATHORE S/O: BRAJMOHAN RATHORE, R/O- 14/7{, Navada bazar, tajganj, Agra, PO: Agra, DIST: Agra, Uttar Pradesh - 282001, have changed my name and shall hereafter be known as ANSHUIL RATHORE.

I, SANTOSH KUMAR S/O: SRINATH, R/O-Sawayya Raje, Rae Bareli, Utter Pradesh- 229404, have changed the name of my minor son YASH KUMAR aged 13 years and he shall hereafter be known as SUDEEP KUMAR.

I, ZALALUDDIN S/O: MOHAMMAD SAFUDIN, R/O- Vill- Medidih, ward No-10, Thana- aurai, Ratwara, Muzaffarpur, Bihar, 843312, have changed the name of my minor son FARHAN BAKSHI aged 17 years and he shall hereafter be known as FARHAN BAKHSHI.

It is for general information that I, MINASHREE JHA D/O: ASHOK KUMAR JHA, R/O- Mahrail, PO: Mahrail, DIST: Madhubani, Bihar- 847404, declare that name of mine has been wrongly written as MEENASHRI SURUCHI, in my class 10th educational document. The actual name of mine is MINASHREE JHA, which may be amended accordingly.

I, SHALLENDRA KUMAR S/O: RAMCHANDRA SINGH, R/O- kesath, Kesath, Buxar, Bihar- 802125, have changed the name of my minor son PRAKASH KUMAR aged 16 years and he shall hereafter be known as PREM PRAKASH.

I hitherto known as SANJAY KUMAR DAS SUDHIR DAS S/O: SUDHIR DAS, R/O- Gram Mukuriya, Mukuria, Katihar, Bihar- 854317, have changed my name and shall hereafter be known as SANJAY KUMAR DAS.

I hitherto known as ABID HUSSAIN S/O: SHEKHKAMALUDDIN, R/O- ward 6, dakhin mohala, hussainganj, Hussainganj, PO: Hussainganj, DIST: Siwan, Bihar-841237, have changed my name and shall hereafter be known as SHAIKH ABID HUSSAIN.

NAME CHANGE

I, DHEERAJ KUMAR S/O: AYODHYA PRASAD, R/O- Plot No. 20, Behind Godrej Tower, Surat Nagar Phase-1, Gurgaon, PO: Gurgaon, DIST: Gurgaon, Haryana-122001, have changed the name of my minor son RUDRA aged 04 years and he shall hereafter be known as DARSH GUPTA.

I, JAYA DEVI W/O KUMAR DHIRENDRA SINGH, R/O- Ekauna, Barahra, PO: Barahara, DIST: Bhojpur, Bihar - 802311, have changed the name of my minor daughter ADITYA SINGH aged 14 years and she shall hereafter be known as ADITI SINGH.

I hitherto known as MOHAMMED AMIN TELI S/O: SALEMAN KHAN TELI, R/O- Vpo Buhana, Jhunjhunu Pin: 333502, Rajasthan, India, have changed my name and shall hereafter be known as AMIN KHAN.

I, DINESH MANDAL S/O: CHHEDILAL MANDAL, R/O- Po-Danro Ps-Ramgar, Danro, Dumka, Danro, Jharkhand, 814102 have changed the name of my minor daughter LAKHI KUMARI aged 17 years and she shall hereafter be known as LUCKY KUMARI.

It is for general information that I, AVINASH SHARMA S/O- MADAN PRASAD SHARMA R/O: Choto Mohan Singh Jote, New Rangia, Jitu(CT), PO: New Rangia, DIST: Darjeeling, West Bengal-734013, declare that name of my mother has been wrongly written as CHANDA SHARMA in my class 10th and 12th educational documents and service record. The actual name of my mother is CHAMPA DEVI SHARMA, which may be amended accordingly.

I hitherto known as MANOJ S/O: MISHRI DAS, R/O- House no-700, near sarkari school, sant nagar, Kheri Kalan(113), Faridabad, Kheri Kalan, Haryana, 121002, have changed my name and shall hereafter be known as BARAI DAS.

I hitherto known as MADAN S/O- MAHENDER SINGH R/O- Saharan Farm House, Khinania Road, Near Shiv Mandir, Rural Area, Phorka (Pohrakan) (109), PO: Poharkan, DIST: Sirsa, Haryana, 125102, have changed my name and shall hereafter be known as ADITYA CHAUDHARY.

I hitherto known as MAHESHE S/O: SAMULOO, R/O- VTC: Kungarpal, PO: Madlapal, Sub District: Bastar, District: Bastar, State: Chhattisgarh, Pin Code: 494224, have changed my name and shall hereafter be known as MAHESH BAGHEL.

कुष्ठ रोगियों के बीच डॉ. रजनीश कांत ने मनाया जन्मदिन

पटना। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए लोग अक्सर भव्य आयोजन करते हैं, लेकिन कायरोप्रैक्टर एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रजनीश कांत ने कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के बीच अपना जन्मदिन मनाकर समाजसेवा की अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने इस खास दिन को जरूरतमंदों की सेवा और उनके बीच खुशियां बांटने के लिए समर्पित किया। डॉ. रजनीश कांत आरा के जमिरा स्टेशन से करीब एक किलोमीटर अंदर स्थित गांधी धाम आश्रम में रहने वाले कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के बीच नियमित रूप से पहुंचते हैं। वे उनकी समस्याओं को सुनते हैं और अपनी सामर्थ्य के अनुसार आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं। इस दौरान वे जरूरतमंदों के लिए पीने के पानी, कपड़े, कंबल, साड़ी और मिठाइयों जैसी आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था करते हैं। साथ ही, भोजन की व्यवस्था कर सभी को अपनेपन के साथ खाना खिलाते हैं, ताकि उन्हें सम्मान और आत्मीयता का एहसास हो। डॉ. रजनीश कांत का कहना है कि जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही उनके लिए सबसे बड़ी खुशी है। उनका मानना है कि समाज के वंचित वर्गों की मदद केवल किसी विशेष अवसर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।



उनकी यह पहल समाज को संदेश देती है कि जन्मदिन का असली आनंद दूसरों के जीवन में खुशियां लाने और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने में है। कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों को भी समाज में समान सम्मान, स्नेह और बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलना चाहिए।

भारी यात्री भीड़ के बावजूद रेलवे की समयपालनता 77 प्रतिशत से अधिक

पटना। यात्रियों की बढ़ती संख्या और भारी यात्री मांग के बावजूद भारतीय रेल ट्रेनों के समयपालन में सुधार कर रही है। बेहतर निगरानी, समय सारणी के युक्तिकरण, रखरखाव में सुधार और रेल अवसंरचना के उन्नयन से परिचालन को अधिक समयबद्ध बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018-19 में ट्रेनों की समयपालनता 69.2 प्रतिशत थी जो 2025-26 में बढ़कर 77.43 प्रतिशत हो गई। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अब तक समयपालनता 77.11 प्रतिशत दर्ज की गई है। वहीं वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 73.62 प्रतिशत था। इस प्रकार पिछले तीन वर्षों से समयपालनता 77 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। रेलवे के अनुसार सोशल मीडिया पर समयपालनता से जुड़े कुछ आंकड़े संदर्भ से अलग प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कोविड 19 महामारी के दौरान सीमित संख्या में ट्रेनों का परिचालन होने के कारण समयपालनता असामान्य रूप से अधिक दर्ज की गई थी। इसलिए उस अवधि के आंकड़ों की तुलना सामान्य रेल परिचालन से सीधे करना उचित नहीं है। वर्ष 2020-21 और 2021-22 में दर्ज उच्च समयपालनता महामारी के दौरान परिचालन की विशेष परिस्थितियों का परिणाम थी। सामान्य रेल सेवाएं बहाल होने के बाद समयपालनता दीर्घकालिक औसत के करीब आई और इसके बाद इसमें फिर सुधार दर्ज किया गया। भारतीय रेल ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और समयबद्ध यात्रा उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है। इसके लिए परिचालन प्रबंधन, निरंतर निगरानी और रेल अवसंरचना के विकास पर लगातार काम किया जा रहा है।

युविका चौधरी ने इंडियन गेम शो में प्रिंस नरूला का दिया साथ

पटना। अभिनेत्री युविका चौधरी अपने पति प्रिंस नरूला के साथ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'इंडियन गेम शो' में शामिल हुई। भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया द्वारा प्रस्तुत इस शो में दोनों ने खेलों और मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। युविका ने बताया कि प्रिंस को शो में मस्ती करते देखकर उन्हें भी इसमें शामिल होने की प्रेरणा मिली। दोनों ने एक-दूसरे के साथ मुकाबला किया और हंसी-मजाक के बीच यादगार पल बिताए।

संक्षिप्त समाचार

एसबीआई को लगातार दूसरे साल मिला विश्व का सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक पुरस्कार

पटना (आससे)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन की ओर से विश्व का सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक २०२६ चुना गया है। प्रतिष्ठित वैश्विक पुरस्कार कार्यक्रम में बैंक को लगातार दूसरे साल यह सम्मान मिला है। इसके साथ ही एसबीआई को २०२६ के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार भी मिला है। ये सम्मान डिजिटल नवाचार, उत्कृष्ट सेवाओं और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के जरिये ग्राहकों को केन्द्र में रखकर बैंकिंग सेवाएं देने में एसबीआई की निरंतर सफलता को दर्शाते हैं। इस अवसर पर एबीआई के चेयरमैन चाल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने कहा एसबीआई के लिए ये पुरस्कार गर्व की बात है, लेकिन इनका महत्व इससे कहीं अधिक है। ये दिखाते हैं कि जब किसी राष्ट्रीय संस्थान की व्यापक क्षमता देश की आकांक्षाओं से जुड़ती है, तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।

उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का शुद्ध लाभ २०० प्रतिशत बढ़ा

पटना (आससे)। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष २०२६-२७ की दूसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज करते हुए ३६.५ करोड़ का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ हासिल किया। यह पिछले वर्ष की सामान तिमाही के मुकाबले १९९.९ प्रतिशत और पिछली तिमाही के मुकाबले १५.३ प्रतिशत अधिक है। बैंक के निदेशक मंडल ने विकास को गति देने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन तरजीही आवंटन के लिए ४०९ करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने को भी मंजूरी दी है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की पूर्णकालिक निदेशक एवं अंतरिम सीईओ कैरल फुर्तादो ने कहा कि बैंक ने मजबूत ऋण विस्तार, जमा आधार मं वृद्धि सुरक्षित ऋणों की बढ़ती हिस्सेदारी और वित्तीय अनुशासन के दम पर तिमाही में रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि तरजीही आवंटन के जरिये प्रस्तावित ४०९ करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने की प्रक्रिया में इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन, बजाज लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेंस और आदित्य बिड़ता सन लाइफ इंश्योरेंस निवेश करेंगे। यह निर्मम मौजूदा प्रति शेयर बुक वैल्यू से अधिक कीमत पर प्रस्तावित है। जिससे सिंतबर २०२६ तक प्रति शेयर बुक वैल्यू में लगभग ०.८ रुपये की वृद्धि होने की उम्मीद है।

मिआ बाए तनिष्क लाया नया लाइटस्केप्स कलेक्शन

पटना (आससे)। भारत के अग्रणी समकालीन फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक मिया बाए तनिष्क ने त्योहारों के खुशनुमा माहौल की चमक को बढ़ाते हुए पेश किया है अपना नया कलेक्शन लाइटस्केप्स। यह कलेक्शन त्योहारों के दौरान घरों और उत्सवों को रौशन करनेवाली खूबसूरत लाइट्स के जादू से प्रेरित है। प्लेन सोने, नेचुरल डायमंड्स और रंगबिरंगे स्टोन्स में २३० से अधिक आकर्षक डिजाइन्स का यह कलेक्शन, अनूठी कारीगरी, आधुनिक स्टाइलिंग और रोशनी की शानदार चमक का एक बेहतरीन संगम है। यह कलेक्शन गिफ्ट देने के लिए एक बेहतरीन विकल्प है, इसमें शामिल फाइन ज्वेलरी की एक बड़ी रेंज मुख्य रूप से ५०,००० से कम की कीमत में उपलब्ध है। ९ कैरेट और १४ कैरेट सोने में उपलब्ध, इस कलेक्शन में खूबसूरत झुमकी, ट्रेंडी डैंगलर्स, नेकलेस, पेंडेंट, रिंग्स और ब्रेसलेट्स शामिल हैं। जिनमें रोज पहननेवाले हल्के आभूषणों से लेकर त्योहारों के लिए खास भारी डिजाइन्स तक सब कुछ मौजूद है।

स्टीलबर्ड हाई टेक इंडिया ने बैरगनिया में नया आउटलेट शुरू किया

बैरगनिया (सीतामढ़ी)। स्टीलबर्ड हाई टेक इंडिया लिमिटेड ने बिहार में अपनी रिटेल उपस्थिति को मजबूत करते हुए सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया में एक नये एक्सक्लूसिव स्टीलबर्ड राइडर शॉप की शुरूआत की है। गुप्ता टायर एवं हलेमेट हाउस द्वारा संचालित यह आउटलेट क्षेत्र के दोपहिया वाहन चालकों को स्टीलबर्ड के हेलमेट और राइडिंग एक्सेसरीज की विस्तृत रेंज उपलब्ध करायेगा। स्टीलबर्ड हाई टेक इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव कपूर ने कहा हमारा एक्सक्लूसिव राइडर शॉप नेटवर्क देशभर के राइटर्डस तथा गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और राइडिंग एक्सेसरीज पहुंचाने की हमारा प्रतितबद्धता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बैरगनिया में नये आउटलेट की शुरूआत बिहार में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने और उभरत बाजाराें में ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव स्थापित करने की दिशा में एक और कदम है।

अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल रीलोडेड की घोषणा

पटना। अमेजन ने ग्रेट इंडियन फेस्टिवल रीलोडेड की घोषणा की है। इसमें ग्राहकों को स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, सौंदर्य उत्पादों और घरेलू सामान पर आकर्षक छूट मिलेगी। ग्राहकों को बैंक ऑफर, नो-कॉस्ट ईएमआई और पुराने उत्पादों के बदले छूट का लाभ भी मिलेगा। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर पांच प्रतिशत अतिरिक्त कैशबैक उपलब्ध होगा। प्राइम सदस्यों को योग्य खरीदारी पर 250 रुपये तक अतिरिक्त कैशबैक मिलेगा। अमेजन नाउ पर चुनिंदा उत्पाद मिनटों में पहुंचाने की सुविधा भी होगी।

जेके मैक्स पेंट्स ने पेश किया प्रकृति प्रेमियों के लिए नया पेंट

पटना (आससे)। जेके मैक्स पेंट्स ने टिकाऊ पेंट ब्रांड जेके नैचुरल्स लॉन्च किया है। इसका पहला उत्पाद 'जेके नैचुरल्स ऑरा' है, जिसे भारत का पहला प्रकृति प्रेमियों का पेंट बताया गया है। इसमें 40 प्रतिशत से अधिक पर्यावरण-अनुकूल सामग्री और वायु शुद्ध करने वाली तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। कंपनी ने 'एक पेड़ लगाने' की पहल भी शुरू की है। इसके तहत प्रत्येक ऑनलाइन संकल्प पर कंपनी एक पेड़ लगाएगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

गजेंद्र वर्मा का नया गाना 'सहरा' रिलीज

पटना (आससे)। गायक गजेंद्र वर्मा का नया गाना 'सहरा' रिलीज हो गया है। रोमांटिक भावनाओं पर आधारित यह गीत किसी प्रिय व्यक्ति के बिना जिंदगी में महसूस होने वाले खालीपन को दर्शाता है। रेगिस्तान की कल्पना के जरिए गीत में प्यार और तन्हाई के एहसास को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया है। गजेंद्र वर्मा ने बताया कि यह गाना प्यार में होने की खुशी का जश्न मनाता है। इसकी मधुर धुन श्रोताओं को सुकून देने के साथ रोमांटिक एहसास कराती है।

माइक्रोड्रामा में कदम रखेंगी अभिनेत्री विद्या मालवडे

पटना। फिल्म 'चक दे इंडिया' से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री विद्या मालवडे अब माइक्रोड्रामा सीरीज 'स्कैम 2024- द डिजिटल अरेस्ट स्टोरी' में नजर आएंगी। स्टोरी टीवी की इस सीरीज में वह डिजिटल ठगी और ऑनलाइन अपराधों के खिलाफ संघर्ष करती दिखेंगी। कहानी डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी पर आधारित है। इसमें प्रतीक सहजपाल और विनीत रैना भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। छोटे-छोटे एपिसोड वाली यह सीरीज रोमांच और रहस्य से भरपूर होगी।

सोनालीका ट्रैक्टर्स ने 'दम' शब्द बनाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

पटना। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर स्थित सिकंदराबाद के एक खेत में हिंदी शब्द 'दम' की विशाल आकृति बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। कंपनी ने अपनी गोल्ड सीरीज के ट्रैक्टरों की मदद से 125 फीट ऊंची और 272 फीट चौड़ी आकृति तैयार की, जो 34 हजार वर्गफुट क्षेत्र में फैली है। कंपनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक रमन मित्तल ने कहा कि यह पहल किसानों के साहस, मेहनत और अदम्य हौसले को समर्पित है।

'कसूर' और 'दूरी' के साथ डब्लूआईएसएच की वापसी

पटना (आससे)। गर्ल ग्रुप डब्लूआईएसएच ने अपने नए गानों 'कसूर' और 'दूरी' के साथ आई-पॉप में वापसी की है। री, जो, सिम और सुची के ये दोनों गाने प्यार के अलग-अलग पहलुओं को दर्शाते हैं। 'कसूर' में चाहत बनने का रोमांच, जबकि 'दूरी' में किसी को खोने का दर्द महसूस होता है। समूह के सदस्यों ने बताया कि दोनों गाने एक ही कहानी के दो पहलू हैं, जिनसे श्रोता खुद को जोड़ सकेंगे।

पटना और नयी दिल्ली के बीच एक और वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल का परिचालन

पटना। त्योहारों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने पटना और नई दिल्ली के बीच एक और वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 02254 व 02253 नई दिल्ली पटना नई दिल्ली वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल के परिचालन से दिल्ली और बिहार के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इससे पहले रेलवे इस रूट पर 02252 व 02251 वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल का परिचालन कर रहा है। पूर्व मध्य रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार गाड़ी संख्या 02254 नई दिल्ली.पटना वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल 22 अक्टूबर से 26 नवंबर 2026 तक सप्ताह में तीन दिन प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और रविवार को चलेगी। यह ट्रेन नई दिल्ली से सुबह 8.35 बजे रवाना होकर रात 9. 30 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02253 पटना नई दिल्ली

22 अक्टूबर से 26 नवंबर तक सप्ताह में तीन दिन दिल्ली से पटना आयेगी ट्रेन

वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल 24 अक्टूबर से 28 नवंबर 2026 तक सप्ताह में तीन दिन प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को परिचालित होगी। यह ट्रेन पटना जंक्शन से सुबह 10 बजे खुलेगी। रास्ते में आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल और अलीगढ़ में ठहराव के बाद रात 11.30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इस फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन में वंदे भारत के कुल 20 कोच होंगे।

हॉरर और कॉमेडी का मेल बहुत दिलचस्प होता है- अक्षय कुमार



'भूत बंगला' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर की तैयारी के बीच, आपके हिसाब से किसी फैंटेसी फिल्म की कहानी में ऐसी वजह और सोच होना कितना जरूरी है, जिससे दर्शक खुद को जोड़ सकें,अक्षय कुमार - मेरा मानना है कि हर चीज के पीछे कोई न कोई वजह होनी चाहिए, फिर चाहे वो फैंटेसी की दुनिया ही क्यों न हो। जब आप कोई कॉमिक बुक पढ़ते हैं, तो उसमें भी हर किरदार की ताकत के पीछे कोई वजह होती है। ये ताकतें आती कहाँ से हैं? कोई इंसान कैसे बदलता है और उसका रूप क्यों बदल जाता है? हर बदलाव के पीछे कोई वजह होती है। जब आप असाधारण किरदारों और काल्पनिक हालात की बात करते हैं, तब भी उनके पीछे की वजह बताना जरूरी है। इससे दर्शकों को आपकी बनाई हुई दुनिया को समझने और उससे जुड़ने में मदद मिलती है। मुझे लगता है कि हॉरर और कॉमेडी का मेल बहुत दिलचस्प होता है। जब आप कोई डरावना सीन देखते हैं, तो तनाव में रहते हैं और इंतजार करते हैं कि अब क्या होने वाला है। तभी अचानक कोई मजेदार पल आ जाता है और सारा तनाव खत्म हो जाता है। लोग हँसने लगते हैं। यही मेल इस तरह की फिल्मों को इतना मजेदार बनाता है। लेकिन, कॉमेडी हालात से अपने आप निकलनी चाहिए, उसे जबरदस्ती नहीं लाया जा सकता। 'भूत बंगला' के साथ भी यही कोशिश है कि दर्शकों को दोनों तरह के अनुभव मिलें। एक पल वो डरें और अगले ही पल हँसने लगें। अब जब फिल्म का प्रीमियर ज़ी सिनेमा पर हो रहा है, तो परिवार घर बैठे साथ में इस मस्ती और पागलपन का मजा ले सकते हैं। बस आराम से बैठिए, फिल्म का आनंद लीजिए और अगर किसी ऐसे पल में हँसी छूट जाए, जब आपने इसकी उम्मीद भी न की हो, तो हैरान मत होइए। मुझे लगता है कि कॉमेडी पूरी तरह सही समय पर सही बात कहने और आसपास की चीजों पर ध्यान देने पर निर्भर करती है।

पूर्व मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर आज होगा रेल जन संवाद

पटना (आससे)। रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और यात्रियों को सुविधाजनक रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 22 अक्टूबर को पूर्व मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर रेल जन संवाद का आयोजन किया जाएगा। भारतीय रेल की ओर से विशेष अभियान 6 के तहत आयोजित इस पहल में यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और शिकायतों को सुना जाएगा। इसके आधार पर संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी। पूर्व मध्य रेल के प्रमुख और अन्य स्टेशनों पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में यात्रियों, युवाओं और अन्य हितधारकों से स्वच्छता, टिकटिंग, कैटरिंग तथा अन्य यात्री सुविधाओं के संबंध में सुझाव और फीडबैक लिए जाएंगे। प्राप्त शिकायतों और सुझावों की समीक्षा कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा। रेल जन संवाद के दौरान प्राप्त शिकायतों और सुझावों को उनके स्वरूप के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा जाएगा। पहली श्रेणी में ऐसी समस्याएं होंगी जिनका तत्काल समाधान संभव है।

दूसरी श्रेणी में उन समस्याओं को रखा जाएगा जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय और योजनाबद्ध कार्रवाई की जरूरत होगी। वहीं तीसरी श्रेणी में ऐसी समस्याएं शामिल होंगी जिनके समाधान के लिए नीतिगत निर्णय, विस्तृत योजना या उच्चाधिकारियों की स्वीकृति आवश्यक होगी। अभियान की निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यालय, मंडल और संबंधित इकाइयों में नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। प्रमुख स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में तथा अन्य स्टेशनों पर संबंधित शाखा अधिकारियों और स्टेशन प्रबंधकों के माध्यम से कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। साथ ही प्राप्त शिकायतों पर आगे की कार्रवाई की निगरानी भी की जाएगी। रेलवे ने यात्रियों से कूड़ा निर्धारित डस्टबिन में डालने, प्लास्टिक कचरे का उचित निस्तारण करने और रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है।

पूर्व मध्य रेल का मानना है कि यात्रियों और रेलकर्मियों की सामूहिक भागीदारी से रेलवे परिसरों को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में मदद मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों की समस्याओं के समाधान को प्रभावी बनाना, रेल सेवाओं में निरंतर सुधार करना और यात्री संतुष्टि बढ़ाना है।

राजद कार्यालय में मनायी गयी बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह की जयंती

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने की। इस अवसर पर नेताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि श्रीकृष्ण सिंह ने अपने कार्यों और व्यक्तित्व से समाज में एक अलग पहचान बनाई।



उन्होंने दलितों को साथ लेकर मंदिर में प्रवेश किया जिसके कारण उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद वे सामाजिक समानता और बेहतर वातावरण के निर्माण के लिए प्रयासरत रहे। उनके शासनकाल में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। कार्यक्रम में एजाज अहमद, मदन शर्मा, डॉ कुमार राहुल सिंह, मधु मंजरी सहित अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026

- **मेष**- सुसमाचार की प्राप्ति, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।
- **वृषभ**- आर्थिक उन्नति, कुछेक समस्याएं हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, विरोधी परास्त।
- **मिथुन**- व्यक्तित्व का विकास, परिजन अनुकूल, सुसंदेश, विरोधी पराभूत, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
- **कर्क**- उत्साह में कमी, शत्रु प्रभावी, सम्बन्धों में कठोरता, प्रतिष्ठा पर आघात, यात्रा कष्टकर।
- **सिंह**- कार्य में विस्तार, संयम से सिद्धि, कार्यों में वृद्धि, सम्बन्धों में सुधार, मान-प्रतिष्ठा भी।
- **कन्या**- संकल्प सिद्धि, पदोन्नति, जिम्मेदारियों में व्यय, व्यक्तित्व का विकाय, यश-वृद्धि।
- **तुला**- योजना साकार, सामाजिक रुचि, दायित्व पूर्ति, मन में शांति, नवस्थलों की यात्रा।
- **वृश्चिक**- लाभ में कमी, अशांति का वातावरण, विवाद की आशंका, मित्रों से तनाव, यात्रा कष्टकर।
- **धनु**- आर्थिक सुधार, नवीन योजना की शुरुआत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, यात्रा सार्थक।
- **मकर**- निराशा समाप्त, लाभ, आयोजन में सम्मिलित, बुद्धि का विकास, सामाजिक कृत्य संपन्न।
- **कुम्भ**- जनसंपर्क का लाभ, आर्थिक सुधार, सुसंदेश की प्राप्ति, यात्रा का प्रसंग, दाम्पत्य सुख।
- **मीन**- आंशिक सफलता, लाभ में कमी, सुख में बाधा, व्यर्थ भ्रमण, धनहानि की आशंका।

आज है जिनका जन्मदिन — 22 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 22 का मूलांक 4 का स्वामी ग्रह राहु एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। आधुनिक विचारों वाले व्यक्ति होंगे। किसी भी विषय पर विचार करें लेकिन अपना विचार कब बदल देंगे कोई निश्चित नहीं रहेगा। जीवन संघर्षों से भरा रहेगा। कोई भी कार्य दूसरों से सलाह लेकर ही करेंगे। लेकिन स्वयं निर्णय नहीं ले पायेंगे। आपके जीवन में अप्रत्याशित घटनाएँ घटित होंगी। प्रेम प्रसंगों में विफलता हाथ लगेगी। लेकिन दाम्पत्य जीवन संतोषजनक रहेगा। कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान या विलम्ब पसन्द नहीं करेंगे। बाहरी आडम्बर एवं तड़क-भड़क की ओर झुकाव अधिक रहेगा। रचनात्मक गतिविधियों में भी आपकी रूचि रहेगी। इष्ट देवी-देवता की आराधना नियमित रूप से करें। जीवन में चित्र-विचित्र चमकीले रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग करें। शनिवार के दिन काले रंग की वस्तुओं का दान करें। हित के लिए असत्य बात का सहारा न लेवें। अहिंसा का पालन करें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

- मन्त्र : ॐ रां राहुवें नमः
- व्रत : शनिवार
- दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
- दिनांक : 4, 13, 22, 31
- अंक : 1, 2, 7
- मास : फरवरी, अक्टूबर एवं अक्टूबर
- वर्ष : 4, 13, 22, 31, 40, 49, 58, 67
- रंग : काला, भूरा एवं स्लेटी
- जन्मरत्न : गोमेद उपरत्न : काला अकीक
- जड़ी : सफेद चन्दन की जड़ दिशा : आग्नेय

यन्त्र

13	8	15
14	12	10
9	16	11

वर्ष का महत्वपूर्ण समय— 21 मार्च से 28 अक्टूबर, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

सुडोकू ४०९१

4								9
8			6					
					5	1		
							6	8
	2				3			
								4
		5				2		
			4	3				
	7			8				

तरीका खेलने का -

8	7	6	4	5	9	2	3	1
5	3	1	6	7	2	4	8	9
4	2	9	3	1	8	5	7	6
1	6	4	7	2	5	8	9	3
9	5	3	1	8	4	7	6	2
2	8	7	9	3	6	1	4	5
3	4	2	8	6	1	9	5	7
6	1	8	5	9	7	3	2	4
7	9	5	2	4	3	6	1	8

हल ४०९०

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई की प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा 24 अक्टूबर को

नवादा। सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई के कक्षा षष्ठम (सत्र 2026-27) में नामांकन हेतु प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन 24 अक्टूबर 2026 (शनिवार) को किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियाँ की गई हैं। परीक्षा एकल पाली में अपराह्न 01ः00 बजे से 03ः30 बजे तक आयोजित होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम-से-कम 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना अनिवार्य है। निर्धारित समय के बाद पहुँचने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला मुख्यालय में परीक्षा के लिए नगर मध्य विद्यालय, पुरानी जेल रोड, नवादा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा केंद्र पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करने के लिए सशस्त्र बल/लाठी बल के साथ स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

इसके अतिरिक्त, परीक्षा के दौरान सतत निगरानी रखने एवं विधि-व्यवस्था संधारित करने हेतु गश्ती दल-सह-उड़नदस्ता दल में भी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सशस्त्र बल/लाठी बल के साथ की गई है।

बंद घर का ताला काटकर की 7 लाख के जेवरात और डेढ़ लाख नकद की चोरी

पटना (निप्र). पटना में चोरों का आतंक लगातार जारी है। ताजा मामला गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के पुलिस कॉलोनी से सटे एलबीएस पथ का है, जहां किराए के मकान में रहने वाले एक परिवार के घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोर घर से करीब 7 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और डेढ़ लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसमें दो संदिग्ध युवक घर के आसपास मंडराते नजर आ रहे हैं।घटना रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि की है। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक,रात करीब 12 बजकर 56 मिनट पर चोर घर में दाखिल हुए। मुख्य दरवाजे पर लगे ताले को काटकर अंदर घुसे चोरों ने करीब 28 मिनट तक घर के सामानों को खंगाला और फिर मौके से फरार हो गए।दरअसल, दशहरा के मौके पर परिवार के सदस्य दुर्गा पूजा के पंडाल और प्रतिमा देखने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। सोमवार की अहले सुबह करीब दो बजे जब पीड़ित राजकुमार शर्मा परिवार के साथ वापस लौटे, तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर सामान बिखरा देखकर उन्हें चोरी का पता चला। इसके बाद पीड़ित परिवार ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।पीड़ित परिवार के मुताबिक, चोरी हुए डेढ़ लाख रुपये उनके बेटे की होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई से संबंधित कर्ज चुकाने के लिए अलमारी में रखे गए थे। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने में जुटी है।

सीजेपी के आशुतोष रांका और सौरव दास को मिली जमानत, जेल से रिहा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मंदिर मार्ग स्थित स्पेशल एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका को रिहा करने का आदेश दिया है. दोनों पिछले सात दिनों से न्यायिक हिरासत में थे। आज दोनों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया।

दोनों की पेशी के दौरान दिल्ली पुलिस ने तीन दिनों की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग की थी लेकिन स्पेशल एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने इस मांग को खारिज कर दिया था। एसईएम कोर्ट द्वारा रिहाई का आदेश दिए जाने के बाद सीजेपी नेता सौरभ दास और आशुतोष रांका तिहाड़ जेल से बाहर आए। मीडिया से बात करते हुए बोले- इंकलाब जिंदाबाद।

एसईएम कोर्ट द्वारा सौरभ दास और आशुतोष रांका को रिहा किए जाने के बाद, मुख्य न्यायिक परिषद की कानूनी प्रमुख रत्ना सिंह ने कहा, हम इस फैसले का स्वागत करते हैं. पिछले सात दिनों से हम जमानतदार पेश कर रहे थे, और आप जानते हैं कि उन्हें कैसे खारिज किया जा रहा था, लेकिन आज, हमने अस्वीकृति का कोई आधार नहीं छोड़ा, और उन्हें न्यायिक हिरासत में रखने का कोई कारण नहीं था. उनकी रिहाई इस बात का संकेत है कि अब सब कुछ सुलझ गया है और वे आगे बढ़ सकते हैं।

इससे पहले दोनों ने आज सुबह दिल्ली हाईकोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली थी. हाईकोर्ट के जज जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने दोनों को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए सुझाव दिया था कि वे फिलहाल अपनी याचिका वापस ले लें, क्योंकि स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट आज दास और रांका द्वारा दिए गए जमानतियों पर फिर से विचार कर रहा है।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए पटना नगर निगम की व्यापक तैयारी

पटना (आससे)। दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से संपन्न कराने के लिए पटना नगर निगम ने शहर के विभिन्न घाटों पर व्यापक तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्धारित स्थलों पर कृत्रिम विसर्जन तालाब, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और सफाई के इंतजाम किए गए हैं। विसर्जन के बाद भी घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। पाटलिपुत्र अंचल के पाटीपुल घाट पर प्राकृतिक तालाब की सफाई एवं मरम्मत कराई गई है जबकि मीनार घाट पर करीब छह फीट गहरा अस्थायी तालाब बनाया गया है। बांकीपुर अंचल के लॉ कॉलेज घाट पर 150 फीट लंबे और 50 फीट चौड़े विसर्जन क्षेत्र में घेराबंदी की गई है। पटना सिटी अंचल के कंगन घाट, किला घाट और दमराही घाट पर चार से पांच फीट गहरे अस्थायी तालाब तैयार किए गए हैं। वहीं अजीमाबाद अंचल के भद्र घाट और गाय घाट पर तीन तरफ से बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। घाटों पर पूजन सामग्री और कचरा जमा होने से रोकने के लिए निगम की टीमें नियमित सफाई कर रही हैं। प्रतिमा विसर्जन के बाद मूर्तियों के अवशेष और पूजन सामग्री हटाने के लिए अतिरिक्त मानवबल लगाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर गोताखोरों की भी सहायता ली जाएगी। पाटलिपुत्र अंचल में 30 और अजीमाबाद अंचल में 140 अतिरिक्त सफाईकर्मियों की तैनाती का प्रावधान है। इसके अलावा दुर्गा पूजा से छठ महापर्व तक प्रत्येक वार्ड में 10 अतिरिक्त सफाईकर्मी तैनात करने की व्यवस्था की गई है ताकि सड़कों, पूजा पंडालों और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई बनी रहे। नगर निगम ने श्रद्धालुओं से निर्धारित स्थलों पर ही प्रतिमा विसर्जन करने तथा पूजन सामग्री और कचरा घाटों पर नहीं छोड़ने की अपील की है। निगम का लक्ष्य सुरक्षित विसर्जन के साथ घाटों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना है।

बिहार का राकेश यमन में गिरफ्तार

सीतामढ़ी(आससे)। बिहार के सीतामढ़ी के एक युवक की विदेश में गिरफ्तारी का मामला सामने आया है. वहीं जानकारी मिलने के बाद अब उसकी सुरक्षित स्वदेश वापसी को लेकर प्रयास शुरू हो गए हैं. दरअसल डुमरा प्रखंड के कुम्हरा बिशनपुर वार्ड नंबर-14 निवासी राम विनोद सिंह के बेटे राकेश कुमार को यमन की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में डर का माहौल है. वहीं स्थानीय स्तर पर भी इस मामले को लेकर चिंता जताई जा रही है. राकेश की गिरफ्तारी किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या कारण हैं, इसे लेकर विस्तृत जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। मिली जानकारी के अनुसार, राकेश के पास वैध पासपोर्ट और यात्रा से संबंधित दस्तावेज मौजूद थे. इसके बावजूद यमन की पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. इस घटनाक्रम ने परिवार के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं. परिवार की सबसे बड़ी चिंता राकेश की सुरक्षा और उनकी जल्द स्वदेश वापसी को लेकर है।

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,
(अभियंत्रण कोषांग)
विकास भवन, नया सचिवालय,
बिहार सरकार

ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं० e-Tender:- DF&ARD/अभि० को० (डेयरी, मत्स्य एवं पशु)/**F2 / 38 / 2026**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : मुख्य अभियंता, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, अभियंत्रण कोषांग, विकास भवन, नया सचिवालय, बिहार, पटना।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि : दिनांक–16.10.2026
3. निविदा कागजात प्राप्त करने (डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक–05.11.2026 से 18.11.2026 03:00 PM तक (**on website www.eproc2.bihar.gov.in**)
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक–19.11.2026 समय 03:00 PM बजे तक।
5. निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय समय : दिनांक–19.11.2026 को 4:00 PM तक (**on website www.eproc2.bihar.gov.in**)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात्
7. निविदा बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : **website www.eproc2.bihar.gov.in**
8. निविदा की वैधता अवधि (Validity Period) : 120 दिन
9. कार्य का विवरणः–

1	कार्य का नाम विभिन्न जिला अंतर्गत प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय/अनुमण्डल अस्पताल/औषधी भण्डार, जिला पषुपालन कार्यालय/ प्रांतीयकृत पशु औषधालय का मरम्मती कार्य।		प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	Bid Processing Fee	कार्य समाप्ति की अवधि	अभियुक्ति
	जिला	स्थल का नाम						
1	2	3	5	6	7	8	9	10
1	पटना-I	लई, चिकसी, चदौस, काबराजीपुर, बलीयारी, बहरामपुर	47,82,000.00	96000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	
2	पटना-II	सिरसी, मझौली, खजुरार, पंडारक, मोकामा, खुषरूपुर	52,13,000.00	104000.00	**10,000.00**	As per website	06 माह	
3	रोहतास-II	गोडारी, राजपुर, चॉप, बरॉवकला, चिलबिला	42,46,000.00	85,000.00	**5,000.00**	As per website	05 माह	
4	नालंदा-I	सरमेरा, ओईयाव, विलारी, अहियापुर	27,48,000.00	55,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
5	मुजफ्फरपुर-I	मुरौल, हरि, साहेबगंज, सरैया साहेबगंज	38,89,000.00	78,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
6	भागलपुर-I	भागलपुर, भागलपुर, सन्हौला, सुलतानगंज, पीरपैती, गोराडीह	41,08,000.00	83,000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	Two Bid System
7	भागलपुर-II	नवगछिया, नवगछिया, रगरा, गोपालपुर	31,00,000.00	62,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
8	पूर्णियाँ-I	पूर्णियाँ, हरदा, महेन्द्रपुर, चम्पानगर, जनकीनगर, बुढीया	42,90,000.00	86,000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	
9	पूर्णियाँ-II	धमदाहा, भवनीपुर, अकबरपुर, रूपौली, बहदुरा, मोहनपुर	41,68,000.00	84,000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	
10	पूर्णियाँ-III	बी०कोठी, बायसी, बैसा, अमौर	29,20,000.00	59,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	Two Bid System
11	मुंगेर-I	नौवागढी, धरहरा, तारापुर, टेटियाबम्बर	33,68,000.00	68,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
12	नवादा-I	नवादा, फुलडीह, रजौली, बढौना	28,53,000.00	57,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
13	औरंगाबाद-I	औरंगाबाद, चिल्हकी, टडवा, सिमराजफरादाबाद, जयहिन्द तेंदुआ, मदनपुर	37,96,000.00	76,000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	
14	औरंगाबाद-II	संसा, हरिगाँव, फेसर, देवहरा, रूकुन्दी, हसपुरा	44,70,000.00	90,000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	
15	रोहतास-I	रोहतास, दरिगाँव, कोनार, नटवार	24,58,000.00	50,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
16	भोजपुर-I	संदेश, शाहपुर, पवना	12,76,000.00	26,000.00	**2,500.00**	As per website	03 माह	Single Bid System
17	नालंदा-II	थरथरी, दशरथपुर, सारिलचक	20,18,000.00	41,000.00	**5,000.00**	As per website	03 माह	
18	मोतिहारी-I	घोडासहन	9,25,000.00	19,000.00	**1,250.00**	As per website	1.5 माह	
19	वैशाली-I	राघोपुर	2,99,000.00	6,000.00	**750.00**	As per website	1.5 माह	
20	बेतिया-I	चमैनिया	9,79,000.00	20,000.00	**1,250.00**	As per website	1.5 माह	
21	बांका-I	अठमाहा, पंजवारा, सिहेश्वरी	21,57,000.00	44,000.00	**5,000.00**	As per website	03 माह	
22	अररिया-I	कुआडी	7,41,000.00	15,000.00	**1,250.00**	As per website	1.5 माह	
23	किशनगंज-I	किशनगंज	13,40,000.00	27,000.00	**2,500.00**	As per website	1.5 माह	
24	कटिहार-I	समेली, रौतारा, कटिहार	21,96,000.00	44,000.00	**5,000.00**	As per website	03 माह	
25	जमुई-I	मलयपुर, लक्ष्मीपुर	15,83,000.00	32,000.00	**5,000.00**	As per website	02 माह	
26	गया जी-I	मैगर	8,27,000.00	17,000.00	**1,250.00**	As per website	1.5 माह	

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,
बिहार, पटना

PR. No. 014102 (Animal & Fish.) 2026-27 सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

शिक्षकों के तबादले...

व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित करना है। शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार तभी संभव है, जब शिक्षक स्वयं संतुष्ट, सम्मानित और सुरक्षित महसूस करें। इसी सोच के साथ सरकार शिक्षकों के हित में लगातार काम कर रही है।

सड़क हादसे में...

कोशिश की। इस हादसे में एक ही परिवार के पिता और पुत्र की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, साथ मौजूद महिला की भी जान चली गई। जैसे ही हादसे की खबर मृतकों के घर पहुंची, परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। त्योहार और मेले की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को भी दे दी गई है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और कार को अपने कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर पुलिस हादसे की वजह तेज रफ्तार या वाहनों के अनियंत्रित होने को मानकर जांच कर रही है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटा सकती है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि टक्कर किन परिस्थितियों में हुई।

फिलहाल इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है। एक साथ तीन लोगों की मौत ने पूरे परिवार और आसपास के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। मेला देखकर खुशी-खुशी घर लौट रहे परिवार के लिए रास्ते में हुआ यह हादसा जिंदगी भर का गम दे गया।

महुआ में अज्ञात...

निवासी सोहन राय के 17 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ भोला, विनोद राय के 17 वर्षीय पुत्र अमन कुमार और आलोक राय के 16 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार के रूप में की गई है।जानकारी के अनुसार तीनों दोस्त सोमवार शाम गोविंदपुर में लगे महानवमी मेले को देखने गए थे। मेला देखकर पैदल घर लौटने के दौरान जैसे ही वे मेडिकल कॉलेज के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही अभिषेक और अमन ने दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रीतम को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार अभिषेक और अमन दसवीं कक्षा के छात्र थे, जबकि प्रीतम नौवीं कक्षा में पढ़ता था। तीनों होनहार छात्रों की असामयिक मौत से गांव में मातम पसरा है और परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। इधर घटना की खबर मिलते ही नगर परिषद के सभापति नवीन चंद्र भारती, उपसभापति रोमी यादव, पैक्स अध्यक्ष रामाशंकर यादव, दिनेश राय, पूर्व सभापति प्रत्याशी अरुण कुमार सिंह, पार्षद प्रतिनिधि मुनेश्वर दास, कुमोद यादव और वार्ड संघ अध्यक्ष नूतन कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे और संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

सीवान में नाटक...

ने राहत पहुंचने का काम किया, घटना के तुरंत बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई तथा पुलिस की सहायता से एंबुलेंस को खबर कर बुलवाया गया, और 35 मिनट के भीतर चार-पांच एंबुलेंस के सहारे सभी झूलते हुए बच्चों को पहले तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहां इनका प्राथमिक उपचार हुआ फिर बिना देरी बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिवान रेफर कर दिया गया, घटना से माहौल गमगीन हो गया था दशहरे की खुशी विपदा में तब्दील हो गई थी मिली जानकारी अनुसार एक मासूम बच्चों की स्थिति गंभीर बनी हुई थी वहीं राहुल कुमार 17वर्ष, सूरज कुमार 16 वर्ष, का शरीर 80त्न से अधिक झुलस चुका था इन तीनों के अलावा विकेश कुमार भी आपकी चपेट में आने से घायल था हालांकि इसकी स्थिति सामान्य थी इस वजह से इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही चिकित्सकों ने इलाजरत रखा, बाकी के सभी बच्चों को सदर अस्पताल सिवान रेफर कर दिया गया, ज्ञात हो कि घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे सभी घायलों के इलाज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने काफी तत्परता दिखाई, तथा देर रात इलाज में मेडिकल टीम पूरी तरह तत्पर दिखी, घटना के अगले दिन पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के द्वारा घटनास्थल पहुंचकर घटनाक्रम की सुधि ली गई, इनके द्वारा लोगों से बातचीत कर पूरी जानकारी अर्जित की गई, घटना स क्षेत्र भर में लोगों के बीच चिंता और अफसोस का माहौल दिखा।

पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा...

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एस. एम. ने बुधवार को बताया कि विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा, 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि अब 31 अक्तूबर तक विस्तारित की गयी है। इस पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बुधवार को समाप्त हो रही थी। सभी पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से अब 31 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन एवं परीक्षा शुल्क जमा करेंगे।

एम्स पटना में आयुष्मान...

किया गया. दरभंगा जिले के पचगछिया निवासी 31 वर्षीय मरीज का सफल प्रत्यारोपण होने के बाद बुधवार को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी. मरीज को उसकी 24 वर्षीय पत्नी ने अपनी किडनी दान की. यह एम्स पटना में किया गया 15वां किडनी ट्रांसप्लांट है.

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, आयुष्मान भारत योजना के तहत किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी. करीब तीन लाख रुपये की लागत से हुए इस प्रत्यारोपण का खर्च योजना के तहत वहन किया गया.

एम्स पटना के निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कैशलेस किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए महत्वपूर्ण है. आर्थिक परेशानी के कारण प्रत्यारोपण नहीं करा पाने वाले मरीजों को इससे लाभ मिलेगा.

नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अमरेश कृष्ण ने बताया कि योजना के तहत किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों को प्रत्यारोपण के बाद एक वर्ष तक आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने का प्रावधान है. इसके अलावा प्रत्यारोपण के बाद होने वाली संभावित जटिलताओं के उपचार की सुविधा भी योजना में शामिल है. यूरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश गुंजन ने बताया कि इस किडनी ट्रांसप्लांट पर करीब तीन लाख रुपये का खर्च आया है. आयुष्मान योजना के माध्यम से यह सुविधा मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए किडनी प्रत्यारोपण कराना आसान होगा.

इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह, नेफ्रोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मेघा सहगल, यूरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. विपिन चंद्र, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. साकेत सिंह व डॉ. नवीन कुमार तथा एनेस्थीसिया विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) निशांत सहाय, प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार, अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अभ्युदय कुमार व डॉ. नीरज कुमार समेत अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे.

भागलपुर के डीईओ...

अवधि में डीईओ का मुख्यालय पूर्णिया प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय और डीपीओ का मुख्यालय दरभंगा प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय निर्धारित किया गया है। विभाग ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र जारी कर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की बात कही है।

बिहार कैबिनेट की...

मंजूरी मिलेगी, यह कैबिनेट के फैसलों के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। कैबिनेट की इस बैठक में सबसे अधिक निगाहें रोजगार और रोजी-रोजगार से जुड़े संभावित एजेंडों पर टिकी हुई हैं। बिहार के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना, विभिन्न विभागों में नियुक्तियों से संबंधित प्रस्तावों पर विचार करना और रोजगार व्यवस्था को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल माना जा रहा है।

कैबिनेट की बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अहम एजेंडे भी शामिल रहने की उम्मीद है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, अस्पतालों की व्यवस्था को मजबूत करने और आम लोगों तक चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है।ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि बैठक के दौरान युवाओं के हित से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव सामने आ सकते हैं। यदि रोजगार से संबंधित किसी प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो इसका लाभ राज्य के युवाओं को मिल सकता है। हालांकि, नियुक्तियों की संख्या, नई बहाली या किसी विशेष रोजगार योजना को लेकर फिलहाल किसी ठोस निर्णय की पुष्टि नहीं हुई है।

नवंबर में पीएम मोदी...

होने की संभावना है। भागलपुर जिले में पीरपैंती थर्मल पावर स्टेशन का शिलान्यास प्रस्तावित कार्यक्रम की प्रमुख योजनाओं में से एक हो सकता है। इस परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम पर नजर है। इसके अलावा कहलगांव के विक्रमशिला के पास नए केंद्रीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रखे जाने की संभावना है। इससे संबंधित कार्यक्रम को भी प्रस्तावित दौरे में शामिल किए जाने की चर्चा है।

सुल्तानगंज में अजगैवीनाथ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास भी संभावित कार्यक्रम का हिस्सा हो सकता है। इन तीनों परियोजनाओं के नाम सामने आने के बाद भागलपुर और आसपास के क्षेत्रों में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियों पर ध्यान केंद्रित हुआ है।

राज्य सरकार की योजनाओं के उद्घाटन को लेकर भी विभागीय स्तर पर सूची तैयार की गई है। भवन निर्माण विभाग की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे गए प्रस्ताव में तीन पंचायत सरकार भवनों के उद्घाटन का उल्लेख है। इनमें भागलपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड की सन्हौली पंचायत, शाहकुंड प्रखंड की सजौर पंचायत और मकंदपुर पंचायत के भवन शामिल हैं। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, इन तीनों पंचायत सरकार भवनों के निर्माण पर करीब तीन-तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। बांका जिले में भी कई पंचायत सरकार भवनों के उद्घाटन की संभावना जताई जा रही है। प्रस्तावित सूची में भरको, तारडीह, गरीबपुर, पवई, खड़िहारा, सबलपुर, सोनडीहा, मोथावाड़ी, लकरामा और ककवारा पंचायतों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा दुधारी, कंझिया, दक्षिणी कटेली, महिला विशनपुर, लोंगाय, करहरिया, तेलिया पहाड़, कोरिया और धनुषवार में बने पंचायत सरकार भवनों का भी उद्घाटन किया जा सकता है।

सूची में सापडहर, सिकंदरपुर, डहुआ, सांगा, चिलकारा, बभनगामा, फागा, कैरी और गोकुला पंचायतों के भवन भी शामिल बताए जा रहे हैं। इन पंचायतों में निर्मित भवनों के उद्घाटन को लेकर अंतिम कार्यक्रम की प्रतीक्षा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक में संभावित दौरे की तैयारियों पर चर्चा होने की उम्मीद है। बैठक में कार्यक्रम के स्वरूप, योजनाओं की स्थिति और संबंधित विभागों की तैयारियों जैसे विषयों पर विचार किया जा सकता है।

बिहार में जेन-जी...

शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों में नेक्स्ट जेनरेशन पोस्ट ऑफिस खोलने की योजना बनाई है. बिहार में फिलहाल पांच ऐसे पोस्ट ऑफिस काम कर रहे हैं, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में पांच और केंद्र खोलने की तैयारी है. इस पहल के तहत डाक विभाग अपनी सेवाओं के साथ-साथ पोस्ट ऑफिस के माहौल, कार्यशैली और लोगों से जुड़ने के तरीके में भी बदलाव कर रहा है।

बिहार की चीफ पोस्टमास्टर जनरल शशि शालिनी कुजूर ने बताया कि डाक विभाग समय के साथ अपनी सेवाओं में बदलाव करता रहा है. आज पोस्ट ऑफिस के माध्यम से आधार से जुड़ी सेवाओं, पार्सल बुकिंग, स्पीड पोस्ट, बचत खाते और बीमा जैसी सुविधाओं का लाभ लिया जा सकता है। वे बताती हैं कि विभाग का प्रयास है कि इन सेवाओं को नई पीढ़ी तक अधिक प्रभावी तरीके से पहुंचाया जाए. इसी उद्देश्य से केंद्रीय स्तर पर मिले निर्देश के अनुरूप नेक्स्ट जेनरेशन यानी एन-जेन पोस्ट ऑफिस की अवधारणा पर काम किया जा रहा है, ताकि युवा भी डाक विभाग की सेवाओं से जुड़ें और उन्हें अपनी जरूरतों के अनुसार सुविधाएं मिल सकें।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९१९
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या : R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।

आज

खेल-खिलाड़ी

https://ajhindidaily.com

पटना, गुरुवार, 22 अक्तूबर, 2026 10

सिमरन ने गोल्ड जीतकर बनाया गेम्स रिकॉर्ड, तेजलबेन का डेब्यू में कांस्य पदक



आइची नागोया (एजेंसी)। भारत की अनुभवी पैरा एथलीट सिमरन ने एशियन पैरा गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सिमरन ने नया गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वहीं, इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पदार्पण कर रही भारत की तेजलबेन डामोर ने कांस्य पदक जीतकर देश की सफलता में एक और पदक जोड़ दिया। मंगलवार को आयोजित इस स्पर्धा में सिमरन ने 24.80 सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। ईरान की हाजर सफरजादेह 25.02 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि तेजलबेन ने 25.23 सेकेंड में दौड़ पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। 26 वर्षीय सिमरन का यह एशियन पैरा गेम्स में पहला स्वर्ण पदक है। इससे पहले उन्होंने 2023 में हांगझोऊ में आयोजित एशियन पैरा गेम्स में इसी स्पर्धा में रजत पदक जीता था। सिमरन ने 2024 पेरिस पैरालंपिक में भी कांस्य पदक हासिल किया था। सिमरन फिलहाल अपने नए गाइड शिवम के साथ वापसी की राह पर हैं। उनके पिछले गाइड उमर सैफी को डोपिंग उल्लंघन के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया था।

भारत को शॉटपुट में तीनों पदक, सचिन ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

आइची नागोया (एजेंसी)। भारत के पैरा एथलीट सचिन सरजेराव खिलारी ने एशियाई पैरा गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बुधवार को नागोया में पुरुषों की एफ46 शॉटपुट स्पर्धा में सचिन ने अपने छठे और आखिरी प्रयास में 15.87 मीटर दूर गोला फेंककर नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। उनके इस प्रदर्शन के साथ भारत ने स्पर्धा में स्वर्ण, रजत और कांस्य तीनों पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया।



पेरिस पैरालंपिक 2024 के रजत पदक विजेता सचिन ने एशियाई पैरा गेम्स में अपना पिछला स्वर्ण भी बरकरार रखा। उन्होंने चीन में हुए पिछले संस्करण में स्वर्ण पदक जीता था। इस बार उन्होंने 15.67 मीटर के पुराने गेम्स रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए 15.87 मीटर का नया रिकॉर्ड कायम किया। भारत के मोहम्मद यासिर ने तीसरे प्रयास में 15.06 मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता, जबकि परवीन 14.94 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह पोडियम के तीनों स्थान भारतीय खिलाड़ियों के नाम रहे। सचिन खिलारी का स्वर्ण पदक जीतने वाला प्रदर्शन खास रहा। उन्होंने अपने छठे और आखिरी प्रयास में 15.87 मीटर दूर गोला फेंका और प्रतियोगिता का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

अशोक-पावरलिफ्टिंग, मनीष शूटिंग में जीता रजत, सृष्टि ने कांस्य पर लगाया निशाना

आइची नागोया (एजेंसी)। भारत के पैरा खिलाड़ियों ने एशियाई पैरा खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए सृष्टि ने कांस्य पदक जीतकर भारत की झोली में एक और पदक डाला। मनीष ने रजत पदक के साथ लॉस एंजिलिस के मारगोनो को कांस्य पदक मिला। हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना के रहने वाले अशोक ने 187 और अब एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। पैरा पावरलिफ्टिंग बेंच प्रेस पर आधारित स्पर्धा है, जिसमें खिलाड़ियों के शरीर के ऊपरी हिस्से की ताकत की परीक्षा होती है। इसमें अलग-अलग वजन श्रेणियों में मुकाबले होते हैं। इस खेल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के कूल्हों या पैरों में शारीरिक अक्षमता होती है। भारत के अनुभवी पैरा निशानेबाज मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में रजत पदक जीता। उन्होंने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में 233.7 अंक हासिल करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रदर्शन के साथ मनीष ने लॉस एंजिलिस पैरालंपिक 2028 का कोटा भी हासिल कर लिया। हरियाणा के बल्लभगढ़ के रहने वाले अर्जुन पुरस्कार विजेता मनीष लॉस एंजिलिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले तीसरे भारतीय पैरा निशानेबाज बने। उनसे पहले सोमवार को मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतकर कोटा हासिल किया था।



तीन और पदक अपने नाम किए। पावरलिफ्टिंग में अशोक ने पुरुषों की 65 किलोग्राम स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि निशानेबाजी में मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में रजत अपने नाम किया। वहीं, महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में पैरालंपिक 2028 का कोटा भी हासिल कर लिया। भारत के 37 वर्षीय पावरलिफ्टर अशोक ने पुरुषों की 65 किलोग्राम स्पर्धा में 192 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीता। चीन के पैरालंपिक चैंपियन जोउ यि ने 216 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि इंडोनेशिया के सबिल्लाह मुहम्मद ने 207 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 187 किलोग्राम वजन उठाकर शुरुआत की। इसके बाद अपने दूसरे प्रयास में उन्होंने 192 किलोग्राम वजन उठाया। हालांकि, वह अंतिम प्रयास में 201 किलोग्राम वजन उठाने में सफल नहीं हो सके। अशोक को बचपन में पोलियो हो गया था। इसके बावजूद उन्होंने खेल में अपनी पहचान बनाई

भारत के खाते में 12 स्वर्ण समेत अब तक 49 पदक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी बधाई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के रवि रोंगाली ने एशियन पैरा गेम्स में पुरुषों की गोला फेंक एफ40 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने नागोया में 10.02 मीटर दूर गोला फेंककर तीसरा स्थान हासिल किया। रवि का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दूसरे प्रयास में आया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 9.21 मीटर दूर गोला फेंका था। इराक के घर्राह तुनायाश ने 10.78 मीटर के प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि मलेशिया के गण-एरदेने गनसुख ने 10.30 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

राष्ट्रपति ने शॉट पुट में गोल्ड जीतने वाले आयुष वर्मा के लिए एक्स पर लिखा, 'आयुष वर्मा को एशियन पैरा गेम्स 2026 में मेन्स शॉट पुट में गोल्ड मेडल जीतने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई। सभी कंटेंडर्स में सबसे अच्छा परफॉर्मेंस देकर, आपने अपनी गिनती में दूसरा मेडल जोड़ते हुए, सबसे ऊंचे लेवल पर अपनी कंसिस्टेंसी दिखाई है। आपकी उपलब्धि ने भारत को बहुत गर्व महसूस कराया है।'

गोल्ड मेडल जीतने वाले प्रवीण कुमार के लिए उन्होंने लिखा, 'प्रवीण कुमार को एशियन पैरा गेम्स 2026 में मेन्स हाई जंप में नए गेम्स रिकॉर्ड के साथ अपना गोल्ड मेडल बचाने पर मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। उसी इवेंट में टॉप पर वापस आना और रिकॉर्ड बढ़ाना, आपके और भी ऊंचे लेवल पर पहुंचने के जज्बे को दिखाता है। हमारे यहां तिरंगा फहराया जाना और वेन्यू पर हमारा राष्ट्रगान बजाया जाना हर भारतीय के लिए हाई पॉइंट था। मैं आपके भविष्य के लिए और भी शानदार प्रदर्शन की कामना करता हूं।'

आर्चरी के पैरा कंपाउंड विमेंस डबल्स इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने वाली शीतल और पायल के लिए राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, 'शीतल देवी और पायल नाग को एशियन पैरा गेम्स 2026 में आर्चरी के पैरा कंपाउंड विमेंस डबल्स इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर बहुत-बहुत बधाई।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक

अर्शवेदा कैप्सूल



सुविचार

समय और समझ दोनों एक साथ बहुत कम मिलते हैं, इसलिए समय रहते समझदारी दिखाएं।

• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार

Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com

Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

डिस्कस थ्रो में गोल्ड जीतने के बाद प्रणव सूरमा ने क्यों याद किये विराट कोहली?



आइची नागोया (एजेंसी)। भारत के पैरा एथलीट प्रणव सूरमा ने एशियन पैरा गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीत लिया। मंगलवार को आयोजित स्पर्धा में उन्होंने 11.66 मीटर की दूरी तक चक्का फेंककर नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। इस स्पर्धा में भारत के राम रतन सिंह ने भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया। गोल्ड जीतने के बाद सूरमा ने अपनी उपलब्धि के बारे में बात करते हुए भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली का भी जिक्र किया।

आइची नागोया (एजेंसी)। भारत के स्टार पैरा एथलीट प्रवीण कुमार

एथलीट प्रवीण पैरा गेम्स में जीता गोल्ड, बंटी ने जीता सिल्वर

ने एशियाई पैरा गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बुधवार को नागोया में पुरुषों की हाई जंप टी44/64 स्पर्धा में प्रवीण ने 2.05 मीटर की छलांग लगाकर नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। भारत के बंटी ने भी इसी स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश की सफलता में योगदान दिया। उन्होंने 1.92 मीटर की छलांग लगाई, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। उज्बेकिस्तान के तेमुर्बेक गियाजोव ने 1.86 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता। इस तरह भारतीय खिलाड़ियों ने स्पर्धा में पहले और दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। प्रवीण ने अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर साबित किया कि वह ऊंची कूद में दुनिया के शीर्ष पैरा एथलीटों में शामिल हैं। प्रवीण कुमार ने प्रतियोगिता में 2.00 मीटर की ऊंचाई पार करने के बाद बार को 2.05 मीटर तक पहुंचाया और इसे भी सफलतापूर्वक पार कर लिया। इसके बाद उन्होंने 2.07 मीटर की ऊंचाई पार करने की कोशिश की, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली।



2.05 मीटर की छलांग उनके लिए स्वर्ण पदक और नया एशियाई पैरा गेम्स रिकॉर्ड लेकर आई। वहीं, बंटी ने 1.92 मीटर की छलांग के साथ रजत पदक जीता। उनका यह प्रदर्शन व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी रहा।32 वर्षीय प्रणव सूरमा ने संयुक्त एफ51/52/53 वर्ग की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में अपने चौथे प्रयास में 11.66 मीटर की दूरी हासिल की। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने गोल्ड मेडल जीतने के अलावा नया एशियाई रिकॉर्ड भी कायम किया। भारत के ही 31 वर्षीय राम रतन सिंह ने अपने दूसरे प्रयास में 10.35 मीटर की दूरी तक चक्का फेंककर सिल्वर मेडल जीता। इस तरह भारत ने स्पर्धा में गोल्ड और सिल्वर दोनों पदक अपने नाम किए।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज का आगाज आज

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का आगाज आज से होगा। टीम इंडिया इस सीरीज में न्यूजीलैंड की धरती पर अपने शानदार रिकॉर्ड को बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने 2019 के बाद से न्यूजीलैंड में कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं गंवाया है। दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए मुकाबलों में भी भारत का पलड़ा भारी रहा है। ऐसे में सवाल है कि क्या श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय टीम अपना दबदबा कायम रख पाएगी?

क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल मैदान पर भारत और न्यूजीलैंड का पहला टी20 मैच होगा। मैच भारतीय समय अनुसार दोपहर साढ़े 12 बजे होगी। मैच का लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क तथासोनी लिव ऐप पर होगी।भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक कुल 31 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें भारतीय टीम ने 19 मैच जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड को 11 मुकाबलों में जीत मिली है। एक मैच टाई रहा है। आंकड़े बताते हैं कि सबसे छोटे प्रारूप में भारत का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के खिलाफ बेहतर रहा है। दोनों टीमें पिछली बार टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में आमने-सामने आई थीं, जहां भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। अब पांच मैचों की सीरीज में दोनों टीमों के बीच एक बार फिर रोमांचक मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। न्यूजीलैंड की धरती पर भी भारतीय टीम का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। यहां दोनों टीमों के बीच खेले गए 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत ने पांच में जीत दर्ज की है, जबकि चार मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है।



भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, इशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (उपकप्तान), नमन धीर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैंड : मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिचेल, माइकल ब्रेसवेल, बेवॉन जैकब्स, ग्लेन फिलिप्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, नाथन स्मिथ, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, ब्लेयर टिकनर।

राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका बॉक्सिंग 24 से

पटना। खेल विभाग, बिहार तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के तहत दिनांक 24 से 26 अक्टूबर 2026 तक राज्य स्तरीय (अंतर प्रमंडल) विद्यालय बालिका अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता खेल भवन-सह-व्यायामशाला, राजेन्द्र नगर, पटना में आयोजित होगी।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों का होगा राज्य टीम के लिए चयन

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खेल पदाधिकारी, पटना जयनारायण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के सभी नौ प्रमंडलों एवं एकलव्य बिहार की चयनित लगभग 400 खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं टीम प्रभारी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के आवासन एवं भोजन की व्यवस्था पाटलिपुत्र खेल परिसर, पटना स्थित खेल छात्रावास में की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी, पटना के स्तर से संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। खिलाड़ियों की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए आयोजन स्थल तथा आवासन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए शुद्ध पेयजल, चलंत शौचालय तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग एवं पटना नगर निगम द्वारा की जा रही है। वहीं, प्रतियोगिता के दौरान किसी खिलाड़ी के चोटिल होने की स्थिति में त्वरित प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए सिविल सर्जन के स्तर से आयोजन स्थल और आवासन स्थल पर चिकित्सकों के साथ एम्बुलेंस की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन के लिए खेल भवन-सह-व्यायामशाला, राजेन्द्र नगर में तकनीकी पदाधिकारियों की देखरेख में बॉक्सिंग रिंग तैयार किया जा रहा है। प्रतियोगिता का निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा 10 दक्ष तकनीकी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जयनारायण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राज्य टीम का गठन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय विद्यालय बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी संबंधित विभागों एवं आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों के समन्वित प्रयास से प्रतियोगिता का सफल आयोजन सुनिश्चित होगा तथा राज्य की प्रतिभाशाली बालिका बॉक्सरों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिलेगा।

समर्पित सेवा के 31 वर्ष

निरंगा अगरबत्ती देश की खुशबू

आकर्षक हैंडल बैग में..

की

श्रद्धा

प्रीमियम धूप



वितरक रहित क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए सम्पर्क करें 6389 004433

AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO.

अनिक के 98 रन से सीएबी की बड़ी जीत, क्वार्टरफाइनल में पहुंची

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417

Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■

Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905

करुणा किंग्स ने श्रीराम खेल मैदान को आठ रन से हराया

पटना। सीएबी ग्राउंड पर चल रहे द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए मुकाबलों में करुणा किंग्स और क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार (सीएबी) ने जीत दर्ज की. पहले मुकाबले में करुणा किंग्स ने श्रीराम खेल मैदान को आठ रन से हराया. दिन का दूसरा मैच प्री क्वार्टरफाइनल खेला गया, जिसमे सीएबी ने जिग जैग क्रिकेट एकेडमी, बक्सर को 150 रन से करारी शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई.



द्वितीय विमला देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

सीएबी की जीत के हीरो अनिक रहे, जिन्होंने 98 रन की शानदार पारी खेली। पहले मैच में टॉस जीतकर श्रीराम खेल मैदान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी करुणा किंग्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 88 रन बनाए। 89 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीराम खेल मैदान की टीम निर्धारित 20 ओवर में 80 रन पर सिमट गई। शानदार गेंदबाजी के लिए प्रतीक शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दिन के दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार ने 21 ओवर में चार विकेट पर 211 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 212 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिग जैग क्रिकेट एकेडमी, बक्सर की टीम सीएबी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 12.3 ओवर में महज 61 रन पर आउट हो गई। इस तरह सीएबी ने 150 रन की बड़ी जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

सुमन कुमार ने गोवा के खिलाफ चटकाया 5 विकेट

पटना। कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी एलीट के तहत राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बिहार और गोवा की अंडर-23 टीमों के बीच खेले जा रहे चार दिवसीय मुकाबले के तीसरे दिन बिहार की टीम पहली पारी में 204 रन बनाई। गोवा ने पहली पारी में 295 रन बनाए थे, जिससे उसे 91 रनों की बढ़त मिली।



दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए गोवा ने दिन का खेल समाप्त होने तक 71 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 201 रन बना लिए हैं। इस तरह गोवा की कुल बढ़त 292 रनों की हो गई है और उसका एक विकेट शेष है। बल्लेबाजी में आर्यन अजय ने 39 रन बनाया।दिशांक मिक्केन ने नाबाद 97 रन बना कर तथा राहुल बीना खाता खोले मैदान पर डेट हुए हैं। बिहार के गेंदबाजों ने दूसरी पारी में गोवा के नौ विकेट हासिल किए, जिनमें सुमन कुमार ने 17 ओवर में 6 मेडन रखते हुए 44 रन देकर 5 विकेट चटकाया। राहुल को 2 तथा वाशुदेव और सुधांशु को 1-1 विकेट मिला। चौथे दिन बिहार की कोशिश गोवा की पारी जल्द समेटने की होगी। इसके बाद बिहार के बल्लेबाजों के सामने बड़े लक्ष्य का पीछा करने की चुनौती रहेगी।

कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी

आज से 5 नवंबर तक भाजपा चलायेगी 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान

पटना (निप्र)। भाजपा 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक प्रदेशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान चलाएगी। इस 15 दिवसीय अभियान के माध्यम से पार्टी लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता, मतदाता सूची की शुद्धता, राजनीतिक जवाबदेही और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की रक्षा जैसे मुद्दों को जनता के बीच उठाएगी। अभियान की सफलता को लेकर बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया ने पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने अभियान की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए इसे प्रदेश के सभी जिलों में प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति बनाई। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रमों के आयोजन, जिला स्तर पर समन्वय और जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया। पार्टी का उद्देश्य अभियान के जरिए लोकतंत्र से जुड़े विषयों पर अपना पक्ष जनता के सामने रखना और विपक्ष की नीतियों पर सवाल उठाना है। ?अभियान के तहत सभी जिलों में प्रेस वार्ता, पदयात्रा, युवा संवाद, विद्यार्थी संवाद और प्रबुद्ध जनों के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस और सीजेपी, की नीतियों तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति उनके दृष्टिकोण को लेकर



सवाल उठाएगी। पार्टी का आरोप है कि विपक्ष मतदाता सूची और निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर भ्रम फैलाने के साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जनता के विश्वास को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। भाजपा इन आरोपों के संदर्भ में अपना पक्ष रखते हुए जनता के बीच संवाद स्थापित करेगी।अभियान की कार्ययोजना में मतदाता सूची की शुद्धता, मताधिकार की रक्षा, कथित भ्रामक प्रचार और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दी गई है। इसके साथ ही राजनीतिक जवाबदेही, भ्रष्टाचार के आरोपों और विभिन्न राजनीतिक दलों के दावों को उनके अलग-अलग मानदंडों के आधार पर जनता के सामने रखने पर भी जोर दिया जाएगा। अभियान के तहत राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, महिला अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों से जुड़े विषयों को भी उठाया जाएगा। इसके अलावा लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ रैलियां, राष्ट्र चिंतन संवाद, घुसपैठिया हटाओ लोकतंत्र बचाओ इंफ्लूएसर आउटरीच, पत्रिका विशेषांक, साहित्य और पुस्तिकाओं का वितरण, सोशल मीडिया जनसम्पर्क, प्रचार सामग्री जैसे चीजों को शामिल किया जाएगा। ?प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, महामंत्री सरोज रंजन पटेल, उपाध्यक्ष शीला कुशवाहा, पवन जायसवाल, विधायक संजय गुप्ता, एमएलसी अनामिका सिंह पटेल, प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल, सुरेश रूंगटा सहित अभियान से जुड़ी प्रदेश स्तरीय टोली के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन और संगठनात्मक जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा हुई। ?अभियान की तैयारियों को और गति देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने जिला अध्यक्षों तथा जिला स्तरीय टोली के सदस्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी बैठक की। इसमें सभी जिलों में कार्यक्रमों के आयोजन, जनसंपर्क की रणनीति और अभियान की सफलता के लिए आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। ?भाजपा ने अभियान के जरिए प्रदेशभर में लोकतंत्र और संवैधानिक प्रक्रियाओं से जुड़े मुद्दों पर व्यापक जनसंवाद करने की योजना बनाई है।

एआई कैमरों से दो दिनों में कटा 63.81 लाख रुपये का चालान

पटना (निप्र)। पटना में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पटना पुलिस और ट्रैफिक विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इंटेग्रेटेड कमांड एंड कण्ट्रोल सेंटर में लगे आधुनिक ए आई सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने महज दो दिनों के भीतर कुल 63 लाख 81 हजार रुपये का ई-चालान काटा है। ट्रैफिक पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

दो दिनों के आंकड़े- बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग पर सबसे ज्यादा फाइन ट्रैफिक विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कैमरों की मदद से स्वचालित रूप से दर्ज किए गए उल्लंघनों का विवरण इस प्रकार है:-

19 अक्टूबर 2026 (सोमवार)=विभिन्न चौराहों पर लगे कैमरों के माध्यम से कुल 36 लाख 23 हजार रुपये का चालान काटा गया। इसमें बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों पर 21 लाख रुपये से अधिक और ट्रिपल लोडिंग करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया गया।

18 अक्टूबर 2026 (रविवार) पूरे शहर में कुल 27 लाख 58 हजार रुपये का चालान काटा गया, जिसमें सबसे ज्यादा जुर्माना बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर (15 लाख 91 हजार रुपये) दर्ज किया गया।

'लापरवाही बरतने वालों और बाइकर गैंग पर जारी रहेगा कसता शिकंजा' ट्रैफिक एसपी सागर झा

इस संबंध में ट्रैफिक एसपी सागर झा ने पहले ही स्पष्ट चेतावनी दी थी कि पटना की सड़कों पर यातायात नियमों से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया था कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपल राइडिंग करने वाले चालकों के साथ-साथ हुड़दंग मचाने वाले बाइकर गैंग्स पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

दुर्गा पूजा पंडाल में गोलीबारी, प्रसाद बांटने के दौरान चली गोली

पटना (आससे)। में दुर्गा पूजा के दौरान गोली चलने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के राजाबाजार में 53 नंबर पिलर के पास स्थित दुर्गा पूजा युवासंघ के मूर्ति पंडाल के नजदीक देर रात प्रसाद वितरण के दौरान गोली चलने की सूचना है। इस घटना में विजय नाम का एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मिली जानकारी के मुताबिक, घटना राजाबाजार इलाके में दुर्गा पूजा पंडाल के पास हुई। उस समय प्रसाद वितरण किया जा रहा था। इसी दौरान गोली चलने से विजय नाम का युवक घायल हो गया।

बताया जा रहा है कि गोली लगने के बाद उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। हालांकि, गोली चलने की वजह क्या थी और किस परिस्थिति में यह घटना हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आई है। घटना को लेकर पुलिस सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है। गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद एयरपोर्ट थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गोली किसने चलाई और घटना के पीछे क्या वजह थी।

जांच के दौरान घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, हिरासत में लिए गए लोगों की भूमिका और घटना में उनकी संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

सं. : सीआरडब्ल्यु-एचआरटी-एम-सीएएमसी-एसपीबी-26-1, दिनांक: 16.10.2026

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : कैरिज रिपेयर वर्कशॉप/हरनौत में "कोचों की पेंटिंग के लिए बिना बेंकिंग सुविधा वाले स्पे पेंटिंग बूथ का 03 वर्षों लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव का अनुबंध" 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹42,40,566/- (रू. बयालीस लाख चालीस हजार पाँच सौ छियासठ मात्र)। 3. निविदा प्रपत्र की राशि : शून्य, 4 अग्रधन की राशि : ₹84,800/- (रू. चौरासी हजार आठ सौ रूपये मात्र), 5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 06.11.2026 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी, 6 वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है : निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो किसी भी बदलाव का शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/पूमरे/हरनौत

पीआर/1154/सीआरडब्लू-एचआरटी/यां./टी/26-27/44

पटना के पटेल नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में लगी भीषण आग, दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू

(निज प्रतिनिधि)

पटना। दुर्गा पूजा के उल्लास के बीच एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के पटेल नगर इलाके में बुधवार को एक दुर्गा पूजा पंडाल में अचानक आग लग गई, जिससे मौके पर भारी अफरातफरी मच गई। पंडाल में आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और चारों तरफ चीख-पुकार मच गई।

घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं।

दमकल कर्मियों ने स्थानीय पुलिस और लोगों की मदद से काफी कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।फिलहाल पंडाल में आग लगने के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट या अन्य किसी कारण की तकनीकी जांच की जा रही है।

गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी भी बड़े जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनायें : शिक्षा मंत्री

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने 23 अक्तूबर को होने वाले बिहार विधान परिषद् के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के मद्देनजर राज्य के सभी प्रबुद्ध शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी आठों प्रत्याशियों को अपना बहुमूल्य मत देकर विजयी बनाने की अपील की है।



बुधवार को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प्रबुद्ध मतदाता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार के प्रबुद्ध शिक्षक एवं स्नातक मतदाता सरकार द्वारा शिक्षा एवं शिक्षक हित में किए गए कार्यों, लिए गए सकारात्मक निर्णयों तथा भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए मतदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में बिहार सरकार शिक्षकों के सम्मान, सुविधा और हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। श्री तिवारी ने कहा कि सरकार शिक्षकों की समस्याओं और मांगों के प्रति संवेदनशील है। शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निर्णय लिया जायेगा।

देश के अन्य राज्यों में शिक्षकों को मिल रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का भी अध्ययन कराया जा रहा है, ताकि बिहार की परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर निर्णय लिए जा सकें। हमारा प्रयास है कि शिक्षकों को सम्मानजनक कार्य-परिवेश मिले और वे पूरी निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में योगदान दे सकें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों की व्यावहारिक समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। वित्तरहित शिक्षकों के बकाया भुगतान के संबंध में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और शिक्षा विभाग की ओर से लगभग 25 हजार शिक्षकों-शिक्षकेतर कर्मियों के लिए 195 करोड़ की राशि उपलब्ध करा दी गयी है और भुगतान की प्रक्रिया डीबीटी के माध्यम से प्रारंभ कर दी गयी है। श्री तिवारी ने बिहार विधान परिषद् के चुनाव में एनडीए की ओर से चुनाव लड़ रहे पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के प्रो. नवल किशोर यादव, तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के नरेंद्र प्रसाद सिंह, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू के आनंद पुष्कर, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू के घनश्याम राय, पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू कर नीरज कुमार, कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के डॉ. एन. के. यादव, दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के सर्वेश कुमार एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू के अभिषेक झा को विजयी बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि एनडीए के प्रत्याशियों की जीत से शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं की आकांक्षाओं को मजबूती मिलेगी और सरकार तथा जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय और बेहतर होगा।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्लु.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन-लाइन (ई-निविदा) आमंत्रित करते हैं :-

निविदा सूचना संख्या : डब्लू-7/ई-टेन्डर/12/ओपेन/दानापुर/2026-27

क्रमांक : 01, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन/पटना के अधिकार क्षेत्र में गति बढ़ाने के कार्यों के लिए ट्रैक सुरक्षा फेंसिंग (बाड़) की व्यवस्था। अनुमानित निविदा राशि : ₹18,67,44,718.13 बयाना की राशि : ₹37,34,900/-

क्रमांक : 02, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : जोन नं. 09/2026-27 में सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन/पटना के अधीन सभी कार्यालय भवन, रेल कॉलोनी तथा आवासों में सभी सामान्य कार्य, पाईन लाईन, एवं सफाई कार्य, लकड़ी कार्य तथा संबंधी कार्य हेतु जोनल ठेका। अनुमानित निविदा राशि : ₹52,00,000/-, बयाना की राशि : ₹1,04,000/-

क्रमांक : 03, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : सहायक मंडल अभियन्ता/मुख्यालय/दानापुर के अंतर्गत दानापुर में DRM बिल्डिंग ऑफिस चैबर और अन्य सर्विस बिल्डिंग की विशेष मरम्मत और नवीनीकरण। अनुमानित निविदा राशि : ₹4,81,12,549.95/-, बयाना की राशि : ₹9,62,300/-

निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 10.11.2026 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। वेब साईट का नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेब साईट CRIS website: http://www.ireps.gov.in देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेग, बल्कि वेब साईट पर अप लोड किया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधन के लिए वेब साइट देखने और तदनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

मंडल रेल प्रबंधक (इजी.)/पूमरे/दानापुर

पीआर/1151/डीएनआर/अभि./टी/26-27/64

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं.: 169 / 2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए साप्ताहिक **त्योहार विशेष गाड़ी** का संचलन निम्नलिखित समय एवं ठहराव के अनुसार किया जायेगा :-

05633 / 05634 नारंगी-गोरखपुर-नारंगी आरक्षित त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 05633 नारंगी से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 23.10.2026 से 27.11.2026 तक = 06 ट्रिप

गाड़ी सं. 05634 गोरखपुर से प्रत्येक रविवार को दिनांक 25.10.2026 से 29.11.2026 तक = 06 ट्रिप

गाड़ी संख्या 05633 नारंगी-गोरखपुर		स्टेशन	गाड़ी संख्या 05634 गोरखपुर-नारंगी	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	**20:00**	नारंगी	**03:00**	-
20:20	20:30	गुवाहाटी	01:30	01:40
20:45	20:47	कामाख्या	01:10	01:12
21:30	21:35	रंगिया	23:47	23:52
22:25	22:27	बरपेटा रोड	22:45	22:47
23:15	23:25	न्यू बोंगाईगांव	22:00	22:10
00:22	00:24	कोकराझार	21:20	21:22
01:20	01:22	न्यू अलीपुरद्वार	20:03	20:05
01:40	01:45	न्यू कूचबिहार	19:40	19:45
04:35	04:45	न्यू जलपाईगुड़ी	17:30	17:40
05:26	05:28	अलुआबाड़ी रोड	16:18	16:20
05:52	05:54	किशनगंज	15:50	15:52
07:04	07:06	बारसोई	15:08	15:10
09:00	09:10	कटिहार	14:15	14:25
09:55	09:57	नवगछिया	11:50	11:52
11:18	11:20	मानसी जंक्शन	10:22	10:24
11:30	11:32	खगड़िया जंक्शन	10:10	10:12
12:02	12:04	बेगूसराय	09:33	09:35
12:40	12:50	बरौनी जंक्शन	09:05	09:15
13:40	13:42	शाहपुर पटोरी	07:45	07:47
15:00	15:05	हाजीपुर	06:55	07:00
15:15	15:17	सोनपुर	06:43	06:45
17:20	17:30	छपरा	05:10	05:20
18:40	18:45	सीवान जंक्शन	04:00	04:05
19:20	19:22	भटनी	03:23	03:25
19:55	20:00	देवरिया सदर	02:40	02:45
20:30	20:32	चौरी चौरा	02:13	02:15
21:40	-	**गोरखपुर जंक्शन**	-	**01:10**

रेक संरचनाः जनरेटर सह लगेज यान-01, सामान्य द्वितीय श्रेणी-20 एलएसएलआरडी-01 = कुल 22 कोच।

मुजाधि / टी-65 **मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

खाना बनाते वक्त सिलिंडर में हुआ धमाका

युवक की मौत

पटना (निप्र)। पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के गोसाईटोला में खाना बनाने के दौरान अचानक सिलेंडर फटने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में किराएदार संजय कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके में हड़कंप का माहौल बन गया।मिली जानकारी के मुताबिक, गोसाईटोला में मकान मालिक मनोज कुमार के मकान में संजय कुमार किराए पर रहते थे। बताया गया है कि खाना बनाने के दौरान छोटे सिलेंडर में अचानक ब्लास्ट हो गया। धमाके की आवाज से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। हालांकि, सिलेंडर में विस्फोट किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। गंभीर रूप से घायल संजय कुमार को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने उनकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर सामने आते ही घटना की गंभीरता और बढ़ गई।एसडीपीओ-2 लॉ एंड ऑर्डर सुषमा सागर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के गोसाईटोला में मकान मालिक मनोज कुमार के किराएदार खाना बना रहे थे, इसी दौरान छोटा सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। हादसे में संजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की अग्रतर अनुसंधान में जुटी है।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना

(साधारण प्रारूप)

न्यायालय-सिविल जज (जूनियर. डिवीजन), कोर्ट नं.-3, गोरखपुर

वाद संख्या-4915/2017

दिग्विजय सिंह वगैरह बनाम सनेही वगैरह

बनाम-2. श्रीमती कुन्ती देवी उम्र लगभग 50 वर्ष पत्नी श्री बलिराम प्रसाद निवासिनी ग्राम-सुल्तानपुर पोस्ट-आन्दर जिला-सिवान बिहार प्रांत

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 10 के 31 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 12 माह 10 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

वर्गीकृत

Change of Name

I hitherto known as SAROTI KUMARI D/o Birendra Gupta residing at Sikandra Pur, Sikandra Pur, Near Road Sikandarpur, PO: Sikandarpur, DIST: Siwan, Bihar-841434 have changed my name and shall hereafter be known as PRAGYA GUPTA.

9/484/26

नाम परिवर्तन

मैं, मो. नफीस खैर, पिता-सफी खैर पता-मीर गुलाबी की बाग, सदर गली, रानीपुर मिल्की चक, पटना सिटी, पटना-800008 दिनांक 21.10.26 शपथ पत्र संख्या-47 के अनुसार मोहम्मद नफीस खान के नाम से जाना जाऊंगा।

रसीद सं.-916

शपथ-पत्र

मैं सुबोध कुमार गिरि, पिता विजय शंकर गिरि ग्राम गोदना, मठिया,पो.वो थाना रिविलगंज, जिला , छपरा, सारण, बिहार, पिन कोड 841305 का निवासी हूं, शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में मेरे पिताजी का नाम विजय गिरि (Vijay Giri) दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड मे मेरे पिताजी का नाम विजय शंकर गिरि (Vijay Shankar Giri) दर्ज है। मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में मेरे आधार के अनुसार मेरे पिताजी का सही नाम Vijay Shankar Giri दर्ज कराने के लिए यह शपथ पत्र है.31017/12-10-26

9/509/26

शपथ-पत्र

मैं शर्मिला देवी उर्फ प्रमिला देवी पति मोखतार राय पता मकान नं. 106/9 सुभाष कॉलोनी शिव दुर्गा विहार लक्करपुर सुरजकुंड फरीदाबाद हरियाणा शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी सं. 535427790 है जिसमें मेरा नाम शर्मिला देवी दर्ज हैं। जबकि मेरा आधार सं.-**** 9262 है एवं मेरा बैंक खाता एवं पैन कार्ड मे मेरा नाम प्रमिला देवी हैं। मैं शर्मिला देवी उर्फ प्रमिला देवी दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूं।

9/509/26

शपथ-पत्र

मैं विरेन्द्र कुमार उर्फ विजेन्द्र कुमार पिता शीला नाथ राय उर्फ शीला नाथ प्रसाद ग्राम अपहा टोला खरीदहा पो. अपहर जिला-सारण शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी सं.- 519608667 है जिसमें मेरा नाम विरेन्द्र कुमार तथा पिता नाम शीला नाथ राय दर्ज हैं। वही मेरा आधार सं.-**** 2528 एवं बैंक खाता तथा पैन कार्ड मे मेरा नाम विजेन्द्र कुमार तथा पिता नाम शीला नाथ प्रसाद हैं। मैं तथा मेरे पिता उपरोक्त दोनों दो -दो नामों से जाने व पहचाने जाते हैं।

9/509/26

शपथ पत्र

मैं दिव्यप्रकाश कुमार (DIVY PRAKASH KUMAR) पिता हरेन्द्र सिंह ग्राम मरसुआ पोस्ट कुर्था बाजार थाना मखदुमपुर जिला जहानाबाद बिहार का स्थायी निवासी हूँ। यह कि मैं उक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरा आधार नं 5649 3031 9707 है जिस पर मेरा नाम दिव्यप्रकाश कुमार अंकित है। यह कि मेरे नाम से एक पंजाब नेशनल बैंक मुस्सी मखदुमपुर से है। जिसका खाता संख्या 1615001700300240 है। जिस पर मेरा नाम दिव्य प्रकाश कुमार अंकित है। यह कि मेरे नाम से दो पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम जहानाबाद शाखा से है जिसका पॉलिसी 515268860 एंव 885546636 है जिस पर मेरा नाम दीपप्रकाश दर्ज है। यह कि दिव्यप्रकाश कुमार एंव दीपप्रकाश दोनो नाम मेरा ही है। इस नाम से मेरे मोहल्ला में कोई दूसरा व्यक्ति नहीं हैं।

शपथ पत्र संख्या 24010/7.10.26

नाम परिवर्तन

मैं, सरोती कुमारी (पिता-बीरेंद्र गुप्ता) के नाम से जानी जाती थी और जिसका निवास सिकन्दरपुर नियर रोड, पोस्ट-सिकन्दरपुर, जिला सिवान, बिहार 841434 है, ने अपना नाम बदल लिया है, अब से मैं प्रज्ञा गुप्ता के नाम से जानी जाऊंगी।

9/484/26

AFFIDAVIT

I, Ganesh Kumar @ Raju Raz S/o Nandjee Singh, R/o Vill-Angarua, P.S.-Jagdishpur, Distt.-Bhojpur, Bihar do hereby solemnly affirm declare that my name is written in my Saving Account in Bank of Baroda as Raju Raz. In Bihar School Examination Certificate written as Ganesh Kumar which is also written in Aadhar Card. Both name are same and one person.

नाम परिवर्तन

मैं, Saraswati Kumari, पति महेश कुमार यादव, निवास-मिल्कीपर, पो.-एकंगरसराय, थाना-एकंगरसराय, जिला-नालंदा (बिहार)। शपथ पत्र सं.-22231 ता. 25.9.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि आधार कार्ड में मेरा नाम Sujeeta Kumari एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम Saraswati Kumari दर्ज है। अब मैं सभी कार्यों के लिए Saraswati Kumari के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

शपथ पत्र

मै, इन्द्रजीत राय,उम्र-लगभग 49 वर्ष,पिता-श्री राजनाथ राय,ग्राम-कबीरपुर,पोस्ट-सिधवलिया,थाना-महम्मदपुर, जिला- गोपालगंज,आधार नं.-841627927661 का निवासी हूं। उद्घोषणा करता हूं कि मेरा नाम इन्द्रजीत राय और अरुण कुमार दोनों ही है। मैं उक्त दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मेरे गांव में उक्त दोनों नामों का मेरे सिवा दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है।

9/484/26

शपथ पत्र

मैं, राजीव कुमार, स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद सिंह का पुत्र, निवासी शिवाजी नगर, बालूपुर, डाकघर एवं थाना-दीघा, जिला-पटना, बिहार, एतद् द्वारा सत्यनिष्ठा से शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि: 1. यह कि मेरे पुत्र का नाम **अन्यतम** है। 2. यह कि मैंने अपने पुत्र के नाम में उपनाम अर्थात् **सिंह जोड़ा है**। 3. यह कि मेरा पुत्र **अन्यतम** एवं **अन्यतम सिंह** एक ही व्यक्ति हैं। 4. यह कि शपथ-पत्र संख्या 9164, दिनांक 13.10.2026 के अनुसार, दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

नाम परिवर्तन

मैं, पूर्व में सीमा परवीन (Seema Perween) के नाम से जानी जाती थी, पत्नी श्री नदीम आलम (Nadeem Alam), निवासी दरियापुर फकीर, बारा, मस्जिद के पास, पटना-800004, बिहार, ने अपना नाम बदलकर अब सीमा नदीम (Seema Nadeem) रख लिया है। भविष्य में मैं इसी नए नाम से जानी जाऊँगी। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने अपना नाम परिवर्तन करने के संबंध में सभी कानूनी आवश्यकताओं का पालन किया है। शपथ-पत्र संख्या -12319, दिनांक :13.10.2026

Affidavit

I Shanti Devi alias Chinta Devi W/o Nandbutan pandit alias Nanbutan Pandit Vill + P.O. Bagar P.S Sikrahta Dist Bhojpur, Bihar do hereby solemnly declare (aff. No.- 9600 dt 05 .10 .26) That My name has been mentioned in my L I C Policy no 516958387 as CHINTA DEVI W/O NANBUTAN PANDIT. But in my Aadhar Card no. 2586 7337 0290 Shanti Devi w/o Nandbutan pandit Shanti Devi alias Chinta Devi W/o Nandbutan pandit alias Nanbutan Pandit both are the same name and same person. l have filed this affidavit in support of my both name.

9/482/26

शपथ पत्र

मैं कैलाश कुमार राजभर पुत्र रामदेव राजभर निवासी ग्राम+पो. उघरन, जिला बलिया (यू. पी.) शपथ पत्र द्वारा सूचित करता हूं कि मेरे गांव के Aditya Bhardwaj पिता-Abhiram Bhardwaj के नाम पॉलिसी सं. 512967851 जारी है। जबकि दस्तावेजों में Abhinav Bhardwaj पिता Abhiram Bhardwaj दर्ज है। जो कि ग्रा. +पो.-उघरन जिला बलिया (यू.पी.) के निवासी हैं। इस नाम का कोई दूसरा व्यक्ति इस गांव में नहीं है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है।

खोया-पाया

मैं, अशोक कुमार यादव, पिता- जय नारायण यादव, निवासी- सरोजा कोनी, वार्ड नं0-12, थाना- सुपौल नदी थाना, जिला- सुपौल, राज्य - बिहार का निवासी हूँ। अशोक कुमार यादव एवं अरुण कुमार यादव, पिता- जय नारायण यादव के नाम पर एक जमीन स्थित है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :- मौजा / गाँव :- सरोजा बेला, थाना नंबर :- 110, खाता नंबर :- 228, 423, 28, 90 खेसरा / प्लॉट नंबर :- 6024, 5994, 6006, 5970, 5971, 5972, 5973, 5974, 5979, 5980, 5981, 5984, 5715, 6013, 6014, केवाला / विलेख संख्या (Deed No.): 4724 पंजीकरण वर्ष (Registration Year): 1996 उक्त जमीन का मूल केवाला (Original Deed) दिनांक 21/09/2026 को घर से निर्मली जाने के क्रम में कहीं खो गया / गुम हो गया है। मैंने अपने स्तर पर उक्त मूल केवाला की काफी ढूँढने का प्रयास किया लेकिन वह कहीं प्राप्त नहीं हो सका। उपरोक्त कागजात जिस किसी व्यक्ति को मिले वो उपरोक्त पते पर पहुँचाने का कष्ट करें या फोन नं. मोबाइल - ....पर सूचित करें।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

अभियुक्ता की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **श्रीमती सरोज कुमारी आनंद गुप्ता,** पत्नी: आनंद गुप्ता, निवासी: जैन मंदिर के पास, दुर्गा शंकर रोड, गया, बिहार-823001 ने **सीसी एनआई अधिनियम 5363/2022 धारा 138 एनआई एक्ट थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्रीमती सरोज कुमारी आनंद गुप्ता** मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्रीमती सरोज कुमारी आनंद गुप्ता** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी एनआई अधिनियम 5363/2022 धारा 138 एनआई एक्ट थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** की उक्त अभियुक्ता **श्रीमती सरोज कुमारी आनंद गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **25.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार: श्री अनुराग छाबड़ा,
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई अधिनियम)-06,
कक्ष सं. 32, दक्षिण-पूर्व जिला,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली।

DP/14845/SE/2026

पूर्व मध्य रेल

पेंशन अदालत 15.12.2026 हेतु सूचना

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 31.10.2026

पेंशन परिवादों के निष्पादन के लिए पेंशन अदालत का आयोजन 15 दिसंबर 2026 (मंगलवार) को 11:00 बजे निम्नलिखित स्थलों पर किया जायेगा :

क्र.सं.	पेंशन अदालत हेतु आयोजन स्थल	उनके लिए जो निम्न जगह से सेवानिवृत्त हुए	आवेदन किसे संबोधित करे (परिवाद निम्नलिखित अधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए)
1	जोनल मुख्यालय/पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर	मुख्यालय कार्यालय /पूर्व मध्य रेल/ हाजीपुर	उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (आई.आर.एण्ड.डब्ल्यू) पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर
2	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, सोनपुर	सोनपुर मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरि० मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/सोनपुर
3	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर	समस्तीपुर मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर
4	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, धनबाद	धनबाद मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/धनबाद
5	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, डीडीयू	डीडीयू मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी पूर्व मध्य रेल/डीडीयू
6	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, दानापुर	दानापुर मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/दानापुर
7	यांत्रिक कारखाना/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर	यांत्रिक रेल कारखाना, समस्तीपुर	वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/पूर्व मध्य रेल/ यांत्रिक कारखाना, समस्तीपुर
8	प्लांट डिपो /पूर्व मध्य रेल, डीडीयू	प्लांट डिपो, डीडीयू	उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/पूर्व मध्य रेल/प्लांट डिपो, डीडीयू
9	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण कार्यालय पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट/ पटना	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण कार्यालय/पूमरे/महेन्द्रूघाट/पटना	वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/निर्माण/पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट/पटना
10	मुख्य कारखाना प्रबंधक, कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत	मुख्य कारखाना प्रबंधक सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत	मुख्य कारखाना प्रबंधक/सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत

उक्त पेंशन अदालत में शामिल होने के लिए कृपया अपना पूरा विवरण निम्न प्रारूप में संबंधित कार्मिक अधिकारी को दिनांक 31.10.2026 तक समर्पित करें।

1	आवेदक का नामः-	8	सेवानिवृत्ति के प्रकार (सामान्य/ स्वैच्छिक /अनिवार्य):-
2	भूतपूर्व कर्मचारी का नामः-	9	भू०पू० कर्मचारी की मृत्यु की तिथिः-
3	पदनाम एवं अंतिम कार्यस्थलः-	10	अंतिम वेतन एवं वेतनमानः-
4	भू०पू० कर्मचारी के साथ आवेदक/आवेदिका का संबंधः-	11	वर्तमान पताः-
5	सेवानिवृत्ति के समय नियंत्रक अधिकारीः-	12	पेंशन भुगतान आदेश संख्याः- (प्रति संलग्न करें)
6	सेवानिवृत्ति की तिथिः-	13	शिकायतों का विस्तृत विवरणः-
7	आवेदक का मोबाईल संख्या	14	आवेदक का हस्ताक्षर

अपनी शिकायत एक लिफाफा में ऊपर दिये गये प्रारूप में जिसके ऊपर **पेंशन अदालत 15.12.2026** लिखा हो, उपरोक्त संबंधित कार्मिक अधिकारी को भेजें जिसे दिनांक 31.10.2026 तक अथवा इसके पूर्व उन्हें अवश्य पहुँच जाना चाहिए।

कृपया ध्यान दें कि वे शिकायतें जो पेंशन से जुड़ी नहीं हैं जैसे अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के लिए प्रार्थना, आश्रितों के नियोजन, कालबद्ध वेतन का भुगतान, भत्तों एवं वेतन की बढोतरी आदि, पेंशन अदालत के विचारणीय नहीं होगी।

सेवानिवृत्त जीवन के 15 वर्ष पूरा कर चुके सेवा निवृत्त रेलवे कर्मचारी कृपया ध्यान दें:- सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी कम्यूटेशन (सांराशीकरण) की तिथि से 15 वर्ष पूरा होने पर पेंशन (वर्तमान पेंशन + सांराशीकरण) के भुगतान हेतु कृपया पेंशन वितरण पदाधिकारी (अर्थात् बैंक /डाकघर आदि) से सीधा सम्पर्क करें।

सहायक कार्मिक अधिकारी/एमपीपी
पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर

पीआर/1149/एचक्यू/कार्मिक/एन/26-27/216



इच्छा, दुःख और लाभ से मुक्ति

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

सुख, दुःख, इच्छा और लाभ -ये केवल बाह्य परिस्थितियाँ नहीं, वरन मानवीय मन के आंतरिक रुझान और वृत्तियाँ हैं। जीवन की वास्तविक साधना इन चारों वृत्तियों के प्रति आसक्ति के परित्याग में निहित है। जब मनुष्य सुख को बलपूर्वक पकड़ने की चेष्टा करता है, तब वही सुख दुःख में परिणत हो जाता है। अतः सुख की चाह का त्याग ही श्रेयस्कर है, जिससे दुःख स्वतः लुप्त हो जाता है। दुःख के आगमन पर विचलित हुए बिना, त्याग और समर्पण के माध्यम से उससे दूरी बनाना ही स्वाभाविक मार्ग है। मानव मन की एक विकृति यह भी है कि वह दुःख में भी एक प्रकार के विकृत रस का अनुभव करने लगता है। लोग चिकित्सकों द्वारा किसी गंभीर व्याधि की घोषणा पर आंतरिक संतुष्टि का अनुभव करते हैं अथवा चलचित्रों में दुखांत दृश्यों को देखकर आनंद पाते हैं। अतः दुःख का भी समूल त्याग आवश्यक है। इच्छा का निरंतर चिंतन मन में एक ज्वर उत्पन्न करता है, जो वर्तमान के आनंद को नष्ट कर देता है। इच्छा भविष्य का छलावा है, जबकि आनंद वर्तमान की स्थिति है। सांसारिक गृहस्थों हेतु इच्छाओं का दमन करने के स्थान पर, उन्हें ईश्वर या गुरु के चरणों में समर्पित कर देना ही मन को शांत करने का उपाय है। समर्पण से ही इच्छाओं की तृप्ति और मन की स्थिरता संभव है। लाभ का निरंतर चिंतन मनुष्य को लोभी और जड़ बनाकर प्रसन्नता से वंचित कर देता है। लाभ के त्याग का अर्थ व्यापार में स्वेच्छा से हानि उठाना नहीं, अपितु लोभ के मानसिक ज्वर से मुक्त होकर धर्म और बुद्धिमानी से व्यवहार चलाना है, क्योंकि यह नश्वर शरीर अंततः मिट्टी में विलीन होने वाला है। आध्यात्मिक प्रगति में काले प्रतीक्षमाणे अर्थात् धैर्यपूर्वक काल की प्रतीक्षा का विशेष महत्त्व है। किसी शिक्षक या गुरु द्वारा निर्दिष्ट नियमों और विधियों का धैर्य पूर्वक अभ्यास किया जाना चाहिए। चेतना में निष्कपट विश्वास होना चाहिए। जीवंत प्रतीक्षा मन की जड़ता को नष्ट कर देती है। प्रतीक्षा के सिद्धांत का पालन करते हुए, हमें अपने जीवन को व्यर्थ के कार्यों में नहीं गंवाना चाहिए। एक सच्चा प्रेमी और साधक सदैव उपयोगी कर्मों में लीन रहकर संपूर्ण वातावरण को शांति, सामरस्य और प्रेम के परमाणुओं से शुद्ध करता है, जिससे समाज में व्याप्त क्रोध और दुःख की ऊर्जा स्वतः विलीन होने लगती है।

आध्यात्मिक प्रगति में काले प्रतीक्षमाणे अर्थात् धैर्यपूर्वक काल की प्रतीक्षा का विशेष महत्त्व है। किसी शिक्षक या गुरु द्वारा निर्दिष्ट नियमों और विधियों का धैर्य पूर्वक अभ्यास किया जाना चाहिए। चेतना में निष्कपट विश्वास होना चाहिए। जीवंत प्रतीक्षा मन की जड़ता को नष्ट कर देती है।



सोनाक्षी सिन्हा : 16 साल में 31 फिल्में, मात्र 6 हिट

मुंबई (एजेंसी)। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति अभिनेता जहीर इकबाल जल्द 'तू है मेरी किरण' फिल्म में साथ नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर भी सामने आ गया है। बीते दिनों में सोनाक्षी की कई फिल्में आईं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं कर पायी हैं। एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अबतक 31 फिल्में कर चुकी हैं, जिनमें से कुछ हिट रहीं, तो वहीं ज्यादा फिल्म फ्लॉप साबित हुईं। सोनाक्षी ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म दबंग (10 सितंबर 2010) के साथ की थी। इसमें उनके साथ सलमान खान नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी और इसने 138.88 करोड़ का कलेक्शन किया था। साल 2012 सोनाक्षी के लिए काफी खास रहा। इस साल अपनी झोली में चार सुपरहिट फिल्में डालकर वह भारत की लीड एक्ट्रेसेज में शामिल हो गईं। लेकिन करियर के शुरुआती वर्षों में मिली ये शोहरत ज्यादा समय तक नहीं रह सकी। 2012 में जहां सोनाक्षी की लगभग सभी फिल्में हिट रही, वहीं उनके करियर का ग्राफ 2013 के बाद से ऐसा गिरा की उठ ही नहीं पाया। 2013 के बाद सोनाक्षी ने करीब 20 फिल्में की, जिनमें से एक-दो को छोड़कर सभी फ्लॉप साबित हुईं। 2012 के बाद सोनाक्षी ने खुद सिंगल लीड के तौर पर भी कुछ फिल्में की, जैसे- अकीरा, निकिता रॉय, लेकिन वो भी नहीं चल पायी।

शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों को मिलेंगे 2 करोड़

कानून-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम रेवंत रेड्डी

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ड्यूटी के दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के लिए दो करोड़ के मुआवजे का ऐलान किया है। राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह ऐलान किया। वहीं मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ऐलान किया कि पुलिस डिपार्टमेंट में सभी खाली पदों पर 2028 तक भर्तियां कर दी जाएंगी।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने होमगार्ड के लिए अनुग्रह राशि (एक्स-ग्रेशिया) को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की भी घोषणा की।

बता दें कि सीएम रेवंत रेड्डी हैदराबाद के गोशामहल पुलिस स्टेडियम में पुलिस शहीद स्मारक पर पुलिस स्मृति दिवस समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी भी ली।

मुख्यमंत्री ने डीएसपी के पदों पर बहाली का जिक्र करते हुए कहा कि तेलंगाना के इतिहास में 110 डीएसपी पदों पर भर्ती एक अभूतपूर्व कदम है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में अधिक संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने और न्याय दिलाने में देरी से बचने की अपील की। सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि पुलिस युवाओं को ड्रग्स लत से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।




विजया दशमी के मौके पर थाना क्षेत्र के तमाम जनता को हमारी तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाइयां। थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और शांति रखना हमारी प्राथमिकता।

सुनील कुमार मंडल
(पु.अ.नि.)
थाना-राजनगर (मधुबनी)

नीट में आरक्षण की मांग खारिज

एमबीबीएस में बुजुर्गों को1 प्रतिशत कोटा देने से इलाहाबाद हाई कोर्ट का इनकार

इलाहाबाद (एजेंसी)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में एक सिंगल जज के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें नीट के जरिये एमबीबीएस और दूसरे मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए एलिजिबल बुजुर्गों के लिए 1 प्रतिशत आरक्षण या स्पेशल कोटा की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था। जस्टिस राजन रॉय और जस्टिस मंजीव शुक्ला की बेंच ने अशोक बहार की स्पेशल अपील का निपटारा करते हुए कहा कि प्रस्तावित आरक्षण पर संबंधित लेजिस्लेचर या संबंधित सरकार को विचार करना चाहिए। बेंच ने कहा कि अभी प्रस्तावित आरक्षण के लिए कोई प्रोविजन नहीं है और पिटीशनर के रिप्रेजेंटेशन में ऐसा कोई लागू करने लायक अधिकार शामिल नहीं था, जिसके लिए रिट ऑफ मैंडेमस की जरूरत हो। कोर्ट ने कहा, एमबीबीएस और दूसरे मेडिकल कोर्स में एडमिशन के मामले में एलिजिबल बुजुर्गों के लिए आरक्षण की मांग करने वाला रिप्रेजेंटेशन ऐसे किसी भी अधिकार पर आधारित नहीं है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, अशोक



बहार ने हाई कोर्ट में अर्जी देकर अधिकारियों को उनके रिप्रेजेंटेशन पर विचार करने और नीट के जरिये एमबीबीएस और दूसरे मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए एलिजिबल सीनियर सिटिजन्स के लिए 1 प्रतिशत रिजर्वेशन या स्पेशल कोटा देने पर सही पॉलिसी फैसला लेने का निर्देश देने की मांग की थी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश देने की मांग की थी कि वे 23 जून, 2026 की उनकी पेंडिंग रिप्रेजेंटेशन पर एक तय समय में एक तर्कपूर्ण और बोलने वाला ऑर्डर पास करके फैसला करें। सिंगल जज ने पहले रिट पिटीशन को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि मामला पॉलिसी से जुड़ा है। पिटीशनर की मांगी गई रिट ऑफ मैंडेमस जारी करने से मना कर दिया था। उस ऑर्डर को चुनौती देते हुए, बहार ने मौजूदा इंट्रा-कोर्ट अपील की।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के वकील ने डिवीजन बेंच के सामने कहा कि एनटीए सिर्फ एग्जामिन करने वाली बॉडी है और एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन के लिए मौजूदा कानूनों और पॉलिसी के हिसाब से चलती है। बेंच को बताया गया कि अभी तक, अपील करने वाले ने जैसा मांगा है, वैसा कोई प्रोविजन मौजूद नहीं है। यह मामला वैसे भी संबंधित लेजिस्लेचर या सरकार के दायरे में आता है। बेंच ने अपने ऑर्डर में आगे कहा कि पिटीशनर का रिप्रेजेंटेशन कोई कानूनी रिप्रेजेंटेशन नहीं था, बल्कि इसे मैंडेमस मांगने वाली रिट पिटीशन को बनाए रखने के लिए जरूरी शर्तों को पूरा करने के लिए पेश किया गया था।



दुर्गापूजा दीपावली एवं छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

विपिन कुमार सिंह
सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी
(विशेष सर्वेक्षण)
बारसोई (कटिहार)



सभी गयावासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं।

सुभाष कुमार
गुरुआ गया जी
अंचल आर ओ



सीएम शुभेंदु ने दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के इंतज़ामों की समीक्षा की

कोलकाता (एजेंसी)। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कोलकाता के बाबूघाट में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के इंतज़ामों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मूर्ति विसर्जन को लेकर ऐसी टिप्पणी की जिससे सियासी हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सनातन धर्म को मानते हैं, वही मूर्ति को हाथ लगाएंगे। उन्होंने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के समय हिंदू परंपरा और विरासत के बारे में बात करते हुए यह बात कही। इसको लेकर पश्चिम बंगाल में राजनीति शुरू हो गई है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पवित्रता बनाए रखने के लिए हमें अपनी परंपरा, रीति-रिवाज, शास्त्रों को मानना होगा, जो हज़ारों सालों से चले आ रहे हैं। यह एक धार्मिक रस्म है। बेशक, त्योहार तो है लेकिन त्योहार सेकेंडरी हैं। प्राइमरी बात धार्मिक परंपरा को सही तरीके से बनाए रखना है। मैंने तो यहां तक कहा है कि जो लोग यहां माता को ले जाएंगे, उनका नाम, पहचान रखेंगे। सिर्फ सनातन को मानने वाले ही मूर्ति को हाथ लगाएंगे। इसमें कोई कम्युनलिज्म नहीं है।

पश्चिम बंगाल में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। कोलकाता के चोरबागान में पंडाल हादसे के बाद पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही है। चोरबागान दुर्गा पंडाल में भगदड़ मचने से 19 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना



के मद्देनजर विसर्जन को लेकर पूरी चौकसी बरती जा रही है। खुद मुख्यमंत्री भी दुर्गा विसर्जन घाटों का दौरा कर इंतजामों का जायजा ले रहे हैं। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर अजय कुमार नंद और कोलकाता म्युनिसिपल कमिश्नर स्मिता पांडे के साथ, अधिकारी ने बाबूघाट में इंतज़ामों का जायज़ा लिया और बिजय दशमी पर विसर्जन प्रोसेस को आसानी से चलाने के तरीकों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा, और भी सावधानी बरती गई है, और सिक्योरिटी इंतज़ाम मज़बूत किए गए हैं। हथकरघा भी सिक्योरिटी इंतज़ामों में शामिल है। विसर्जन खत्म होने के बाद सफ़ाई का काम किया जाएगा। कोलकाता और आसपास के तीन पुलिस कमिश्नरेट में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की निगरानी के लिए 18 आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारियों को तैनात किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन 18 अधिकारियों में से 12 को कोलकाता में तैनात किया गया है जबकि छह अन्य अधिकारी हावड़ा, बैरकपुर और चंदननगर आयुक्तालयों में विसर्जन प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा, ये आईपीएस अधिकारी बुधवार से 24 अक्टूबर तक विसर्जन गतिविधियों की निगरानी करेंगे। सभी अधिकारियों के लिए अलग-अलग ड्यूटी कार्यक्रम तैयार किया गया है।

18 आईपीएस अधिकारी तैनात

राज्यपाल और सीएम ने दी बधाई

वहीं पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर.एन.रवि और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने लोगों को बुधवार को विजयादशमी की बधाई दी और सभी के लिए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। राज्यपाल रवि ने अपने संदेश में इस अवसर को बुराई पर अच्छाई की शाश्वत जीत का प्रतीक बताया, जो देवी दुर्गा की महिषासुर पर और भगवान राम की रावण पर विजय में परिलक्षित होती है। मुख्यमंत्री ने बुराई के विनाश और परोपकारी शक्तियों की जीत की कामना की। साथ ही, उन्होंने बंगाल की विरासत, सद्भाव और भाईचारे पर जोर दिया। राज्य के लोगों को हार्दिक बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी के लिए सुख, शांति, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने यह आशा जताई कि बंगाल की विरासत, सद्भाव और भाईचारे के बंधन और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा, शुभो बिजोय।

अमेरिका की पैरवी करने ईरान पहुंचे आसिम मुनीर

तेहरान (एजेंसी)। ईरान अपना एक ग्राम यूरेनियम भी देश के बाहर नहीं भेजेगा। ये फैसला ईरान के सिक्योरिटी चीफ मोहसिन रेजाई ने पाकिस्तान को सुना दिया है, जो अमेरिका की पैरवी कर रहा है। रेजाई ने पाकिस्तान से दो टूक कहा है कि तेहरान एक ग्राम यूरेनियम भी देश के बाहर नहीं भेजेगा। मोहसिन रेजाई ने यह बात मंगलवार को पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसीम मुनीर के साथ बातचीत में कही है। बता दें कि पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता बहाल करने की कोशिश के तहत तेहरान पहुंचे थे।

मोहसिन रेजाई ने पाक को सुना दिया फैसला

ईरान के सिक्योरिटी चीफ मोहसिन रेजाई ने पाकिस्तान को साफ साफ बता दिया है कि जब तक अमेरिका उसकी मांगे पूरी नहीं करता है, तब तक वह उसके साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार, देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी मोहसिन रेजाई ने कहा, ईरान की परमाणु सामग्री ईरानी लोगों के लिए एक बड़ी संपत्ति और राष्ट्रीय संपदा है, जिसका इस्तेमाल देश के भीतर ही किया जाना है। रेजाई ने एक्स पर एक पोस्ट में भी इस बात को दोहराया है। पाकिस्तान के चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और गृह मंत्री मोहसिन नकवी मंगलवार को ईरान पहुंचे हैं। आसिम मुनीर के दौरे के बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका से बातचीत तभी होगी, जब वॉशिंगटन उसकी सभी शर्तें पूरी करने के लिए कदम उठाएगा। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता की कोशिशों के बावजूद ईरान ने अपना रुख और सख्त कर दिया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ चर्चा की। हालांकि इसका कोई फायदा नहीं दिख रहा है। ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फरवरी में शुरू हुए युद्ध के बाद एक दो बार नहीं, पांचवीं बार ईरान पहुंचे हैं। इस बार के ईरान दौरे में मुनीर ईरानी अधिकारियों और विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय हालात और अमेरिका के साथ ईरान के तनाव कम करने के कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा करेंगे।

आधा सेंटीमीटर से भी छोटे छेद से दूरबीन द्वारा फुल स्पाईन की हर तरह के ऑपरेशन के लिए पूर्वी भारत का पहला केन्द्र

- कोई चीरा नही
- बेहोशी की जरूरत नही
- कम खर्च / रियायती
- खून चढ़ाने की जरूरत नही
- दो घंटे में चलना, दर्द रहित
- अगले दिन छुट्टी

KINGS WAY PATNA

किंग्सवे मेडिकल सेन्टर, पटना
Mob. : 7033000109
(पी.जी. आई. चंडीगढ़ के डाक्टरों द्वारा संचालित)
देश व दुनिया के सर्वोच्च संस्थानों में कार्य अनुभव



डा. आनंद भूषण
MBBS (मणिपाल), MS ऑर्थो, राजस्थान (गोल्ड मेडल)
SRD (पी.जी.आई., चंडीगढ़)
किंग्स कॉलेज, लंदन, UK ● WWL हॉस्पीटल, राइन्टिंगटन, इंग्लैंड
हड्डी जोड़, नस, लिगामेंट एवं गठिया रोग विशेषज्ञ
स्पाईन एंडोस्कोपी व ज्वाइंट सर्जन (दूरबीन पद्धति)

भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर ट्रंप का बड़ा बयान

वॉशिंगटन (एजेंसी)। भारत और अमेरिका ट्रेड डील (व्यापार समझौता) के काफी करीब पहुंच चुके हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह समझौता पहले किए गए समझौतों से काफी अलग होगा। मंगलवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब पहुंच गए हैं। एक सवाल के जवाब में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, वे (भारत) समझौता करना चाहते हैं। हम समझौता करेंगे। हां, हम इसके काफी करीब हैं। यह समझौता अब तक किए गए हमारे समझौतों से काफी अलग होगा।%

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की यात्रा के दौरान व्यापार, ऊर्जा, टेक्नोलॉजी, रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। मार्को रुबियो ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि दोनों पक्ष एग्रीमेंट को फाइनल करने के करीब हैं, बस कुछ ही मुद्दों पर बात होनी बाकी है। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि हम बिना किसी एग्रीमेंट के जितना करीब हो सकते हैं, उतने करीब हैं। मुझे लगता है कि कुछ ही चीजें बाकी हैं जिन्हें पूरा करना है। रुबियो ने उम्मीद जताई कि बाकी मुद्दे जल्द ही सुलझ जाएंगे, जिससे ट्रेड डील की घोषणा का रास्ता साफ हो जाएगा। और शायद इसके बाद दोनों देशों के नेता इस पर साइन कर सकते हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस महीने की शुरुआत में व्यापार समझौते की बारीकियों पर चर्चा करने के लिए मिल्वॉकी और वाशिंगटन में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर से मुलाकात की थी। बता दें कि भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिए जाने की फरवरी में घोषणा की थी।

हिंदू मंदिर में गोलीबारी की साजिश की जांच हेट क्राइम मानकर करें

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के 100 से ज़्यादा सांसदों ने एफबीआई निदेशक काश पटेल को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इलिनोइस के एक हिंदू मंदिर में हुई सामूहिक गोलीबारी की कोशिश की जांच एक फेडरल हेट क्राइम (नफरत से प्रेरित अपराध) के तौर पर की जाए। उन्होंने भारतीय-अमेरिकियों को निशाना बनाने वाली ऑनलाइन धमकियों से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी जवाब मांगा है।

अमेरिकी सांसदों ने एफबीआई निदेशक को लिखा पत्र

कांग्रेस सदस्य राजा कृष्णमूर्ति के नेतृत्व में सांसदों का ये पत्र शिकागो के पास ऑरोरा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में एक 19 साल के बंदूकधारी द्वारा गोलीबारी करने की कोशिश के कुछ दिनों बाद आया है। बंदूक (शॉटगन) जाम हो जाने के कारण उसकी योजना नाकाम हो गई थी, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई थी। कांग्रेस के 105 सदस्यों (जिनमें चार अमेरिकी सीनेटर भी शामिल हैं) के इस पत्र में ट्रंप प्रशासन के बयानों की भी आलोचना की गई है। इसमें कहा गया है कि इन बयानों ने नस्लीय और धार्मिक रूढ़ियों को जायज ठहराने का काम किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य प्रमिला जयपाल, रो खन्ना, अमी बेरा, सुहास सुब्रमण्यम भी शामिल हैं। उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (गृह सुरक्षा विभाग) की एक पोस्ट का हवाला दिया, जिसमें एक सिख व्यक्ति की तस्वीर के साथ ये संदेश था- हमारी सड़कों से हट जाओ, तुम्हें गाड़ी चलानी नहीं आती, मिस्टर सिंह। इसके अलावा, उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन (शिक्षा विभाग) की एक पोस्ट का भी जिक्र किया, जिसमें मेक कॉलेज फुटबॉल ग्रेट अगेन लिखा था। ये पोस्ट तब आई थी जब टेक्सास के एक रिपब्लिकन ने यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के फुटबॉल मैच में दक्षिण एशियाई लोगों के शामिल होने पर शिकायत की थी।



20 अक्टूबर को लिखे गए पत्र में सांसदों ने कहा, हमें इस बात की भी गहरी चिंता है कि प्रशासन की ओर से आए संदेशों ने इन समुदायों के प्रति नफरत को कम करने के बजाय उसे और बढ़ाने का काम किया है। सांसदों ने कहा कि नस्लीय नफरत, धार्मिक संदर्भ और बड़े पैमाने पर हिंसा की तैयारियों का ये मिला-जुला रूप एक व्यापक संघीय प्रतिक्रिया की मांग करता है। सांसदों ने ये जानने की कोशिश की कि क्या एफबीआई अरोरा मामले में संभावित नस्लीय, जातीय और धार्मिक पूर्वाग्रह की जांच कर रही है, क्या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या दूसरे व्यक्तियों ने कथित साजिश को बढ़ावा दिया है और पूजा घरों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने सितंबर 2026 की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें जनवरी 2025 और जून 2026 के बीच एक्स पर 5,42,000 से अधिक दक्षिण एशियाई विरोधी घृणित पोस्ट की पहचान की गई, जनवरी 2024 से जून 2026 तक मासिक मात्रा लगभग 240 प्रतिशत बढ़ गई।

अब आपके शहर पटना में राम मनोहर लोहिया हास्पीटल, नई दिल्ली के 25 वर्षो के अनुभवी प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 ए0 के ठाकुर उपलब्ध है।

HEALTHY HEART CLINIC
Dr. A. K. THAKUR
MD, DM, CARDIO (Gold Medalist)
PGI, RML Hospital, New Delhi
Visiting Consultant at
Asian City Hospital, Patna



ECG, ECHO, HOLTER, TMT, ABPM, ILR, ANGIOGRAPHY, ANGIOPLASTY, PACEMAKER ICD, CRTD इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।
आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री राहत योजना एवं TPA / इंश्योरेंस से कैशलेस इलाज की व्यवस्था
Adult Vaccination Available
एम 2/36, श्रीकृष्णापुरी, मिश्रा फार्मा के बगल में, कृष्णा अपाटमेंट के सामने, बोरिंग रोड, पटना
7061824674, 7250257778